



राहुलयान की न लॉन्चिंग हो पाई, न लैंडिंग... 12
जंगल से निकाल कर आबादी से सटे धान के खेत... 10




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 321
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 05 सितंबर, 2023


# बाराबंकी में तीन मंजिला इमारत गिरी, 3 की मौत

## 8 घंटे बाद एक को मृत निकाला, 1 अब भी मलबे में दबा, कमजोर नींव पर खड़ी कर दी इमारत

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

बाराबंकी में तीन मंजिला घर गिरने के आठ घंटे बीतने के बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मलबे के नीचे फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम के सदस्य मशक्कत कर रहे हैं। अब तक मलबे में फंसे 15 लोगों को बाहर निकाला गया है, जिनमें तीन की मौत हुई है। तीसरा शव दोपहर करीब एक 2 बजे मलबे से निकाला गया। बताया जा रहा है कि जो घर गिरा है। वह 20 साल पुराना था। बाद में कमजोर नींव पर ही तीन मंजिला बिल्डिंग बनवा ली। घटना फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र की है। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि हाशिम नाम के व्यक्ति का 3 मंजिला गिर गया है। हादसे के वक्त घर में 16 लोग थे। सभी सो रहे थे। हादसे में अब तक 15 का रेस्क्यू किया गया है। इसमें 3 की मौत हो गई। एक अभी भी मलबा में दबा हैं। एनडीआरएफ की टीम निकालने की कोशिश कर रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि धमाके जैसी तेज आवाज से उनकी नींद खुली। बाहर निकलकर देखा तो हाशिम का पूरा मकान गिर चुका था। घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। डॉयल-112 को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंच गए। हादसे की भयावहता को देखते हुए एसडीआरएफ को बुलाया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल भेजा गया।



### रेफर घायलों के नाम

- जैनब फातिमा पुत्री इस्लामुद्दीन, उम्र 8 वर्ष
- कुलसुम पत्नी इस्लामुद्दीन, उम्र 47 वर्ष
- जफरूल हसन पुत्र इस्लामुद्दीन, उम्र 20 वर्ष
- महक पुत्री मोहम्मद हाशिम, उम्र 12 वर्ष
- शकीला पत्नी मोहम्मद हाशिम, उम्र 50 वर्ष
- सलमान पुत्र मोहम्मद हाशिम, उम्र 26 वर्ष
- सुलतान पुत्र मोहम्मद हाशिम, उम्र 24 वर्ष
- समीर पुत्र मोहम्मद हाशिम, उम्र 16 वर्ष

### मृतकों के नाम

- हकीमुद्दीन पुत्र इस्लामुद्दीन, उम्र 28 वर्ष
- रोशनी बानो पुत्री मोहम्मद हाशिम, उम्र 22 वर्ष
- दानिश पुत्र मोहम्मद हाशिम, उम्र 15 वर्ष

### घायलों के नाम

- इमामुद्दीन पुत्र इस्मलामुद्दीन, उम्र 25 वर्ष
- मोहम्मद आजम पुत्र मोहम्मद हाशिम, उम्र 21 वर्ष
- सायना परवीन पत्नी आफताब आलम, उम्र 28 वर्ष
- जैनब पुत्री आफताब आलम, उम्र 14 वर्ष
- बिलाल पुत्र आफताब आलम, उम्र 9 वर्ष

*सीएम योगी ने बाराबंकी में बिल्डिंग गिरने से हुए हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने अफसरों को अस्पताल पहुंचकर मदद के निर्देश दिए हैं।*




### राबिया ने बताया, शायद सिलेंडर फटने की हुई घटना

हाशिम की रिश्तेदार राबिया सिद्दकी पड़ोस में रहती हैं। उन्होंने बताया, घर गिरने की सूचना पर हम लोग वहां पहुंचे। मलबे से लोगों को निकालकर अस्पताल लेकर आए। घर तीन मंजिल था। किराएदार कोई नहीं रहता था। सब फैमिली के लोग रहते थे। घर में इलेक्ट्रानिक की दुकान थी। उसी का काम होता था। बैट्री का काम नहीं होता था। घर में दो सिलेंडर थे। बहू ऊपर खाना बनाती थी। मेरी ननद नीचे खाना बनाती थी। इस कारण लगता है कि सिलेंडर फटने की वजह से घटना हुई हो। आसपास के लोगों ने बताया कि हाशिम का घर 20 साल पुराना था। बाद में उसी पुराने मकान पर ही तीन मंजिला बिल्डिंग बनवा ली। ऐसे में माना जा रहा है कि नींव कमजोर होने के कारण पूरा मकान गिर गया। बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर प्रशासन ने बिना अनुमति के बिल्डिंग क्यों बनने दी।

### घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर किया रेफर

एसपी बाराबंकी दिनेश सिंह ने बताया, लखनऊ से एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई है। 12 लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया था। इनमें से दो की मौत हो गई। अन्य गंभीर को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। 8 घंटे बाद रेस्क्यू कर दानिश नाम के शख्स को निकाला गया है। जिसको डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।



## मथुरा वृंदावन बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर मामला में अगली सुनवाई 18 को

**जन एक्सप्रेस | मथुरा**

इलाहाबाद हाई कोर्ट मथुरा वृंदावन में प्रस्तावित बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर तथा यमुना घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर दाखिल याचिकाओं की सुनवाई 18 सितंबर को करेगी। याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर तथा तथा न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने की। कोर्ट ने सभी पक्षों के वकीलों से कहा था कि यह ऐसा मामला है कि इसमें मिल बैठकर आपस में इसका निदान किया जा सकता है। कोर्ट ने इस मामले को मध्यस्थता द्वारा हल किए जाने पर बल दिया। महाधिवक्ता कैंप कार्यालय में इसी मुद्दे पर सहमति के लिए सभी पक्षों की 27 अगस्त को बैठक हुई किंतु सहमति नहीं बन सकी। अनंत शर्मा व अन्य तथा महन्त मधु मंगल दास व कई अन्य की तरफ से जनहित याचिका दाखिल की गई है। सरकार की तरफ से प्रदेश के अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल तथा मुख्य स्थाई अधिवक्ता कुणाल रवि ने सरकार का पक्ष रखा। बांके बिहारी मंदिर की तरफ से सेवायतों के अधिवक्ता ने कहा था कि मंदिर उनका है और मंदिर में मिलने वाला दान पर उनका हक है। सरकार इस पैसे को विकास के नाम पर उनसे नहीं ले सकती। बहरहाल, कोर्ट जनहित याचिकाओं पर आगामी 18 सितंबर को सुनवाई करेगी।

## ज्ञानवापी में सर्वे के लिए और समय मांगने पर मुस्लिम पक्ष ने जताई आपत्ति, अब 8 को सुनवाई



**जन एक्सप्रेस | वाराणसी**

ज्ञानवापी परिसर का सर्वे पूरा करने और रिपोर्ट पेश करने के लिए 8 सप्ताह का समय मांगने के एएसआई के प्रार्थना पत्र पर मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने विरोध किया है। सोमवार को जिला जज की अदालत में मसाजिद कमेटी ने आपत्ति दाखिल कर कहा कि जो हलफनामा कोर्ट में दिया है उसके विपरित सर्वे किया जा रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को जीपीआर तकनीक से सर्वे की अनुमति है लेकिन ज्ञानवापी परिसर में जगह-जगह खोदाई की जा रही है। मलबे को ट्रक से हटाया जा रहा है। एएसआई टीम द्वारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सर्वे के लिए और समय नहीं देकर न्याय किया जाए। एएसआई ने की है 56 दिन की मांग इस पर जिला जज की अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 8 सितंबर की तिथि तय की। इसी दिन ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मूल वाद में लंबित अन्य आवेदनों पर भी सुनवाई होनी है। फिलहाल, सर्वे जारी है। इसकी रिपोर्ट अदालत को नहीं दी जा सकी है। बीते शुक्रवार को ही एएसआई ने ज्ञानवापी के सर्वे और उसकी रिपोर्ट तैयार करने के लिए आठ सप्ताह (56 दिन) का समय मांगा था। एएसआई की तरफ से स्टैंडिंग काउंसिल अमित श्रीवास्तव ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर का एएसआई वैज्ञानिक जांच-सर्वे कर रहा है। पुरातत्वविदों, पुरालेखविदों, सर्वेक्षणकर्ताओं, फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर और अन्य तकनीकी कर्मियों की टीम लगी है।

### एएसआई ने कहा, मलबे की सफाई में लग रहा वक्त

स्टैंडिंग काउंसिल ने दाखिल अर्जी के माध्यम से कहा कि सर्वे और जांच के दौरान बहुत सारी वस्तुएं मिली हैं। ढीली मिट्टी और निर्माण सामग्री है। ईंट, कचरा व मलबा मिल रहा है। वैज्ञानिक रूप से संरचनाओं की जांच करने के लिए कार्यशील फर्श के स्तर से ऊपर के मलबे आदि की सफाई जारी है। चूंकि अदालत ने सभी तहखानों की जमीन के नीचे सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है, इसलिए यह आवश्यक है कि वहां डंप या जमा मलबा खड़े ढांचे को कोई नुकसान पहुंचाए बगैर हटा दिया जाए। मलबा बहुत सावधानी से और व्यवस्थित ढंग से हटाया जा रहा है, जो एक धीमी प्रक्रिया है। न्यायालय के निर्देशानुसार सभी तहखानों की जमीन के सर्वे के लिए साफ करने में कुछ और समय लगेगा। ऐसे में सम्मानपूर्वक प्रार्थना की जाती है कि रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एएसआई को आठ सप्ताह का और समय दिया जाए।

# 'गांवों के विकास के बिना प्रदेश और देश का विकास संभव नहीं'

**यूपी के गांवों का एक आदर्श स्वरूप दिखे इसके लिए हमें काम करना है: केशव**

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित खण्ड विकास अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस कार्यशाला में प्रदेश के समस्त विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी शिरकत कर रहे हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांवों के विकास के बिना प्रदेश व देश का विकास संभव नहीं है। जब गांव का सर्वांगीण विकास हो जाता है तब विकास की पूर्णता होती है। आज भी अधिकांश आबादी गांव में रहती है। गांव के लिए हमारे पास योजनाएं भी



हैं। अपेक्षाएं भी हैं उसे पूरा करने वाले आप सब यहां बैठे हैं। उन्होंने कहा कि 2047 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को बनाने का जो लक्ष्य है। गांवों को अगर हम विकसित नहीं करेंगे तो वह स्वप्न साकार नहीं हो पायेगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार पर रोक लगानी है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत, भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश, भ्रष्टाचार मुक्त जिला, भ्रष्टाचार मुक्त ब्लाक व भ्रष्टाचार मुक्त गांव होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व में अब स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट विलेज की चर्चा हो रही है। इसलिए हर ब्लाक से कम से कम 10 ग्राम सभाओं को चयनित कर जो विकास में पीछे छूट गयी हैं उनको विकास की मुख्यधारा में लाने का संकल्प लेकर जायें।

### गांवों को आदर्श स्वरूप प्रदान करें

डिप्टी सीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों से अपील की है कि वह गांवों को आदर्श स्वरूप प्रदान करें। अमृत सरोवर जो आपकी उपलब्धि है उसे सुन्दर व आकर्षक बनायें उस पर अमृत वाटिका लगवायें। विलुप्त नदियां व नालों को मनरेगा के माध्यम से पुनर्जीवित कराएं। उन्होंने कहा कि 2025 के कुंभ में 50 करोड़ लोग प्रयाग आयेंगे । यह हमारे लिए गर्व की बात है। आज उत्तर यूपी में कई तीर्थस्थल हैं उनका बडे पैमाने पर विकास हुआ। पहले वाराणसी में 15 से 20 हजार श्रद्धालु आते थे अब इस समय दो से तीन लाख लोग प्रतिदिन आ रहे हैं। अब अयोध्या में भी राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। मां विन्यवासिनी और मथुरा वृन्दावन का विकास हो रहा है। देश के कोने कोने से लोग यूपी आते हैं। जो लोग अयोध्या आयेंगे कुछ लोग अपने—अपने साधनों से आयेंगे। इसलिए बाहर से आने वाले लोगों को यूपी के गांवों का एक आदर्श स्वरूप दिखे इसके लिए हमें काम करना है।

### सरकारी योजनाओं पर गरीबों का पहला हक

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार के पास जो संसाधन है उस पर गरीबों का पहला हक है। इसलिए सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को दें लेकिन उन्हें काम करने के लिए प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि हर घर नल से अभियान चल रहा है। उसकी प्रशंसा की जगह आलोचना हो रही है। इसलिए जो लोग पाइप बिछाने का काम कर रहे हैं सड़क बनाकर सौंपने की जिम्मेदारी भी उनकी है। यह भी हमें देखना है। गांव से भागकर लोग शहर आयें इसे रोकना होगा।

# अंतरिक्ष से जुड़ी जिज्ञासाएं शांत करेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

## विश्वविद्यालय में अंतरिक्ष संबंधी चीजों पर अध्ययन करने के लिए एक नया एस्ट्रोनॉमी रिसर्च सेंटर बनने जा रहा है

**लखनऊ विश्वविद्यालय और व्राटिनो टेक्नोलॉजी, गोरखपुर के बीच एम ओ यू पर हस्ताक्षर**

**जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अंतरिक्ष और उससे जुड़ी तमाम जानकारियां को जानने की इच्छा सभी में जगी है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरिक्ष पर अध्ययन के लिए कारगर पहल की है। विश्वविद्यालय में अंतरिक्ष से जुड़ी हुई



चीजों पर अध्ययन करने के लिए एक नया एस्ट्रोनॉमी रिसर्च सेंटर बनने जा रहा है। इसे लेकर लखनऊ यूनिवर्सिटी और गोरखपुर की व्राटिनो टेक्नोलॉजी ने भारतीय खगोल तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किया है।

लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने भारतीय खगोल तकनीक को बढ़ावा देना के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय और व्राटिनो टेक्नोलॉजी, गोरखपुर के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग ( एम ओ यू ) पर हस्ताक्षर किया है।

### विश्वविद्यालय के प्लैनेटोरियम को भारत की पहली स्वदेशी खगोल विज्ञान शोधशाला के रूप में स्थापित किया जाएगा

एम ओ यू का उद्देश्य भारतीय खगोल तकनीक को बढ़ावा देना है। इस ऐतिहासिक एम ओ यू का महत्व इससे समझा जा सकता है कि यह भारत को खगोल अन्वेषण के नए युग में पहुंचाने हेतु कार्य करेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में ऊंचाइयां छूने के लिए की तैयारी कर रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के अनुसार एम ओ यू इसी शैक्षणिक सत्र से प्रभावी होगा और इसका मुख्य काम अंतरिक्ष विज्ञान और खगोलीय शोध सामग्री पर काम करने का होगा। इसके तहत गणित और खगोल विज्ञान विभाग में बने प्लैनेटोरियम को भारत की पहली स्वदेशी खगोल विज्ञान शोधशाला के रूप में स्थापित किया जाएगा।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने रात में लगाई अदालत

## ट्रेन में खून से लथपथ मिली थी महिला कॉन्स्टेबल: सोमवार को फिर हुई सुनवाई, जांच से कोर्ट संतुष्ट

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 30 अगस्त की सुबह सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में एक महिला कॉन्स्टेबल खून से लथपथ मिली थी। सीट के नीचे मिली कॉन्स्टेबल के कपड़े अस्त-व्यस्त थे। ट्रेन में खून फैला था। चेहरे पर चाकू के गहरे निशान थे। महिला कॉन्स्टेबल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खुद इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर ने रविवार रात 9 बजे स्पेशल बेंच गठित की और अपने सरकारी आवास पर मामले की सुनवाई की। बेंच ने घटना पर नाराजगी जताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। इसके बाद सोमवार दोपहर फिर सुनवाई हुई।

### अगली सुनवाई 13 को

सोमवार दोपहर चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की बेंच ने सुनवाई की। बेंच ने राज्य सरकार और रेलवे से जवाब मांगा। कोर्ट ने पूछा-घायल महिला सिपाही केस में अब तक क्या एक्शन हुआ, इस पर एसपी रेलवे ने जानकारी दी। कोर्ट ने ट्रेन में सुरक्षा इंतजाम की जानकारी मांगी। पूछा-जीआरपी और आरपीएफ उस समय कहां थी? हाईकोर्ट वर्तमान में चल रही जांच से संतुष्ट है। अगली सुनवाई के लिए 13 सितंबर की डेट तय की है। कोर्ट में शासकीय अधिवक्ता एके संड भी



मौजूद रहे। जीआरपी को महिला कॉन्स्टेबल गंभीर घायल अवस्था में ट्रेन में मिली। जीआरपी जब ट्रेन में पहुंची, उस दौरान महिला कॉन्स्टेबल की वर्दी अस्त-व्यस्त थी। चेहरे और शरीर पर गहरे जख्म थे। वह सीट के नीचे पड़ी हुई थी। आशंका है कि उस पर किसी ने चाकू से हमला किया हो।

### जांच में सहयोग करेगी एसटीएफ

सरयू एक्सप्रेस में मुख्य महिला आरक्षी पर हुए हमले की जांच में यूपी एसटीएफ भी सहयोग करेगी। हाईकोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं, सोमवार को यूपी डीजीपी विजय कुमार ने भी ट्रॉमा सेंटर जाकर महिला आरक्षी का हालचाल लिया है। घटना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने मामले में रविवार को छुट्टी के दिन भी सुनवाई की। चीफ जस्टिस के आवास पर बैठी स्पेशल बेंच ने रेलवे व यूपी सरकार से जवाब तलब किया। प्रदेश के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि आरक्षी की हालत में सुधार हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। कोर्ट में रविवार को हुई सुनवाई में जांच से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी को पेश होने के निर्देश दिए थे। वहीं, हाईकोर्ट ने सोमवार को घटना की पूरी जानकारी ली। एसपी रेलवे लखनऊ पूजा यादव ने कोर्ट को बताया कि पांच टीमें मामले की जांच कर रही हैं। इसमें सीओ और डिप्टी एसपी रैंक के ऑफिसर शामिल हैं। कोर्ट ने घायल सिपाही की स्थिति भी जानी। एसपी ने बताया कि केजीएमयू में सिपाही का उपचार चल रहा है। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को महिला के पास जाकर बयान लेने के लिए कहा है। रेलवे को जांच में सहयोग करने के लिए कहा है।

### सुल्तानपुर में पोस्टिंग, अयोध्या में ड्यूटी लगी थी

महिला की पोस्टिंग सुल्तानपुर में है। सावन मेले में उसकी ड्यूटी अयोध्या के हनुमानगढ़ी में सुबह 3 बजे से शाम 5:40 बजे तक लगाई गई थी। 29 अगस्त को वह दोपहर सुल्तानपुर से अयोध्या के लिए सरयू एक्सप्रेस से निकली थी। ट्रेन रात करीब 11 बजे अयोध्या पहुंची। 30 अगस्त को सुबह 4:15 बजे अयोध्या से आगे मनकापुर में वह घायल अवस्था में मिली।

### 'बहन के साथ दुष्कर्म नहीं हुआ, उसकी स्थिति सुधर रही'

महिला कॉन्स्टेबल का जो वीडियो वायरल हुआ था उसे देखकर दरिंदगी की आशंका व्यक्त की जा रही थी। हालांकि, भाई ने वीडियो जारी कर कहा- मेरी बहन के साथ कोई दुष्कर्म जैसी घटना नहीं हुई थी। सोशल मीडिया पर लोग इस तरह खबरें चलाकर परिवार की छवि धूमिल कर रहे हैं। पीड़िता का लखनऊ ट्रॉमा सेंटर मे इलाज चल रहा है। पहले से स्थिति ठीक है। पुलिस विभाग भी सहयोग कर रहा है। लोगों से अपील है कि वे गलत सूचनाएं न फैलाएं।

### पुलिस और जीआरपी क्या कहती है...

एसपी जीआरपी लखनऊ पूजा यादव ने इस पूरे मामले में वीडियो बयान जारी किया है। उन्होंने बताया, मेडिकल और एफएसएल रिपोर्ट में किसी भी प्रकार के सेक्सुअल असाल्ट की पुष्टि नहीं हुई है। घटना के खुलासे के संबंध में हर पहलू पर जांच की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा। वहीं, अयोध्या कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक पप्पू यादव का कहना है कि टीम गठित कर अभी जांच-पड़ताल की जा रही है। एसपी रेलवे और सीओ की निगरानी में छानबीन जारी है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

चेहरे पर 15 से ज्यादा टांके लगे हैं। ज्यादा खून बहने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल, उसका इलाज लखनऊ के केजीएमयू में चल रहा है।

# जिलाधिकारी व एसपी ने ली भाद्रपद अमावस्या मेला की तैयारी बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में भाद्रपद (भादव) मास की अमावस्या मेला की तैयारी के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष हिंदू पंचांग के अनुसार 14 सितंबर को भाद्रपद मास की अमावस्या पड़ रही है। जिससे सम्बन्धित धार्मिक गतिविधियों का मेला 13 से 15 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग, रामघाट एवं पूरे मेला क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरा जो खराब है, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया जाए।

उप जिलाधिकारी कर्वी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर एवं यातायात से कहा कि जिन स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाया गया है, वहां पर कौन से वाहन खड़े होंगे उसके बैनर लगाए जाएं। साथ ही सभी पार्किंग स्थल का स्थलीय भ्रमण करके जो कमियां हो तो उसे अधिशासी अधिकारी से पूर्ण कराया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि पार्किंग प्रभारी भी पुलिस के अधिकारियों को नामित करें। अधिशासी अभियंता जल संस्थान से कहा कि पार्किंग स्थल एवं मेला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि मेला क्षेत्र में मेला के दौरान निर्वाध रूप से विद्युत सप्लाई संचालित रहे। अधिशासी अधिकारी से कहा कि फ्लड लाइट की भी व्यवस्था कराई जाए। बेड़ी पुलिया व निर्मोही अखाड़ा, यूपीटी के पास पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया जाए। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र के अंदर कोई भी अन्ना पशु नहीं घूमना चाहिए। सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद से कहा कि रामघाट पर गंगा जी के किनारे पर बैरिकेडिंग कराएं। सीतापुर चौकी प्रभारी से कहा कि नाविकों के लिए स्थान चिन्हित करके नांव लगाई जाए।

जिलाधिकारी ने रोडवेज के अधिकारियों से कहा कि बसों की संख्या और बढ़ाकर नया बस स्टेशन से ही बसों का संचालन कराया जाए। कर्वी बस स्टॉप पर बसों को नहीं खड़ा किया जाए। अधीक्षक रेलवे स्टेशन से कहा कि मेला के दौरान स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था करें तथा ट्रेनों के समय का भी प्रचार किया जाए। भरतकूप व शिवरामपुर स्टेशन पर भी मेला के दौरान ट्रेनों को रोकने की व्यवस्था कराएं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि ट्रैफिक चौराहा, जूनियर हाई स्कूल खोही परिक्रमा मार्ग पर एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों की चेकिंग लगातार कराएं। परिक्रमा मार्ग में जलेबी वाली गली पर जो दुकानदार सिलेंडर का प्रयोग कर रहे हैं, उसकी पूर्ति निरीक्षक के साथ सीज कराया जाए। जिला खनिज अधिकारी से कहा कि ट्रक और क्रेशर यूनियन के साथ संपर्क करके मेला के दौरान भारी वाहनों का संचालन बंद कराया जाए।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों से कहा कि आपसी तालमेल स्थापित कर मेला को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने सीतापुर चैकी प्रभारी से कहा कि रामघाट पर दुकानदार जो बाहर दुकान लगाते हैं उनको तत्काल हटा दें इसी प्रकार परिक्रमा मार्ग चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग पर कोई दुकानदार दुकान ना लगाएं।

उन्होंने जीआरपी से कहा कि रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उप जिलाधिकारी कर्वी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि रामायण मेला परिसर सीतापुर, नया बस स्टैंड एवं चित्रकूट इण्टर कॉलिज में तीर्थ यात्रियों के ठहरने की भी व्यवस्था कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर रामजन्म यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, अपर उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र, पंकज वर्मा, सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, मऊ राजकमल, राजापुर निष्ठा उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आवेदन किये जाने के लिए आनलाइन पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। योजनान्तर्गत लाभ उठाने के लिए अधिकारिक वेबसाइड पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। योजना का लाभ लेने के लिए कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो, कन्या की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो, कन्या के परिवार की समस्त स्त्रोतों से आय 2 लाख से अधिक न हो, कन्या का स्वयं का आधार सीडेड बैंक खाता हो। आयु की पुष्टि के लिये स्कूल शैक्षिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड मान्य होंगे। निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता दी जायेगी। योजना के अन्तर्गत 51000 रूपए की धनराशि प्रति जोड़े पर व्यय की जाती है। जिसमें से 35000 रूपए कन्या के बैंक खाते में स्थानान्तरित की जाती है। 10000 रूपए का विवाह सामग्री दिया जाता है तथा 6000 रूपए प्रति जोड़ा वैवाहिक कार्यक्रम स्थल पर भोजन, पण्डाल एवं अन्य व्यवस्था पर व्यय किया जाता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत पात्रता धारित करने वाले सभी जनमानस ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कराते हुए योजना का लाभ उठायें।

## एक सप्ताह में दो विद्युत कर्मियों की मौत, बिना ट्रेनिंग के कर रहे काम

जन एक्सप्रेस। खागा, फतेहपुर

हथगाम विद्युत उपकेंद्र में एक सप्ताह के अन्दर दो अनटेऊन्ड विद्युत कर्मियो की दर्दनाक मौत हो गयी। यह एक घटना नही है बल्कि इस तरह की घटनाये रोजमर्रा बनती जा रही है। शासन द्वारा सभी विभागो मे बाहरी कर्मियो को हटाने का सख्त कदम उठाते हुये शासनसदेश जारी किया है कि विभग के बाहरी लोगो द्वारा काम न कराया जाय। वही विद्युत विभाग मे बाहरी लोग ही विद्युत आपूर्ति बहाल कराने मे सक्रिय है जिन्हे विभग द्वारा किसी भी प्रकार की टेऊनिंग नही दिलाया और नही कोई बेतन ही भुगतान करती है। जिससे आये दिन लोगो की जाने जा रही है। हथगाम विद्युत उपकेंद्र में संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत इंद्रसेन लोधी पुत्र स्वर्गीय गुलाब सिंह लोधी जो विद्युत उपकेंद्र में काफी लम्बे समय से काम कर रहा था। विद्यु पोल मे चढ कर काम कर रहे थे। कि अचानक आपूर्ति बहाल हो गयी और मौके पर काम कर रहे इन्द्रसेन की तो मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वही साथी फग्गन निवासी आम्बी गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्रीय लोगो सहित परिजन मौके पर पहुंच गये और शव पॉवर हाउस के सामने शव रख कर न्याय की गुहार लगाने लगे मौके पर पहुंचा पुलिस प्रशासन परिजनों को काफी समझने का प्रयास किया तो ग्रामीण व परिजनों के अंदर काफी रोष देखने को मिला उत्तेजित भीड़ व पुलिस प्रशासन के बीच तीखी नोक-झोक भी हुई। वही थाना पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करके जॉच किया जा रहा है। इसी प्रकार अभी एक सप्ताह के अन्दर ही एक विद्युत संविदा कर्मी की भी फाल्ट ठीक करते आपूर्ति बहाल होने से दर्दनॉक मौत हो गयी थी। अभी घटना लोग भूल भी नही पाये थे कि दूसरी घटना सामने आ गयी।

## मानक की धज्जियां उड़ा संचालित हो रहे विद्यालय, विभाग मौन

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

मान्यता के मानक को धता बताकर मान्यता प्राप्त विद्यालय ज्ञान की धारा बहायी जा रही है। वही शिक्षा विभाग के आलाधिकारी देखकर भी अनदेखा कर रहे है। जहॉ सरकारे समान शिक्षा का नारा देकर शिक्षा के लिए ग्रामीण क्षेत्रो मे शिक्षा का ग्राफ बढाने का प्रयास करके सर्व शिक्षा अभियान तथा बाल विकास, बाल अधिकार अधिनियम जैसी तमाम कार्यक्रम संचालित कर रही है। वही विद्यालय के संचालक मात्र धन उगाही का साधन मात्र मानकर मानक की धज्जियॉ उडाकर विद्यालय संचालित कर रहे है। विकास खण्ड ऐरायॉ, विजईपुर, धाता, हथगाम, भिटौरा, तेलियानी मे दो दर्जन से भी अधिक मान्यता प्राप्त विद्यालय मानक के विपरीत मान्यता लेकर संचालित हो रहे है। वही विभाग के आलाधिकारी सहित खण्ड शिक्षाधिकारी देखकर भी अनदेखा कर रहे है। जहॉ सरकारे सबको शिक्षित करने के संकल्प के साथ बच्चो को मुफ्त किताबे, स्कूली पोसाक, दोपाहर का भोजन आदि देकर शिक्षा के प्रति आम लोगो का रुझान बढाने का प्रयास कर रही है। वही कुछ चिन्हित शिक्षा माफियॉ सरकारो के तमाम प्रयासो को धूलधूसित करके मानक के विपरीत विद्यालयो का संचालन कर रहे है। जिससे समान शिक्षा का नारा निष्फल हो रहा है। मानक विहीन विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र ही नही कस्बा क्षेत्र मे भी मानक विहीन विद्यालय शिक्षा माफियॉ विद्यालयो को संचालित कर रहे हैं। जब कि शिक्षाधिकारियों का आवागमन बना रहता है लेकिन शिक्षाधिकारी देखकर भी अनदेखा करके जेबे गर्म कर रहे है। शिक्षा मफियाओ का आलम यह है कि शिक्षा के साथ खिलवाड कर रहे है। बच्चो को विद्यालय मे झप्पर डालकर या फिर टीन सेड के नीचे भेड बकरियो की तरह शिक्षा दिया जा रहा है। वही बिना प्रशिक्षण के ही शिक्षको को कम बेतन पर ही रखकर शिक्षण करा रहे है। सरकारो के अनदेखी और विभाग के आलाधिकारियों की लचर नीतियो के चलते शिक्षा का व्यवसाई करण होता जा रहा है जिससे शिक्षा का मानक गिरता जा रहा है।

## बच्चों की दशा और दिशा में सुधार के लिए बेहतर नींव डालकर सर्वोदय ने चाइल्ड लाइन को किया जिला प्रशासन के हवाले

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

वर्ष 2014-15 से लेकर 31 अगस्त 2023 तक जनपद में सर्वोदय सेवा आश्रम टीम के स्वयंसेवकों ने पूरी निष्ठा के साथ भारत सरकार द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन चित्रकूट का संचालन समस्या ग्रस्त दुखी बच्चों को आपदा से तुरंत निकालने के लिए बड़ी संजीदगी एवं संवेदनशीलता के साथ किया। जिसके बाद भारत सरकार के निर्देशानुसार अब चाइल्डलाइन की जिम्मेदारी जिला प्रशासन को सौंप दी गयी है। समाजसेवी अभिमन्यू भाई ने बताया कि जनपद में चाइल्डलाइन संचालन की जिम्मेदारी सर्वोदय सेवा आश्रम को इस आधार पर दी गई थी कि भुखमरी कुपोषण से जूझ रहे बरगढ़ क्षेत्र के बच्चों के संरक्षण पर जो काम किया गये उनका परिणाम था कि बच्चे स्वयं को सम्मानित महसूस करते हुए आत्मनिर्भर बनाने वाले कामों की ओर अवसर थे। परिवार समुदाय और सरकार ने बदलावों को प्रमाणित किया था। चित्रकूट जनपद में ऐसी ग्राम पंचायतें जहां पर बच्चे सबसे अधिक बाल श्रमिक हैं अथवा बाल विवाह सबसे अधिक होते हैं अथवा सबसे अधिक अनाथ बच्चे पाए गए वहां विशेष कार्य किए गए। बच्चों से जुड़े सभी हितग्राहियों के बीच समन्वय बनाने उनको बच्चों के मुद्दों पर संवेदनशील के लिए निरंतर बड़े प्रयास किये। जिसका परिणाम है कि चित्रकूट जनपद में बच्चों के संवैधानिक फोरम में बैठने वाले पदाधिकारी सक्रिय हुए इतना ही नहीं बच्चों के केशों में जो देर थानों के अंदर बाल कल्याण समिति के अंदर उनका काम किया।

बच्चों के सभी हितेषी ग्राम पंचायत स्तर पर ब्लॉक स्तर पर और जिले स्तर पर सभी को बच्चों के संवैधानिक अधिकारों के बारे में जानकार बनाया। समस्या ग्रस्त बच्चों की आवाज को बड़ी बनाने के लिए ऐसी ग्राम पंचायतों के बीच जहां बाल श्रम अधिक है बाल विवाह बहुत अधिक होते हैं।

# शोषण के विरोध में संगठित होकर शिक्षक करेंगे संघर्ष : अखिलेश पाण्डेय

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शिक्षक समस्याओं को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय में धरना दिया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या निराकरण की मांग की गयी। धरने की अध्यक्षता करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि आज के धरने का मुख्य मुद्दा पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू कराने की मांग करना है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन विद्यालयों में बीती 1 अप्रैल 2005 व उसके बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था ओपीएस से आच्छादित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्थानीय समस्याओं को उठाते हुए कहा कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय व खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय में शासन द्वारा निर्देशित सिटिजन चार्टर का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। वर्षों से शिक्षकों के प्रत्यावेदनों पर समयबद्ध निर्णय नहीं लिया जा सका है। खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय द्वारा शिक्षकों के प्रत्यावेदन पर आख्या संस्तुति के बाद भी प्रत्यावेदन पर निर्णय न किए जाने से शिक्षक बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में खण्ड शिक्षाधिकारी की संस्तुति आख्या सहित प्राप्त समस्त प्रत्यावेदनों का क्रमबद्ध व समयबद्ध निस्तारण होना चाहिए। इसके अलावा विभागीय नियमानुसार बिना जांच कराएं शिक्षकों के खिलाफ दण्ड निर्धारित नहीं होना चाहिए। शिक्षकों के चयन वेतनमान में पत्रावलियों पर निर्णय न करके बेवजह परेशान किया जा रहा है। एक साल से भी ज्यादा समय से चयन वेतनमान की पत्रावली स्वीकृत न करना शिक्षकों का शोषण है और विलम्ब से न्याय मिलने पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। धरने के बाद संघ की ओर से मुख्यमंत्री को सम्बोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर 11 सूत्रीय मांग पत्र जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा गया। इस मौके पर संध की जिला मंत्री आराधना सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

## तीन दर्जन सवारियों से भरी रोडवेज बस पलटी, एक दर्जन घायल

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

थाना गाजीपुर क्षेत्र मे सवारियो से भरी बस अनियत्रित होकर पलट गयी। जिसमे तीन दर्जन से भी अधिक सवारिया सवार थी। बस के पलटते ही चीख-पुकार के चलते स्थानीय लोग मौके पर पहुॅचे और सवारियो को बाहर निकलने का प्रयास शुरु कर दिया। वही घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुॅची थाना पुलिस ने घायलो को बाहर निकाल कर ईलाज हेतु अस्पलाल भेजा। बताया जाता है कि महमदपुर गांव के मोड़ के समीप फतेहपुर से बांदा की ओर जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। जानकारी के अनुसार फतेहपुर डिपो की बस यूपी 71 एटी 4836 जिसमें चालक अनिरुद्ध कुमार तथा परिचालक भूपेंद्र कुमार फतेहपुर से सवारियों को लेकर जनपद बांदा की ओर जा रहे थे। तभी महमदपुर गांव के मोड़ के पास सामने से आ रही एंबुलेंस को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी।

# इस्कान चित्रकूट में हुआ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का शुभारम्भ, मनाई गई भगवान बलराम की जयंती

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



इस्कॉन यानी अन्तर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है। जिसके एक हजार से ज्यादा मंदिर पूरे विश्व में उपस्थित हैं तथा इसका अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय कोलकाता के पास मायापुर में है। इसी के क्रम में इस्कॉन ने दो वर्ष पूर्व एक शाखा चित्रकूट के सीतापुर में भी खोली है। इस्कॉन ने रामशैय्या खोही में 3.5 बीघा जमीन भी खरीदी है जिस पर जल्द ही भव्य श्री चित्रकूट चंद्रोदय मंदिर का निर्माण प्रारंभ होगा। जहां श्री राम जानकी तथा श्री राधा माधव की भव्य पूजन एवं नित्य सेवा होगी।

इस्कॉन चित्रकूट में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का शुभारंभ हो गया है, इसी क्रम में आज भगवान बलराम की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में हरे कृष्ण संकीर्तन तथा भगवान बलराम जी की कथा का आयोजन हुआ। इस्कॉन चित्रकूट हर रविवार को प्रीतिभोज कार्यक्रम करके हरिनाम संकीर्तन, योग तथा भगवदगीता की शिक्षाओं का प्रचार कर रहा है। प्रतिदिन इस्कॉन द्वारा नगर में हरिनाम संकीर्तन एवं अन्नदान होता है। आजकल की समस्याओं से युवा बुरी तरह ग्रसित है। मनुष्य शांतिपूर्ण अपना जीवन व्यतीत कर सकें बिना किसी तनाव के इस प्रकार की शिक्षाओं को लेकर के इस्कॉन हमेशा आकर्षित करता रहता है और समाज के लिए बड़ा योगदान देता है। इस्कॉन आने वाले 7 तथा 8 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का दो दिवसीय कार्यक्रम बड़े भव्य तरीके से आयोजन करने जा रहा है। जिसमें 7 सितंबर को कृष्ण कुंज मैरिज गार्डन अमानपुर में शंकर ढाबा के बगल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा तथा 8 सितंबर को इस्कॉन चित्रकूट सीतापुर में इस्कॉन के संस्थापकाचार्य कृष्णकृपामूर्ति स्वामी श्रील प्रभुपाद जी का 127वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

## चन्द्रकान्त गुप्ता बने अध्यक्ष निखिल सिंह बने जनपद सचिव



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सिंचाई विभाग संघ भवन में सोमवार को सहायक अभियंता मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष रूपेश पाण्डेय व डीपी मिश्र की अध्यक्षता में सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से चंद्रकांत गुप्ता अध्यक्ष एवं निखिल सिंह जनपद सचिव नियुक्त हुए हैं।

निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती व कर्मचारियों के हित की लड़ाई की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की बात कही।

इस मौके पर सहायक अभियंता भीखम सिंह, इं अभिषेक मिश्रा, इं सर्वजीत कुमार, इं आशीष कुमार मौर्य, इं रजनीकांत मौर्य, इं अजीत कुमार, इं ओमप्रकाश, इं अवशेष कुमार, इं जयप्रकाश, इं अजय सिंह, इं ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 29.08.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन के साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों के परिचालन मार्ग में परिवर्तन किया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

- रेलगाड़ी संख्या 14213 वाराणसी सिटी – बहराइच इंटरसिटी लोहता–जंघई–मडियाहूँ–जफराबाद–जौनपुर के बजाए लोहता–भदोही–जंघई–मडियाहूँ–जफराबाद–जौनपुर मार्ग से संचालित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 14214 बहराइच – वाराणसी सिटी इंटरसिटी जौनपुर–जफराबाद–मडियाहूँ–जंघई–लोहता के बजाए जौनपुर–जफराबाद–मडियाहूँ–जंघई–भदोही–लोहता मार्ग से संचालित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 20415 वाराणसी – इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस सुलतानपुर–प्रतापगढ़–प्रयागराज के बजाए सुलतानपुर–प्रतापगढ़–प्रयाग–प्रयागराज मार्ग से संचालित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 20416 इंदौर – वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज–प्रतापगढ–सुलतानपुर के बजाए प्रयागराज–प्रयाग–प्रतापगढ– सुलतानपुर मार्ग से संचालित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 12791 सिकन्दराबाद – दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ तिथि 19.09.2023 को प्रयागराज–जंघई–वाराणसी–काशी के बजाए प्रयागराज छिवकी–मिर्जापुर– पं. दीन दयाल उपाध्याय मार्ग से संचालित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 12670 छपरा – चेन्नई सेन्ट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–वाराणसी सिटी के बजाए वाराणसी सिटी–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज मार्ग से संचालित की जाएगी।

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
G20
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राष्ट्रीय लोक अदालत में वाद निस्तारण के बाद पोर्टल पर कराएं फीड : जिला जज

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी 9 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की में अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुयी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के लिए अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए तैयार किये जाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने समस्त न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त चिन्हित वादों को 9 सितम्बर के लिए नियत किया जाये एवं वादों के निस्तारण के बाद सीआईएस पोर्टल पर उसी दिन निस्तारण भी किया जाना सुनिश्चित करें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फार्रुख ईनाम सिद्दीकी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर चित्रकूट, वाह्य न्यायालय परिसर मऊ एवं ग्राम न्यायालय परिसर मानिकपुर तथा जिले की कर्वी, मऊ, मानिकपुर एवं राजापुर तहसीलों में आयोजित की जाएगी। जिसमें सुलह योग्य वादों का निस्तारण किया जायेगा। इस मौके पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश कृष्ण यादव, अपर जिला जज रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत दीप नारायण तिवारी, विशेष न्यायाधीश पाक्सो विनीत नारायण पाण्डेय, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार, सुशील कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे, सिविल जज (सीडि) विदुषी मेहा, सिविल जज (जूडि) सोनम गुप्ता, संघमित्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट सैफाली यादव, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर खुशबू चन्द्रा आदि मौजूद रहे।

## मौसम पूर्वानुमान

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 07-09 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.2 (+3.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.6 (-0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 76 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 48 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# कानपुर कचहरी में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, न्यायिक कार्य से रहे विरत

**जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा**



**कानपुर नगर।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में यूपी बार कार्उसिल के आह्वान पर प्रदेशभर के अधिवक्ताओं ने सोमवार को शांतिपूर्ण रूप से प्रदर्शन कर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए धरना दिया। साथ ही जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि जिस तरह से हापुड़ में अधिवक्ताओं के साथ पुलिस द्वारा बर्बरता से महिलाओं के साथ पुलिस ने मारपीट की इसका सभी अधिवक्ता विरोध करते हैं। उत्तर प्रदेश बार कार्उसिल के सदस्य अकंज मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए अधिवक्ता संरक्षण कानून उत्तर प्रदेश में लागू किया जाए। इसके लिए आज एक ज्ञापन जिला प्रशासन कानपुर के माध्यम से संबोधित राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को भेजा गया है। उन्होंने कहा की हापुड़ की घटना को इतने दिन बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन हापुड़ की ओर से और न ही शासन की तरफ से किसी भी तरह का बयान दिया गया है। मंगलवार को अधिवक्ताओं द्वारा मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश व पुलिस महानिदेशक का पुतला शांति पूर्ण ढंग से कचहरी परिसर में फूंका जायेगा। उन्होंने कहा अधिवक्ताओं का हथियार कलम है न कि लाठी डंडा। शासन प्रशासन की तरफ से जब तक उचित कार्यवाही नही होती तब इसी तरह आगे भी कलम बंद हड़ताल जारी रहेगी।

### अब अधिवक्ता याचना नहीं करेंगे

सांकेतिक धरने में शामिल लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने कहा की अब अधिवक्ता याचना नहीं करेंगे, बल्कि संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश का अधिवक्ता अपना और अपने परिवार के लिए हर वो कदम उठाएगा, जो कदम हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने उठाया था ।विधि द्वारा प्रदत अधिकारों के अंतर्गत कानपुर से लखनऊ और दिल्ली तक जाकर अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को लागू कराया जाएगा।

## नशे में धुत कार सवार वाहन चालक ने खंभे में मारी टक्कर, दो लोग घायल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात नशे में धुत दो कार युवक अपने घर जा रहे थे। तभी अनियंत्रित होकर कर खंभे से टकरा गई। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक टिकरा के महमूदपुर गांव का रहने वाला राम प्रकाश बिठूर में अपने रिश्तेदार को छोड़ने आया था। कि तभी बिठूर कस्बे के पेशवा नगर में तेज रफ्तार कर अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई। टक्कर लगने से खंभा टूट कर नीचे गिर गया। वही कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को बिठूर पुलिस में निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेज दिया इसके बाद दोनों युवक अपने घरों को चले गए।



## कौशल शिक्षा में योगदान के लिए के.बी.के.एस ने शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

**✻ कौशल शिक्षा समाज के विकास की मुख्य ऊंचाइयों में से एक है: एकता मिश्रा**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राष्ट्रीय संस्था खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज समिति द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शिवाजी नगर स्थित शिवाजी भवन में किया गया। जिसमें 16 शिक्षिकाओं को उनके द्वारा संस्था में कौशल शिक्षा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एकता मिश्रा ने बताया कि कौशल शिक्षा समाज के विकास की मुख्य ऊंचाइयों में से एक है। और शिक्षक इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका संघर्ष और समर्पण हमें प्रेरित करता है कि हम भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे। सम्मान समारोह में कला (मेहंदी) के लिए डॉक्टर कामिनी दीक्षित, अर्चना मिश्रा (कला) डॉक्टर कल्पना व सिलाई के लिए उस्मान गनी साधना दीक्षित, नमिता कुशवाहा क्रिकेट के लिए गौरी सिन्हा परिधान प्रतियोगिता के लिए आभा दुबे ब्यूटीशियन के लिए प्रतिभा दीक्षित, शशि शर्मा, ढोलक के लिए क्षमा त्रिपाठी, योग के लिए प्रियंका त्रिवेदी, संस्कृति के लिए लक्ष्मी शुक्ला, सरिता गुप्ता, कढ़ाई के लिए प्रीति सिंह फेबीकिल वर्कशॉप के लिए रमिंदर अरोरा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रीति सिंह ने किया सानिया अरोरा ने डांस से मन मोह लिया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष निता शर्मा, अर्पण शुक्ला, निशा त्रिवेदी, लकी आदि लोग उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मौत को दावत दे रहा, कानपुर केस्को का जर्जर खंभा गिरा



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर में बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही आए दिन देखने को मिलती है। ना तो ये कर्मचारी किसी से डरते हैं और ना ही किसी की बात सुनते हैं। तभी तो लोग कहते नज़र आते है कि सरकारी विभागों में सबसे भ्रष्ट विभाग बिजली विभाग है। आपको बता दे कि दबौली वार्ड 72 में मकान नंबर 50 श्व/22 के ऊपर बिजली विभाग रतनलाल नगर केस्को का जर्जर खंबा टूट कर गिरा हुआ है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले दो दिन से जर्जर खंभा टूट कर गिरा हुआ है। और बिजली विभाग के कर्मचारी आते हैं और देखकर चले जाते हैं। बावजूद इसके कोई कार्यवाही नहीं होती है। स्थानीय निवासियों ने यहां तक बताया कि इस टूटे हुए खंबे की शिकायत केस्को विभाग में कर दी गई है। 2 दिन बीत जाने के बाद भी केस्को के कर्मचारी ना तो इस खंबे को यहां से हटा रहे हैं। और ना ही ठीक कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि बिजली विभाग के कर्मचारी किसी बड़ी दुर्घटना के होने का इंतजार कर रहे हैं। तभी तो शिकायत मिलने के बाद भी इनके कानों पर जू तक नहीं रेंगती है।

### छिनैती और लूटपाट करने वाले शातिर गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** थाना पनकी की पुलिस टीम ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है उनके पास से अवैध तमंचे मय कारतूस के पुलिस टीम ने हासिल किए हैं। जानकारी के अनुसार पनकी पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कन्हैया कश्यप वा मोहित राजपूत उर्फ डैनी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन मोबाईल व एक देशी तमंचा 12 बोर नाजायज व 12 जिन्दा कारतूस 12 बोर के एक मोटर साईकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस भी बरामद की है।

# विश्वविद्यालय में आठ शिक्षक स्व: गोविंद हरी सिंघानिया रिसर्च अवार्ड से होंगे सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा**



**कानपुर नगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय मे रिसर्च के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 8 शिक्षकों को स्व॰ गोविंद हरी सिंघानिया रिसर्च अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को होने वाले कार्यक्रम मे इन शिक्षकों को सम्मान स्वरूप 10 हजार रुपये की नकद धनराशि एवं स्मृति चिह्न प्रदान किये जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने बताया कि जिन शिक्षकों को यह अवार्ड दिया जा रहा है उन सभी ने अपने विषय में उत्कृष्ठ शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं। इस सम्मान समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में मंगलवार को दोपहर 12 से किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय अश्वनी उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि आईआईटी कानपुर प्रो.देवब्रत गोस्वामी रहेंगे।

### शिक्षकों को मिलेगा अवार्ड

- डॉ.धनंजय डे- कैमिस्ट्री
- डॉ.रंजना गौतम- लाइफ साइंस एवं बायोटेक्नॉलजी
- डॉ.शशि किरण मिश्रा- फार्मेसी (सम्बद्ध महाविद्यालय)
- डॉ.सुरेंद्र प्रताप सिंह- डीएवी कॉलेज कानपुर
- डॉ.अभय राजपूत- इंदिरा गांधी राजकीय पीजी कॉलेज बांगरमऊ
- डॉ.शिखा वर्मा- एएनडी एनएनएम महाविद्यालय कानपुर
- प्रो.अंजु चौधरी- महिला पीजी महाविद्यालय कानपुर



## 18 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना दिया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कानपुर के तत्वाधान में सोमवार को उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों ने अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय कानपुर नगर में धरना दिया। संघ के जिलाध्यक्ष राकेश बाबू पांडे की अध्यक्षता में हुए इस धरना प्रदर्शन में शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस चिकित्सा, उपार्जित अवकाश सहित अन्य मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मांग पत्र को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित किया। बैठक में राजकुमार अग्निहोत्री, नरेंद्र द्विवेदी, सत्येंद्र कुमार, राजकुमार वर्मा, रेनू अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## बहू से प्रताड़ित सास ने पुलिस कमिश्नर से लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीते दिन पुलिस कमिश्नर की जन सुनवाई में एक एयर फोर्स सिपाही की मां अपनी बहू की प्रताड़ना से पीड़ीत हो कर कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाने पहुंची है।और बहू द्वारा पूरे परिवार को दहेज एक्ट में फंसाकर प्रताड़ित करने का मामला बताकर परिजनों का नाम मुकदमें से हटाए जाने की गुजारिश की है। जनकारी देते हुए थाना नौबस्ता के हंसपुरम में निवास करने वाली नीरू झा ने बताया की उनके तीन बेटे हैं दो बेटे कानपुर घर में उनके साथ निवास करते है तीसरा बेटा प्रवीण कुमार झा जो की पंजाब में एयर फोर्स में तकनीकी विभाग में है।बहू सलोनी झा उसी के साथ में पंजाब रहती थी। बताया कि बहू सलोनी झा का बेटे प्रवीण से आए दिन झगड़ा होता था।एक दिन जानकारी हुई की सलोनी झा ने अपने पति को अपने मायके बुलाकर ससुराली जनों के साथ मिलकर खाने ने जहरीला पदार्थ खिला दिया और पूरे परिवार पर दहेज का मुकदमा दर्ज करा दिया जबकी बहू और बेटे दोनो पंजाब में रहते थे और बेटे को जहर खिलाकर मारने की कोशिश जानकारी होने पर घायल प्रवीण झा का उपचार कराया गया ।जिसके बाद प्रवीण अपनी नौकरी पंजाब चला गया। आरोप है कि बहु के रिश्तेदार थाने में दरोगा झा जी हैं वो बहू के पक्ष से दबाव बना रहे जिस पर बीते कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई है।

## भीख मांग कर गुजारा करने वाले विकलांग ने पुलिस कमिश्नर से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बीते दिन सोमवार को पुलिस कमिश्नर से मिलने एक विकलांग पहुंचा और उसके द्वारा अपने भाई पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई गई। थाना किदवई नगर के बारा देवी चौराहे के पास रहने वाले लाल नाम के विकलांग ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने परिवार का भरण पोषण भीख मांग करके करता है और एक मकान में किराए पर रहता है। बताया कि उसका भाई बबलू और उसकी पत्नी जबरन घर में घुस आए और उसको घर से बाहर कर दिया। आरोप लगाया कि जब थाने न्याय मांगने पहुंचा तो पुलिस भी भाई का पक्ष लेकर दोनो को साथ में रहने की बात कहने लगी। सारा मामला सुनने के बाद स्टाफ आफिसर ने लाला को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है और संबंधित थाने को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं।

## डॉक्टर अपूर्व अग्रवाल व उनकी टीम ने आग से जली महिला की छाती से चिपकी गर्दन का किया सफल आपरेशन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**✻ प्राचार्य डॉक्टर संजय काला ने प्रशंसा कर डाक्टरों व उनकी टीम को बधाई दी**

आग से जले मरीज की 4 घंटे की बडी सर्जरी कर डाक्टरो ने सफल ऑपरेशन कर नया इतिहास रचा। हैलट अस्पताल में डाक्टरो ने एक बार फिर एक ऐसे मरीज का जीवन बचाया गया है। जिसकी बचने उम्मीद नहीं थी। हैलट के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर प्रेम शंकर व एनस्थेसिया विभाग के डॉक्टर अपूर्व अग्रवाल व उनकी टीम ने आग से जली महिला की छाती से चिपकी गर्दन को आपरेशन अलग कर उसे एक नई जिन्दगी दी है। डाक्टरो द्वारा इस सफल और जटिल आपरेशन के लिए प्राचार्य डॉक्टर संजय काला ने प्रशंसा कर डाक्टरो व उनकी टीम को बधाई दी। बता दे कि नरवल निवासनी सुमन 9 माह पूर्व घर में खाना बनाते समय आग से जल गई थी जिसे गंभीर हालत में उसे उर्सला भर्ती कराया गया। उर्सला में सुमन का इलाज चला,लेकिन समस्या का निदान नही हो सका क्योकि सुमन के आग में जलने से उसकी गर्दन छाती से चिपक गई थी। गर्दन छाती से चिपकने पर वह रोजमर्रा के कार्य नही कर पा रहा थी। पति विकलांग और गरीबी ने जैसे उसे मौत के मुहाने पर लाकर खडा कर दिया हो। डॉक्टर प्रेम शंकर ने गंभीरता से लिया आयुष्मान कार्ड को लेकर सुमन ने अपना इलाज कराने पहुंची और उसका इलाज आयुष्मान निधि से बिल्कुल मुफ्त किया गया। डॉक्टर प्रेम शंकर ने बताया कि मरीज सुमन की गदर्न जो छाती से चिपक कई थी वह आपरेशन बहुत ही जटिल था, जिसे करने में 4 घंटे का समय लगा ,इसके लिए प्लास्टिक सर्जरी की गई ,ऑपरेशन में मरीज की गर्दन में सीधा किया गया तो बहुत से घाव नजर आए जो काफी जटिल थे ,इसके लिए मरीज के जांघ की चमडी को काट कर शरीर के जरूरी अंग में लगाया गया। आपरेशन इतना जटिल था कि अगर कोई भी छोटी सी चूक हो जाती तो मरीज के गले की नस कट सकती थी। और कुछ भी हो सकता था। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ्य है। इस आपरेशन के लिए प्राचार्य संजय काला ने आपरेशन करने वाली टीम को बधाई दी।



## डंपर की टक्कर से जीआरपी के दीवान की मौत, पीछे बैठा फालोवर घायल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**✻ राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फालोवर को हमीरपुर अस्पताल पहुंचाया**

थाना सजेती क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दीवान को टक्कर मारते हुए कुचल दिया हादसे में दीवान की दर्दनाक मौत हो गई वही बाइक सवार साथी पीछे बैठा फालोवर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फालोवर को हमीरपुर अस्पताल पहुंचाया है। हेड कांस्टेबल के परिजनो को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। कानपुर के नौबस्ता निवासी 45 वर्षीय प्रमोद जीआरपी पुलिस के दीवान पद पर तैनात हैं वर्तमान में उनकी पोस्टिंग बांदा जीआरपी स्टेशन में है। रविवार देर रात हेड कांस्टेबल प्रमोद बांदा के जमालपुर निवासी अपने साथी फालोवर 40 वर्षीय मुन्ना के साथ बाइक से घर जाने को निकले थे। देर रात जैसे ही बाइक सवार सजेती थाना क्षेत्र के आनूपुर मोड़ के पास पहुंचे ही थे, कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मोरंग लोड डंपर ने बाइक सवार दीवान को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे में जी आरपी दीवान की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने घायल फालोवर मुन्ना को गंभीर हालात में एंबुलेंस की मदद से हमीरपुर अस्पताल पहुंचाया है। जहां उसका इलाज जारी है। वही दीवान के परिजनो को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सजेती थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दीवान के परिजनो को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद घबराए डंपर चालक ने घटनास्थल से महज 10 मीटर दूरी पर हाइवे किनारे डंपर खड़ा करके भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर सजेती थाने में खड़ा कराया है। पुलिस चालक की तलाश में जुटी है। घायल 40 वर्षीय फालोवर मुन्ना ने बताया कि प्रमोद की मोबाइल फोन पर उनके घरवालों से बात हो रही थी, वह खाना बना रहा था। तभी थोड़ी देर बाद दीवान प्रमोद ने कहा कि चलो घर चलते है। कल दोपहर तक वापस लौट आयेंगे। जिसके बाद दोनो बाइक से साथ में घर के लिए निकले थे और रास्ते में ही दुर्घटना से मौत हो गई।

## बजरंग दल ने जे.सी.पी. से मुलाकात कर मजार को हटाए जाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर के थाना ग्वालटोली क्षेत्र स्थित पीडब्ल्यूडी के अधिकारी के बंगले में बनी मजार और उसमें हो रही पूजा अर्चना के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है और सरकारी संपत्ति से मजार को हटाए जाने की मांग भी की है। बीते दिन बजरंग दल के नेता कृष्ण तिवारी की अगुवाई में लगभग दो दर्जन कार्यकर्ता ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी के कार्यालय पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पीडब्ल्यूडी अधिकारी के आवास पर मजार संचालित हो रही है और उसी के बगल में दो कमरे है जो मजार को संचालित करने के काम में प्रयोग किए जाते हैं उसको बंद करवाने को लेकर पहले शिकायत भी की थी लेकिन जब दोबारा उस तरफ से गुजरना हुआ तो देखा की मजार पर अभी फूल चढ़े हैं।जिससे मालूम होता है की पूजा अर्चना अभी जारी है। जेसीपी को ज्ञापन देकर मजार को तत्काल करवाने की मांग की गई है। वही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है की अगर मजार को हटाया नहीं गया तो बजरंग दल सड़को पर उतर कर प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि उनके द्वारा मामले में जांच कराई जा रही है जांच रिपोर्ट आने के बाद वैधानिक रूप से कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी के अवैध संबंधों का विरोध करना सिक्योरिटी गार्ड को पड़ा भारी, हुई हत्या

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**





नौबस्ता थाना क्षेत्र में हुए सिक्योरिटी गार्ड के हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। सिक्योरिटी गार्ड की हत्या उसकी पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर की थी। पुलिस ने दोनों हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रविकांत की मां शकुन्तला पाण्डेय पत्नी रामबहादुर पाण्डेय का पुत्र रविकान्त उर्फ नितिन पाण्डेय अपनी पत्नी प्रियंका पाण्डेय के साथ भूरे पूरवा मे किराए के मकान में रह रहा था। लगभग एक हफ्ते पहले गुजरात से घर आया था। बहू और उसके साथ एक लड़के के कहने पर जिस लड़के को रवि की मां नहीं जानती थी। 01 अगस्त को समय रात्रि 8 बजे घर से बाहर गया। उसके बाद उसका फोन स्वीच आफ हो गया उसके बाद रविकांत की मां के द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना नौबस्ता में दर्ज कराई गयी। 03 अगस्त को लगभग 11 बजे सूचना मिली कि एक अज्ञात की लाश स्कोमिया स्कूल के पास मिली है। जाकर देखने पर मां शकुन्तला ने अपने पुत्र रविकांत के रुप में लाश की शिनाख्त की थी। मां से मिली तहरीर पर पुलिस ने रविकांत की पत्नी प्रियंका से पूछताछ के लिए बुलाया तो उसने अपना सारा जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि अनस से उसके प्रेम संबंध हैं, इसका पति विरोध करते थे, इसलिए शराब पीने पिलाने के बहाने अनस हाशमी पति को अपने साथ ले गया था और गला दबा कर मार दिया। उसके बाद अनस घर आया और काम तमाम करने का दोनों ने जश्न भी मनाया। हत्या करने के बाद शव को झाड़ियां में इस तरीके से छुपा दिया जिससे कि वह कभी मिले ना।

### गिरफ्तारी करने में कौन कौन रहा शामिल

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद पाण्डेय, उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 वीरेश कुमार, उ0नि0 अरविन्द कुमार मिश्रा प्रभारी सर्विलांश सेल जोन दक्षिण, उ0नि0 रजनीश कुमार, उ0नि0 प्रदीप सिरोही, मुख्य आरक्षी शिववीर सर्विलांश सेल जोन दक्षिण, मुख्य आरक्षी मयंकदीप सर्विलांश सेल जोन दक्षिण, आरक्षी सौरभ पाण्डेय, आरक्षी अजय कुमार, आरक्षी राम कुमार सोलंकी, आरक्षी सोभित तोमर सर्विलांस सेल, आरक्षी अक्षय पवार सर्विलांश सेल जोन दक्षिण शामिल रहे।

# दबंग कोटेदार ने कूट रचित दस्तावेज जमा कर दुकान को कराया बहाल

**✻ पीड़ित कार्डधारकों ने सीएम व जिलाधिकारी से की शिकायत, ग्रामीणों में आक्रोश**

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के सिंहपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा सढिया में कोटेदार द्वारा प्रति यूनिट एक किलो राशन कम देने की शिकायत गांव के 42 कार्ड धारकों द्वारा शपथ पत्र के साथ उपजिलाअधिकारी तिलोई से की गई थी।जिसकी सुनवाई उपजिलाधिकारी ने करते हुए इसकी जांच क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक द्वारा करवाई गई। जांच के बाद पाई गई अनियमितताओं के क्रम में उपजिलाधिकारी तिलोई ने कोटेदार मोहम्मद नसीम की राशन की दुकान को निलंबित कर दिया।राशन की दुकान निलंबित होने के बाद उचित दर विक्रेता से स्पष्टीकरण मांगा गया था। परंतु कोटेदार द्वारा स्पष्टीकरण तय सीमा पर बीत जाने के बाद भी नहीं दिया गया। इसके बाद उपजिलाधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। फिर कोटेदार मोहम्मद नसीम के द्वारा चुपके से कूट रचित दस्तावेज को तैयार किया गया।और जमा कर दिया गया। अधिकारियों से सांठ गांठ कर जमा दस्तावेज की बगैर स्थलीय निरीक्षण करवाये उचित दर विक्रेता की दुकान बहाल कर दी गई। जब इसकी जानकारी शिकायतकर्ता कार्डधारकों को जन सूचना के माध्यम से मिले अभिलेख से पता चला कि जिन व्यक्तियों के द्वारा शपथ पत्र कोटेदार के द्वारा राशन की दुकान बहाल करने के लिए जमा किया गया है, उस दस्तावेज पर पीड़ित राशनकार्ड धारकों ने न अंगूठा लगाए और ना दस्तखत किया, ना कोई उसकी जानकारी है। वह फर्जी है। जिसको कोटेदार ने कूट रचित तरीके से तैयार करके जमा किया है।पीड़ित कार्ड धारकों ने कोटेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोगों ने कोई हस्ताक्षर अंगूठा नहीं लगाया है। कोटेदार मोहम्मद नसीम ने फर्जी अंगूठा लगाकर कागज जमा किए हैं। जिनका स्थलीय निरीक्षण भी नहीं कराया गया है,और कोटा बहाल हो गया। जिसकी शिकायत पीड़ित कार्ड धारकों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को शपथ पत्र के साथ की है। पीड़ित शपथ कर्ताओं ने बताया हम लोगों के फर्जी शपथ पत्र राशन की दुकान को बहाल कराने के लिए फर्जी अंगूठा और दस्तखत बनाकर शपथ पत्र जमा किया गया है। पीड़ित कार्ड धारक शपथ कर्ताओं ने कोटेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोगों को इसकी कोई जानकारी नहीं है।

पीड़ित कार्ड धारकों ने बताया कि कोटेदार द्वारा लगातार घटतौली की जा रही थी। जिसकी शिकायत हम सभी 42 कार्ड धारकों ने उपजिलाधिकारी तिलोई से लिखित शपथ पत्र के साथ शिकायत की थी। कोटा को निलंबित कर दिया गया था। लेकिन कोटेदार के द्वारा फर्जी कागज जमा करके कोटा बहाल करवा लिया गया है। और अब कोटेदार धमकी देते हैं कि जिन्होंने शिकायत की थी, वह राशन लेने आएंगे तब हम उनको बताएंगे की राशन किस तरह दिया जाता है।और कितना दिया जाता है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत शिल्पकार व कारीगर करें आवेदन

जन एक्सप्रेस/अमेठी। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा ''पीएम विश्वकर्मा योजना'' की घोषणा की गयी है। जिसका शुभारम्भ 17 सितम्बर को किया जायेगा। बतायाकि योजना की गाइडलाइन्स के अनुसार 18 विधाओं में क्रमशः बढ़ई, किश्ती निर्माता, लोहार, सुनार, ताला मरम्मत, मूर्तिकार कुम्हार, मोची आदि बनाने वाले पारम्परिक शिल्पियों, कारीगरों को कौशल उन्नयन हेतु पांच दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा व गारन्टी मुक्त एक लाख का ऋण अपने कार्य को बढ़ाने के लिए बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त प्रत्येक लाभार्थी को 15000 रुपए का ई बाउचर प्रदान करने के साथ-साथ एक डिजिटल आईडी, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का डिजिटल प्रमाण पत्र एवं विश्वकर्मा योजना पहचान पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा। लाभार्थी इसी डिजिटल प्रमाण पत्र के आधार पर इस योजनान्तर्गत सभी लाभों को प्राप्त कर सकेंगे। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना का प्रचार-प्रसार कराने एवं उन्हें लाभान्वित कराने के उद्देश्य से जनपद के सम्बन्धित कार्मिक विभिन्न विकास खंडों नगरीय क्षेत्र में कैम्प लगाकर प्रतिदिन प्रगति से जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र अमेठी को अवगत कराएंगे।

## सीडीओ ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा द्वारा विकास भवन से पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। जो प्रत्येक तहसील व विकास खण्ड में जायेगा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण रंगोली बनाने के साथ ही पोषण रैली भी निकाली गई।

इस सम्बन्ध में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जायेगा। इस वर्ष की मुख्य थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत है तथा राष्ट्रीय पोषण माह में विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य, पंचायतीराज, शिक्षा, खाद्य एवं रसद, कृषि व उद्यान, आयुष नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, ग्राम्य विकास की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि पोषण माह में स्कूल केन्द्रित गतिविधियां, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा सामुदायिक भूमि पर पोषण वाटिका को बढ़ावा देना, गृह भ्रमण पोषण रैली, जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

पोषण माह की थीम के तहत प्रभावी स्तनपान व सम्पूर्ण आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाइफ, मेरी माटी मेरा देश, जनजातीय केन्द्रित पोषण अभिमुखीकरण एवं एनीमिया स्तर में सुधार हेतु परीक्षण, उपचार व संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित मुख्य सेविकाएं उपस्थित रहीं।

# बल्दीराय बार एसोसिएशन ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बल्दीराय/सुल्तानपुर



बार एसोसिएशन बल्दीराय के पदाधिकारी व अधिवक्ताओं ने हापुड़ की घटना को लेकर उपजिलाधिकारी विदुषी सिंह को ज्ञापन सौपा है। आज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह के अगुवाई में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्वक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को देकर तीन दिन न्यायिक कार्य से बिरत रहने का आह्वान किया।

अधिवक्ताओं ने पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए हापुड़ कांड की घटना की निंदा की।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि हापुड़ कांड में अधिवक्ताओं के ऊपर दर्ज मुकदमे वापस हो। कांड में संयुक्त पुलिसकर्मी नौकरी से बर्खास्त हो। तभी हम लोग शांत बैठेंगे नहीं तो प्रदेशव्यापी आंदोलन होगा। संगठन के महामंत्री ध्रुव राज पांडे ने कहा कि यूपी पुलिस को अधिवक्ता संगठनों से सीख लेनी लेनी चाहिए अधिवक्ता का प्रदेश में सबसे बड़ा संगठन है सरकार को चाहिए कि पुलिस कर्मियों की नौकरी से बर्खास्त व उनके ऊपर विधिक कार्यवाही हो नहीं तो हम लोग बार काउंसिल के निर्देशानुसार प्रदेश में आंदोलन को बाध्य होंगे। एसडीएम बल्दीराय बिदुषी सिंह व तहसीलदार घनश्याम भारतीय ने अधिवक्ताओं से ज्ञापन लेकर उच्च अधिकारियों को भेजने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने में अधिवक्ता राधेश्याम श्रीवास्तव, अनिल यादव, बद्री शुक्ला, द्वारिका यादव, अजय दुबे, अनफाल अहमद, प्रदीप पांडे, अफजल खान, अखिलेश पाठक, आनंद तिवारी, पवन दूबे, विकास मिश्रा, सर्वोदय सिंह, कृपा शंकर पाठक, अविनाश तिवारी, गिरजा शंकर यादव, कृष्ण कुमार तिवारी, आलोक श्रीवास्तव प्रवीण मिश्रा, श्रीकांत दुबे, प्रदीप सोनकर, जयशंकर पांडे, संजय सिंह, राजेश सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## शिक्षकों का ऐतिहासिक एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन संपन्न

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की मांगों/समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के आह्वान पर बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन बहाली समेत शिक्षकों की 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष/मांडलिक मंत्री अयोध्या दिलीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सम्मुख मैदान में एकदिवसीय सांकेतिक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय राम बहादुर को ज्ञापन दिया गया। कोरोना काल के बाद यह शिक्षकों का ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन था। जिसमे शिक्षकों का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। शिक्षक नेताओ के गर्जना से दहला बीएसए कार्यालय। जनपदीय प्रवक्ता निज़ाम खान ने बताया कि पूर्व नियोजित चरणबद्ध आंदोलन में जिले के शिक्षक शिक्षिका चिलचिलाती धूप में शिक्षकों के साथ हो रहे सौतेला व्यहवार पर शासन के विरुद्ध नाराजगी जताई। समस्याओं के निस्तारण न होने से आक्रोशित शिक्षकों ने खेद प्रकट करते हुए सरकार की शिक्षक विरोधी नीतियों और कार्य प्रणाली पर गरजे। ध्यातब्य है कि बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन तो केवल कर्मचारियों शिक्षकों की ही जरूरत नही है अपितु समस्त देश के युवा नौजवान बेरोजगारों की भी है। हर माता पिता का सपना होता है कि वे अपने बच्चे को पढ़ा लिखा कर इस योग्य बनाये जिससे उन्हें सरकारी नौकरी मिले। जिसमे बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्राप्त हो। पुरानी पेंशन के अतिरिक्त 18 सूत्रीय मांगों में प्रमुख मांगे क्या है बुढ़ापे, कैशलेश चिकित्सा सुविधा, उपार्जित अवकाश, पदोन्नति, प्रोन्नत वेतनमान, मृतक आश्रित नियुक्ति, 17140-18150 वेतनमान, प्रधानाध्यापक पद बहाल करने इत्यादि 18 मांगो लंबित है।

# क्षयरोग को जड़ से समाप्त करने के लिए धर्मगुरुओं के साथ लिया संकल्प

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ओम प्रकाश चैधरी पदभार ग्रहण करते ही पूरे वेग से विभाग के ढीले नट-बोल्ट कसने में लगे हुए है। अपने कार्यालय से लेकर पीएचसी/सीएचसी का औचक नीरिक्षण करना, अनुपस्थित मिलने पर वेतन रोकना, शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में गति लाना डॉ.ओम प्रकाश चौधरी की हॉबी में शामिल है।

इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चैधरी ने जिले के गणमान्य व धर्मगुरुओं के साथ क्षयरोगियों की देखभाल, उन्हें गोद लेने के संबध में एक बैठक का सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजन किया गया। जिसमें डिप्टी सीएमओ डॉ.लालजी, डॉ. अब्दुल मुजफ्फर नजीब, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ.डीएस मिश्रा, क्षयरोग परिक्षण अधिकारी सुरेश जी, संतोष यादव डीपीएम, प्रदीप तिवारी डब्ल्यूएचओ सहित समाजसेवी व धर्मगुरु मौजूद रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य 2025 तक देश को टीबी रोग से मुक्त करना है, उन्होनें कहाकि टीबी की जांच एवं उपचार जनपद के समस्त सामुदायिक /प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर निशुल्क किया जाता है तथा प्रत्येक माह की 15 तारीख को एकीकृत निःक्षय दिवस मनाया जाता है। जिसमें एचडब्लयूसी पर कार्यरत सीएचओ द्वारा टीबी के लक्षण वाले मरीजों का नमूना प्राप्त कर जांच किया जाता है और टीबी के सभी मरीजों की प्राईवेट/पब्लिक की सूचना निःक्षय पोर्टल पर अनिवार्य रुप से अंकित किया जाता है साथ ही प्रत्येक क्षयरोगियों को 500 रू. डीबीटी के माध्यम से निःक्षय पोषण योजना के अंतर्गत भुगतान किया जाता है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चैधरी ने बताया कि बिगडी हुई टीबी की जांच जनपद में सिर्फ सीबीनॉट विधि से जिला चिकित्सालय के कक्ष संख्या 21 तथा ट्रूनॉट विधि से लंभुआ, दोस्तपुर, जयसिंहपुर, कुरेभार, बल्दीराय तथा कुड़वार में किया जाता है। सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चैधरी ने धर्मगुरु व समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वालों से अपील करते हुए कहाकि आपलोग क्षयरोगियों को गोद लेकर उनका मनोबल बढाने तथा जनपद को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करें। उक्त अवसर पर पत्रकार एवं समाजसेवी अनिल द्विवेदी, अब्दुल सत्तार सहित सभ्रांत लोग बैठक में मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने दीवानी कचेहरी में किया कलमबंद हड़ताल एवं धरना-प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

दीवानी कचेहरी में सोमवार को हापुड़ काण्ड के विरोध में राज्य विधिक परिषद् उ0 प्र0 के आवाहन पर अनिल कुमार अग्निहोत्री, एडवोकेट व अन्य सभी भावी प्रत्याशियों एवं बार एसोसिएशन के सभी पूर्व पदाधिकारियों के नेतृत्व में सभी अधिवक्तागणों ने शांतिपूर्ण जुलूस निकालकर धरना प्रदर्शन किया, एवं कलम बंद हड़ताल रखें, उक्त आन्दोलन अभी अगले 02 दिनों तक जारी रहेगा, तदानुसार राज्य विधिक परिषद् के आदेशानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# मिलेट्स कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के गवर्निंग बोर्ड की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिए गवर्निंग बोर्ड की बैठक बचत भवन सभागार में की। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक विनोद कुमार से इस संबंध से अब तक हुई प्रगति के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित कृषक संगठनो को भी अपने अनुभवों को साझा करने को कहा। उन्होंने इस संबंध में उनकी समस्याएं भी सुनी और पशु चिकित्सा अधिकारी और कृषि अधिकारी को उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि डेमोंसट्रेशन के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जाए। इसके लिए फार्म स्कूलों में किसानों की बैठक आयोजित की जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कृषि विभाग के साथ मिलकर इस संबंध में और प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने डेयरी विभाग से समन्वय बना कर इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का निर्देश दिया।

कृषि क्षेत्र में वित्तीय दरों पर भी उन्होंने विस्तार पूर्वक चर्चा की। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत पूर्व में और अब तक हुई प्रगति जानी। इस बार धान के उत्पादन में प्रगति के विषय मे उप कृषि निदेशक से चर्चा की। जिलाधिकारी ने रोटावेटर का लक्ष्य बढ़ाने का निर्देश दिया। मिलेट्स कार्यक्रम के अंतर्गत श्री अन्न को बढ़ावा देने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया।

उप निदेशक ने बताया कि इसे बढ़ावा देने के लिए किसानों को तीन तीन किलो के मोटे अनाज उपलब्ध कराए गए है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम कराए जाएं। साथ ही मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए एफपीओ को भी शामिल किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, जिला कृषि अधिकारी के अतिरिक्त कृषि संगठन और संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## लम्पी स्किन डिजीज रोकथाम के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

बारिश के उपरांत होने वाले संक्रामक रोगों में लम्पी स्किन डिजीज एक प्रमुख संक्रामक रोग है। यह प्रायः पशुओं में वायरस के माध्यम से फैलता है। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बताया कि इस बीमारी की रोकथाम के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी पशुओं का समय से टीकाकरण कराया जाए। साथ ही किसान भाइयों को जागरूक किया जाए कि वह अपने-अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य करा ले। उन्हें यह भी बताया जाए कि यदि उनके किसी पशु को यह बीमारी लग गई है तो वह पहले अन्य पशुओं से इसे अलग कर दे और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने सभी ब्लॉकों में पशु चिकित्सा अधिकारियों को पशुओं के टीकाकरण पर विशेष अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया जाए।

यदि किसी प्रकार की लापरवाही होती है तो नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशु पालक किसान भाइयों के लिए टोल फ्री नंबर 1962 और कंट्रोल रूम नंबर 9721652000 साझा किया है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को अपने पशुओं में इस प्रकार की कोई भी बीमारी नजर आती है तो वह इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशु पालक किसान भाइयों के लिए टोल फ्री नंबर 1962 और कंट्रोल रूम नंबर 9721652000 साझा किया है।

# शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सुपर नाइंटी संस्थान ने राइजिंग चाइल्ड स्कूल की शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल परिसर में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट द्वारा किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच जहां शैक्षणिक एवं मनोरंजन व्यवस्था विद्यालय परिवार के द्वारा की गई, वहीं सुपर नाइंटी संस्थान द्वारा राइजिंग चाइल्ड स्कूल की शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर राइजिंग चाइल्ड स्कूल की शिक्षिका सारा विल्डन, स्मृति बाजपेई, शालिनी सिंह, अशफिया खान, ऐना वर्मा, दिव्या, ऐनी खान, मोनिका सावलानी, महिमा चैरसिया, नेहा सिंह, प्रगति श्रीवास्तव, रत्नेश सिंह, सुष्मिता शुक्ला, स्नेहलता वर्मा, स्वामी बग्गा, श्रुति, अमित त्रिपाठी, शिप्रा, अंजलि, नेहा पांडेय, नशरा खान, ज्योति बग्गा, जेबा खान, शुभी मिश्रा, शिवली, प्रिया, कृतिका, रमसा, श्वेता, प्रियंका, शिखा, अदिति तिवारी, मन्तशा, आरती गुप्ता, नेहा अवस्थी, ममता श्रीवास्तव, सृष्टि, रीना वर्मा को श्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुपर नाइंटी संस्थान के प्रबंध निदेशक विवेक सिंह और अनामिका सिंह ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा राइजिंग चाइल्ड स्कूल में शिक्षा एवं सुरक्षा के साथ-साथ बच्चों के बहुमुखी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जो नईशिक्षा नीति के क्रम में अत्यन्त उपयोगी है। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा बदलते परिवेश में विद्यालय के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में मुख्य पटल पर लाने के लिए राइजिंग चाइल्ड स्कूल कृत संकल्पित है। इस मौके पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रविंद्र नाथ हरि, मो. तौफीक, अक्षय शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## आबकारी कार्यवाही में 44 लीटर अवैध शराब बरामद, तीन अभियोग दर्ज

जन एक्सप्रेस/अमेठी। पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में सोमवार को सतीश चंद्र प्रभारी आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 4 तिलोई मय हमराह स्टाफ के साथ ग्राम पैठाना, खैरहना, ब्राम्हणी थाना फुरसतगंज में दबिश देकर करीब 44 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही 250 किलो लहन मौके पर नष्ट कर तीन मुकदमें पंजीकृत किये गये ।तथा आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। गांव के लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले घातक दुष्प्रभावों से परिचय कराते हुये केवल लाइसेंसी दुकानों पर मिलने वाली वैध मदिरा के सेवन हेतु प्रेरित किया गया। किसी व्यक्ति या स्थल पर अवैध शराब के निर्माण,संचय अथवा बिक्री की सूचना टोल फ्री हेल्पलाइन अथवा आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की गयी।

# राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में व तरुण सक्सेना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के मार्गदर्शन व उमाशंकर कहार अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में आज आंगनवाड़ी केंद्र सत्यनगर तृतीय में पोषण सप्ताह के अंतर्गत विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा हेतु उचित पोषण के महत्तव के विषय में जन जागरूकता पैदा करना है। आज के स्वस्थ बच्चे कल का स्वस्थ भारत है। इनके बेहतर स्वास्थ्य का देश के विकास, उत्पादकता तथा आर्थिक उन्नति पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है। शिविर में उपस्थित लोगों को पराविधिक स्वयं सेवकों पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति व सी0डी0पी0ओ0 शहर संध्या श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। यही बात समझाने के लिए हर साल राष्ट्रीय पोषण सप्तांह का आयोजन किया जाता है। इस दौरान लोगों को अपने खानपान में उन चीजों को शामिल करने के लिए जागरुक किया जाता है, जिनके जरिए उनके शरीर को पोषण मिल सके, इम्यु निटी मजबूत हो सके और शरीर लंबे समय तक सेहतमंद रहे। उक्त जागरुकता शिविर में संध्या श्रीवास्तव सुपरवाइजर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, अनीता त्रिपाठी, शिवप्यारी, सरिता सिंह, शंकुन्तला यादव आंग.नबाड़ी कार्यकर्ती, ललिता यादव सहायक आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सहायिका रेखा वर्मा उपस्थित रही।

## केंद्र व राज्य में भाजपा का प्रतिनिधित्व, केंद्रीय राज्यमंत्री के घर भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

# पीएम मोदी व सीएम योगी की चुप्पी के बीच प्रदेश में 80 सीटों का आंकड़ा?

## केंद्रीय राज्यमंत्री के घर हुई वारदात पर शीर्ष नेतृत्व का मौन, मोहनलालगंज से सांसद होगा कौन?

विश्वामित्र पांडेय

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

लखनऊ केंद्र सरकार में रहे भाजपा के कुछ मंत्रियों के बेटों ने खूब नाम कमाया लेकिन जनता के बीच इसका प्रभाव सकारात्मक न होकर नकारात्मक रहा। हालाकि वर्तमान केंद्र व राज्य सरकार के कुछ एक शीर्ष नेताओं के बेटे चाहे वह केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के बेटे का मामला रहा हो या केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के बेटे का मामला हो या सांसद बृजभूषण शरण सिंह का मामला रहा हो अथवा उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बेटे का मामला हो, सरकार में शामिल माननीयों के मामले पर शीर्ष नेतृत्व की चुप्पी ने प्रदेश की जनता को संशय में डालने का कार्य किया है। ऐसी हालत में आगामी लोकसभा चुनाव में जनता का रुख एक बार फिर बदलना स्वाभाविक है। वर्ष 2014 में केंद्र व 2017 में प्रदेश की सत्ता को जनता ने भाजपा के हाथों में सौंपने का काम किया, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि इन बड़ी वारदातों के बाद भी सरकार व पार्टी के शीर्ष नेतृव का मूक बने रहना अब प्रदेश की जनता को भी रास नहीं आ रहा है। ऐसे में अटकलों का बाजार गर्म होता नजर आने लगा है। चर्चाएं यह भी हो रही हैं कि इस बार मोहनलालगंज लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का टिकट कट सकता है। हालाकि अभी पार्टी की ओर से इस पर कोई चर्चा या टिप्पणी नही की गई है। लोगों का ऐसा मानना है कि मंत्री कौशल किशोर के अलावा मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के पास कोई विकल्प भी नहीं है, लिहाजा ऐसा माना जा रहा है कि कौशल किशोर भाजपा की मजबूरी बन चुके हैं।





### केंद्रीय राज्यमंत्री के बेटे ही नहीं शराब पीने में रिश्तेदार भी नहीं हैं पीछे

फिलहाल नशा मुक्त भारत अभियान चलाने वाले मंत्री के कई करीबी शराब पीकर रोते और गाली देते नजर आए, जबकि केंद्रीय राज्यमंत्री ने अभी भी नशा मुक्त भारत का अभियान चला रखा है। मुलाकात के दौरान मंत्री के एक रिश्तेदार भी नशे में रोते नजर आए। स्थानीय लोगों का ऐसा मानना है कि अभियान में शामिल कई कार्यकर्ता भी ऐसे हैं जोकि शराब पीने के आदी हैं। उनका दावा है कि कौशल किशोर का अभियान महज एक दिखावा है।

### सीबीआई जांच नहीं होने पर लोक भवन का घेराव: अमिताभ



"आज आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा कि यदि केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के घर हुए हत्याकांड के मामले में राज्य सरकार द्वारा सीबीआई जांच नहीं कराई जाती है, तो उनकी पार्टी लोक भवन का घेराव करेगी। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कहा है कि लखनऊ पुलिस की अब तक की जांच से सीधे-सीधे दिख रहा है कि मंत्री के पुत्र को बचाने का प्रयास चल रहा है। ऐसे में इस मामले में सिर्फ सीबीआई जांच से ही न्याय संभव है। उन्होंने आगे कहा कि यदि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 10 दिनों में सीबीआई जांच की संस्तुति नहीं की जाती है तो आजाद अधिकार सेना लोक भवन का घेराव करेगी।



"राजनीति में भी सबका वक्त होता है फर्क इतना है कि राजनेता अपने अच्छे आचरण से जनता का प्रतिनिधित्व करता है लेकिन जब उसका नैतिक पतन हो जाता है तो जनता ही उसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देती है।

–मनीष यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष
भारतीय किसान मजदूर यूनियन–दशहरी

### मंत्री के करीबी का दावा, सीबीआई जांच करे तो 'नशा मुक्त भारत अभियान' भी हो सकता है विनय की हत्या का कारण!

नाम का खुलासा न करने की शर्त पर केंद्रीय राज्यमंत्री के एक करीबी ने कहा कि यदि सीबीआई द्वारा मामले की जांच की गई तो कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान कौशल का के एंगल भी सामने आ सकता हैं। क्योंकि अभियान के संचालन में विभिन्न माध्यमों से मिल रही बड़ी धनराशि का घालमेल करने की योजना बन रही थी या फिर कर ही दिया गया हो!

## पीईटी-2023 की तारीख घोषित, दो दिन होगी परीक्षा, 20 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में समूह ग की भर्तियों के लिए अनिवार्य प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी 2023 का आयोजन 28-29 अक्तूबर को किया जाएगा। इसमें 20,07,340 अभ्यर्थी शामिल होंगे। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए परीक्षा दो दिन में कराने का निर्णय लिया है। जल्द ही इसके लिए प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। इसके लिए आयोग की ओर से एक से 30 अगस्त तक आवेदन लिए गए थे। पीईटी-2022 में पीईटी के अभ्यर्थियों की संख्या 37,58,209 थी। वहीं 2021 में पहली बार भी अभ्यर्थियों की संख्या लगभग 20 लाख ही थी। मालूम रहे कि प्रदेश में समूह ग की भर्तियों के लिए पीईटी क्वालीफाई होना अनिवार्य है। पीईटी क्वालीफाई अभ्यर्थी ही इसके स्कोर के आधार पर सभी विभागों की निकलने वाली भर्तियों के लिए अर्ह होते हैं। इसमें सभी स्ट्रीम के छात्र शामिल होते हैं।

## थारू जनजाति संस्कृति संग्रहालय के संचालन हेतु दीनदयाल शोध संस्थान नई दिल्ली के मध्य हुआ एमओयू

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने थारूओं के इतिहास को अजर-अमर बनाने तथा उनकी विरासत को संरक्षित करने के साथ ही उनके सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार कराकर उसको धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। थारू जनजाति द्वारा देश की संस्कृति एवं विरासत को बचाने के लिए दिये गये बलिदान एवं योगदान को हमेशा स्मरण किया जायेगा। राज्य सरकार थारूओं के विरासत को संरक्षित करने के लिए कटिबद्ध है। जयवीर सिंह आज पर्यटन निदेशालय में नवनिर्मित थारू जनजाति संस्कृति संग्रहालय इमिलिया कोडर बलरामपुर के संचालन, प्रबंधन एवं रख-रखाव हेतु संस्कृति विभाग एवं दीनदयाल शोध संस्थान नई दिल्ली के मध्य एमओयू के निष्पादन के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे।

## अखिलेश यादव का आरोप: घोसी में खुलेआम शराब बांट रहे हैं भाजपाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



घोसी उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा कार्यकर्ता आचार संहिता का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। सपा कार्यकर्ता पूर्व प्रधान आशीष यादव, शंकर यादव, कन्हैया यादव और राजीव यादव को स्थानीय पुलिस द्वारा उठा ले जाने का आरोप लगाया है। फतेहपुर के शनोज को लाल पर्ची दिखाकर पुलिस द्वारा उठाने के आरोप लगाए। ये भी आरोप लगाए कि दलित बस्ती में भाजपाई शराब एवं पैसा बांट रहे है। उन्होंने चुनाव आयोग से संज्ञान लेकर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि है कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है। भाजपा का आचरण संविधान विरोधी है और सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। घोसी में वह चुनाव हार रही है। इसलिए समाजवादी पार्टी पर झूठे आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग देखे कि घोसी में सपा के विरुद्ध भाजपा प्रत्याशी ही नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र भी मैदान में है। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि भाजपा वोट का अधिकार छीनकर तानाशाही स्थापित करना चाहती है। इस बार घोसी की जनता एकजुट होकर अपने वोट के अधिकार से लोकतंत्र विरोधी भाजपा को हराकर जवाब देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा घोसी विधानसभा उपचुनाव में तांडव कर रही है। पुलिस-प्रशासन को भाजपा कार्यकर्ता की तरह प्रयोग कर रही है। पुलिस-प्रशासन समाजवादी पार्टी समर्थकों और कार्यकर्ताओं को फर्जी तरीके से गिरफ्तार कर रही है।

## कर्नल गौरव कार्की ने कैडेट आशमीन बानों को नीट में सफ़लता के लिए किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** 64 उप्र वाहिनी एनसीसी, लखनऊ के कमान अधिकारी कर्नल गौरव कार्की ने 04 सितम्बर को आशमीन बानों को नीट 2023 में अपार सफ़लता के लिए सम्मानित किया। आशमीन बानों ने नीट में 649 अंकों के साथ 7430 रैंक हासिल कर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में प्रवेश हासिल किया है। स्नातक के साथ ही आशमीन बानो ने 64 उप्र वाहिनी एनसीसी, लखनऊ से इसी वर्ष 'सी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया है।अपने संबोधन में कर्नल कार्की ने कहा कि आशमीन बानो की यह सफलता नारी सशक्तिकरण और प्रगतिशील भारत का एक जीता जागता उदाहरण है।कैडेट आशमीन बानो पुत्री मोहम्मद उमर निवासी ग्राम सुनगा बहराइच की रहने वाली है।

## यूपी बेसिक शिक्षा विभाग: ट्रांसफर और आदेशों में उलझकर रह गए शिक्षक, मेडिकल की सुविधाएं भी अधर में




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में हर विद्यालय को निपुण यानी सुव्यवस्थित बनाने की कवायद चल रही है, लेकिन हो उल्टा रहा है। चाहे दस साल बाद शुरू हुई पदोन्नति प्रक्रिया हो, एक दशक बाद हो रहे तबादले या फिर मेडिकल सुविधा। सब अधर में। अगस्त में कई बार विभिन्न जिलों से आए शिक्षकों ने लखनऊ में धरना दिया और सीएम आवास का घेराव की कोशिश की। इन सब वजहों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं कुछ जिलों में एकल शिक्षक वाले विद्यालय भी बंद हो गए हैं। बेसिक के विद्यालयों में शिक्षकों की पदोन्नति की प्रक्रिया फरवरी 2022 में शुरू हुई थी। अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। एक दशक बाद हो रही पदोन्नति प्रक्रिया से शिक्षकों को पहले काफी उम्मीद थी, लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। हाल में शिक्षकों ने इस मामले में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद से मिलकर अपनी बात रखी है। इसी तरह लंबी कवायद के बाद विभाग ने जून अंत में 16614 शिक्षकों का एक से दूसरे जिले तबादला किया। तबादला पाए काफी शिक्षकों को कार्यमुक्त करने से रोक दिया गया। इसमें सामान्य शिक्षक ही नहीं कैंसर व अन्य गंभीर बीमारी से प्रभावित शिक्षक भी शामिल हैं। कार्यमुक्त करने के लिए आए दिन शिक्षक लखनऊ में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। समस्या यहीं नहीं खत्म हुई। तबादला पाए जो शिक्षक कार्यमुक्त हो गए, उन्हें अब तक विद्यालय का आवंटन नहीं हुआ है। विद्यालय का आवंटन न होने से और पुराने शिक्षकों के कार्यमुक्त हो जाने से एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में महीनों से पठन-पाठन ठप है। कुछ जगहों पर वैकल्पिक व्यवस्था की गई, किंतु वह प्रभावी नहीं हो पा रही है। वहीं तबादला पाए शिक्षकों की आवश्यक प्रक्रिया न पूरी होने से उनका दो महीने से वेतन नहीं जारी हुआ। ऐसे में उनके सामने परिवार का खर्च चलाने में दिक्कत आ रही है। हाल में शिक्षकों ने इसके लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा से मिलकर पीड़ा बताई थी।

### जमीनी हकीकत से विभाग अनजान

विभाग की शिक्षकों को लाभ देने की इच्छा शक्ति या इरादा ही नहीं है। पदोन्नति किए बिना पहले शिक्षकों का तबादला किया और अब वापस कर रहे हैं। स्थानांतरित शिक्षक दो महीने से बीएसए के यहां उपस्थिति लगा रहे हैं और स्कूल बंद हैं। विभाग आदेश तो निकालता है, लेकिन उसकी जमीनी हकीकत नहीं समझता है। शिक्षकों, शिक्षक प्रतिनिधियों से वार्ता न करके निर्णय लिए जाते हैं।

**– सुधांशु मोहन, अध्यक्ष,** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ

### एक नंबर के लिए अभ्यर्थी 25 दिन से धरने पर

प्राथमिक विद्यालयों में तैनाती पाए शिक्षक ही नहीं यहां तैनाती के लिए प्रयास कर रहे भावी शिक्षक भी परेशान हैं। 69000 शिक्षक भर्ती में एक नंबर से नियुक्ति पाने से वंचित लगभग 1200 अभ्यर्थी ईको गार्डन में 25 दिन से धरना दे रहे हैं। इनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने दस माह पहले नौ नवंबर 2022 को एक अंक बढ़ाने के लिए निर्देश दिए थे। परीक्षा नियामक प्राधिकारी ने भी इसके लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची बेसिक शिक्षा विभाग को भेज दी है। लेकिन विभाग इस पर कार्यवाही नहीं कर रहा है। ऐसे में वे नियुक्ति के लिए भटक रहे हैं।

### 69000 शिक्षक भर्ती का आरक्षण मामला कोर्ट में

69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण का मामला काफी दिनों से हाईकोर्ट में चल रहा है। इसमें न्याय की उम्मीद लगाए भावी शिक्षक भी परेशान हैं। विभाग यहां भी अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पा रहा है। वहीं, हाल में हुए एक से दूसरे जिले में तबादला पाए 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों की सांसे भी अटकी हैं। पहले तो विभाग ने उन्हें कार्यमुक्त करने से रोक दिया, विरोध–प्रदर्शन के बाद उन्हें कार्यमुक्त करने का निर्णय लिया है। किंतु अभी उनका अलग से डाटा तैयार किया जा रहा है।

### इसी सप्ताह शुरू होगी स्कूल आवंटन प्रक्रिया

शिक्षकों से जुड़ी सभी प्रक्रिया को पूरी करने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर इसे निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूल आवंटन की प्रक्रिया इसी सप्ताह शुरू हो जाएगी और इसके साथ ही वेतन भी जारी करने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं, इसके लिए भी जल्द निर्णय लिया जाएगा। शिक्षकों की संख्या और डाटा काफी बड़ा होने के कारण थोड़ा समय लग रहा है। सभी प्रक्रिया को जल्दी से पूरा कर पठन–पाठन सामान्य किया जाएगा।

# सुरक्षा के मुद्दे पर हम महिलाओं का विश्वास जीतने में सफल रहे: सीएम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े छह वर्ष में उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। आज प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है। एनसीआरबी के आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि उत्तर प्रदेश में हर प्रकृति के अपराध में कमी आई है। उन्होंने कहा कि 2022 में हम कानून व्यवस्था को आधार बनाकर चुनाव के मैदान के गए थे और यह बहुत बड़ी बात है कि कानून व्यवस्था के मामले पर कोई सरकार दो तिहाई बहुमत के साथ रिपीट हो जाए। इसमें बड़ी भूमिका आधी आबादी ने निभाई, जिन्हें सुरक्षा का बेहतर वातावरण मिला। आज महिलाएं प्रदेश में कहीं भी बिना भय के अकेले यात्रा कर सकती हैं। हमारी सरकार आधी आबादी के विश्वास को जीतने में सफल रही। सीएम योगी सोमवार को होटल ताज में आयोजित एक समाचार पत्र के कार्यक्रम यूपी राइजिंग 10 साल 10 बदलाव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश को लेकर लोगों का परसेप्शन था कि यूपी का कुछ नहीं हो सकता, यूपी नहीं सुधर सकता, यूपी एक बीमारू राज्य है जो देश को बीमार कर रहा है। पिछले साढ़े छह वर्षों में हमारी सरकार देश और दुनिया में उत्तर प्रदेश के प्रति व्याप्त इस धारणा को बदलने में सफल रही। आज उत्तर प्रदेश को लेकर लोगों में नकारात्मक सोच नहीं है। आज उत्तर प्रदेश सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से संभव हो पाया, जिन्होंने एक प्रकाश पुंज के रूप में उत्तर प्रदेश को नई दृष्टि दी। सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले भारत के बारे में दुनिया की धारणा बहुत नकारात्मक थी। दुनिया का कोई भी देश भारत को गंभीरता से नहीं लेता था। देश की बागडोर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में आने के बाद भारत के प्रति दुनिया की धारणा बदली है। अब दुनिया भारत को सकारात्मक दृष्टि से देखती है और गंभीरता से लेती है। आज दुनिया में जब कोई संकट आता है तो भारत और प्रधानमंत्री मोदी संकट मोचक के रूप में दुनिया को संकट से निकालने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक देश के अंदर एक विश्वास का माहौल उत्पन्न हुआ है कि देश का राजनैतिक नेतृत्व जो फैसला लेगा वो जनता और देश के हित में होगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देश के लोगों में बाह्य, आंतरिक और आर्थिक सुरक्षा के मामले में एक विश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज कोई भी दुश्मन भारत की तरफ टेढ़ी नजरों से नहीं देख सकता है, क्योंकि उसको मालूम है कि अगर हम घुसपैठ करेंगे तो भारत के बहादुर जवान पूरी मुस्तैदी के साथ उसका जवाब देंगे। आज भारत के दुश्मनों को पता है कि भारत की सीमा में अतिक्रमण करने के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। आंतरिक सुरक्षा के मुद्दे पर सीएम योगी ने कहा कि एक समय देश के 120 जनपद नक्सलवाद और माओवाद की चपेट में थे। आज यह छत्तीसगढ़ के बस्तर और उसके तीन-चार जनपदों तक सीमित रह गया है और जिस तरह से भारत सरकार कार्य कर रही है शीघ्र ही यह पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। सीएम योगी ने कहा पिछले 9 वर्ष के अंदर हमने बहुत ही शानदार तरीके से भारत को बदलते देखा है। भारत ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में एक लंबी छलांग लगाई है। आज भारत दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यही नहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2027 आते-आते भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने भी पिछले साढ़े छह वर्ष के अंदर प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में सफलता प्राप्त की है। उत्तर प्रदेश जो देश की छठी बड़ी अर्थव्यवस्था हुआ करता था। आज वह नंबर तीन की अर्थव्यवस्था बन चुका है। बहुत शीघ्र ही यूपी देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य होगा। इसकी घोषणा कभी भी हो सकती है। सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे सशक्त माध्यम संवाद है। इससे बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। वहीं जहां संवाद का अभाव होता है, वहां संघर्ष प्रारंभ हो जाता है। उन्होंने कहा कि विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका लोकतंत्र के तीन प्रमुख स्तंभ है। वहीं मीडिया को चौथे स्तंभ के तौर पर स्वीकार्य किया गया है। लोकतंत्र में इसकी अपनी सशक्त भूमिका है और निर्विवाद रूप से इसने अपनी इस भूमिका का निर्वहन किया है। सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र के इन चारों स्तंभों की अपनी लक्ष्मण रेखा है और जब भी कोई अपने लक्ष्मण रेखा का अतिक्रमण करेगा, उसके सामने विश्वास का संकट खड़ा हो जाएगा। जानता उसे सिरे से खारिज करने में देर नहीं लगाएगी।

### पहले नेताओं–अफसरों के रिश्तेदारों को मिलती थी नौकरी, अब निष्पक्ष भर्ती होती है: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब प्रदेश में पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से सरकारी नौकरियों में भर्ती होती है। पहले नेताओं और अफसरों के रिश्तेदारों को नौकरी मिलती थी। अब किसी से भी जाति व मजहब के आधार पर भेदभाव नहीं होता है। भर्ती योग्यता के आधार पर होती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में नौकरी और रोजगार में कहीं भी भ्रष्टाचार नहीं है। उन्होंने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं से कहा कि अब आप सभी को ईमानदारी से नौकरी करना है। बीते छह वर्षों में प्रदेश की छवि बदली है। प्रदेश में कानून का राज है। यूपी ने पूरे देश को सुरक्षा का मॉडल दिया है। उन्होंने कहा कि अब यूपी में कोई भी फाइल एक टेबल पर 3 दिन से ज्यादा नहीं रुकेगी। ई फाइल व्यवस्था लागू की जा रही है। इस मामले में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# विपक्षी गठबंधन को तीन सवालों के जवाब जल्द से जल्द ढूँढ़ने होंगे

**इंडिया गठबंधन के साथ चेहरे को लेकर भी दुविधा खड़ी हो रही है। चेहरे से मतलब है कि पीएम मोदी के खिलाफ किसे विपक्ष अपना पीएम उम्मीदवार दिखाने वाला है। अब ये सवाल भी अपने आप में बड़े सियासी तूफान को जन्म दे सकता है। इस बारे में अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भले ही पचास से ज्यादा नेता इंडिया की बैठक में शामिल होते हैं किंतु जब मोदी के मुकाबले के लिए किसी को सामने लाने का सवाल उठता है तब एक खालीपन महसूस होने लगता है।**

*विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक हाल ही देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले महानगर मुंबई में संपन्न हुई। विपक्षी गठबंधन की ये तीसरी बैठक थी। पहली बैठक जून में पटना में, जबकि दूसरी बैठक जुलाई में बेंगलुरु में हुई थी। जहां इसे इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) नाम दिया गया। तीन बैठकों के बाद भी विपक्ष तीन सवालों से लगातार मुंह चुरा रहा है या फिलवक्त वो इन सवालों का जवाव ढूंढ़ नहीं पाया है। पहला प्रश्न यह है कि प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन? दूसरा प्रश्न है, सीट बंटवारा कब तक? और अंतिम एवं तीसरा प्रश्न है कि गठबंधन का संयोजक कौन? मुंबई बैठक में एक बार फिर ये भाव उभरकर आया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए गैर भाजपाई दलों की एकता ही एकमात्र उपाय है। विपक्ष की तीसरी बैठक में तीन संकल्पों पर सहमति बनी। इंडिया के सभी दल लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। सीट शेयरिंग के बारे में सभी दल जल्द ही सहमति से फैसला लेंगे। सभी पार्टियों के नेताओं से कहा गया कि वह सहयोगी दलों को कितनी सीटें दे सकते हैं, इस पर जल्द से जल्द अपना पक्ष रखें। इंडिया के नेता पूरे देश में एक साथ रैली करेंगे। विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक से हासिल क्या हुआ ये कह पाना तो कठिन है लेकिन जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया, जैसा नारा जरूर तय हो गया। इंडिया गठबंधन की ये सबसे बड़ी चुनौती इस समय चल रही है। कैमरे के सामने सभी एकजुट होने का दावा जरूर कर रहे हैं, लेकिन अंदर खाने काफी कुछ चल रहा है। उन तमाम गतिविधियों की वजह से ही अब तक कई चीजों पर आम सहमति बनती नहीं दिख रही है। सबसे पहले इंडिया को ये तय करना था कि उसका संजोयक कौन बनने जा रहा है। कोई बहुत बड़ा सवाल नहीं था, इस पर ज्यादा विवाद भी नहीं होना था। लेकिन 26 पार्टियों वाला ये विशाल कुनबा इस सवाल का जवाब भी नहीं खोज पाया। संयोजक के नाम पर एक राय न होने की वजह साफ है कि विभिन्न नेताओं की महत्वाकांक्षाओं में टकराव है। वैसे तो सभी नेता कहते रहे हैं कि वे इस पद हेतु दावेदार नहीं हैं किंतु वास्तविकता ये है कि कांग्रेस येन केन प्रकारेण अपना संयोजक बनाना चाहती है किंतु आम आदमी पार्टी जैसे छोटे दल भी कांग्रेस की अगुवाई में काम करने के इच्छुक नहीं हैं। इंडिया गठबंधन के संयोजक के रूप में सबसे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम चल रहा था। उनकी तरफ से क्योंकि इस विपक्षी एकता की रूपरेखा रखी गई, उन्होंने ही शुरुआत में कई नेताओं से मुलाकात कर सियासी पिच खड़ी करने की तैयारी की, ऐसे में उन्हें ये मौका मिल सकता था। लेकिन जब तक ये अटकलें और ज्यादा जोर पकड़तीं, नीतीश ने मुंबई बैठक से पहले ही साफ कर दिया कि उन्हें इस पद की कोई लालसा नहीं है। वे तो किसी भी पद की उम्मीद में नहीं बैठे हैं। उन्हें तो बस विपक्ष को एकजुट करना है। जबकि असलियत यह है कि नीतीश कुमार संयोजक बनने के लिए लालायित हैं। लेकिन अंदरूनी तौर पर बिहार सरकार में ही उनके सहयोगी लालू प्रसाद यादव उनके नाम पर तैयार नहीं हैं। लालू नीतीश को राष्ट्रीय नेता बनते नहीं देखना चाहते। इसी कड़ी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम ने जोर पकड़ना शुरू किया। सूत्रों से यहां तक खबर मिलने लगी कि मुंबई बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे को ये अहम जिम्मेदारी दे दी जाएगी। लेकिन ऐन वक्त पर पता चला कि मुंबई बैठक में संयोजक का ऐलान नहीं किया जाएगा। एक परेशानी ये भी है कि यदि मल्लिकार्जुन खरगे या नीतीश संयोजक बनते हैं तो ये शरद पवार खेमे को ये नागवार गुजरेगा।*

## एक्सप्रेस आलेख

**देश व समाज की सेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, जिसमें शिक्षा का क्षेत्र भी प्रमुख हैं। देश में महिला शिक्षा की पहली लौ जलानेवाले महान समाज सुधारक सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले थीं, जिन्होंने महिला शिक्षा को सफल बनाने के लिए कई कठिनाइयों से संघर्ष किया, सावित्रीबाई फुले को भयंकर सामाजिक विरोध का सामना करना पड़ा। लोग उन पर कीचड़, पत्थर, गोबर फेंकते थे, मारते थे, गालियां देते थे, श्राप देते थे, तिरस्कार और घृणा की दृष्टि से देखते थे। इतने असहनीय अत्याचारों के बावजूद उन्होंने ज्योतिबा फुले की मदद से लड़कियों के लिए देश का पहला स्कूल खोला, नारी शक्ति सदैव उनकी ऋणी रहेगी। आज के समय में सच्चा शिक्षक बनना आसान नहीं है।**

# आज बाजारीकरण के युग में सच्चा शिक्षक होना आसान नहीं



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

**सच्चा शिक्षक कभी भी पहले खुद के बारे में नहीं अपितु विद्यार्थियों के विकास के बारे में सोचता है। आज समाज में कितने शिक्षक हैं जो महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, साने गुरूजी जैसा संघर्ष करके समाज में फैली बुराइयों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर हैं और आदर्श पीढ़ी के के शिक्षक कहलाने के काबिल है।**

शिक्षक को समाज में माता-पिता समान ईश्वर का रूप माना जाता हैं। शिक्षक त्याग, समर्पण और न्याय की वह मशाल हैं, जो स्वयं जलकर विद्यार्थियों को यश मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रकाशमान होती है। एक सच्चे शिक्षक में मुख्यतः गुण विषयतज्ञ, कौशलपूर्ण, मार्गदर्शक, दूरदर्शी, शोधकर्ता, विश्लेषक, मृदुभाषी, सहकारी, अनुशासित, समयनिष्ठ, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ, समर्पित, परोपकारी और मेहनती होते है। शिक्षक सर्वदा घृणित व्यवहार, लालच, अभिमान, दिखावा, नशा और भ्रष्टाचार से दूर रहकर, कठिन परिस्थितियों में भी हार न मानकर हमेशा समाज में नयी पीढ़ी को आदर्श रूप देने के लिए ऊर्जावान बने रहते है। सच्चा शिक्षक जात-पात, धर्म, रंग, ऊंच-नीच, लिंगभेद जैसे विचारों से अलिप्त रहकर अपने विद्यार्थियों को एक समान दृस्टी से देखता हैं जैसे माँ अपने सभी बच्चों को एक समान देखती है। देश में, समाज में, दुनिया में शिक्षक बेहद जिम्मेदारी का पद हैं, शिक्षक पर नई पीढ़ी को कर्तव्यदक्ष सुजान नागरिक में परिवर्तित करने की कला होती हैं। शिक्षक के कला-गुणों पर ही देश का उज्जवल भविष्य तैयार होता हैं, और यही हैं एक सच्चे शिक्षक की पहचान। आज समाज में आपराधिक वृत्ति काफी तेजी से बढ़ी हैं, स्कूली बच्चें से लेकर महाविद्यालयीन किशोर गंभीर अपराधों में लिप्त नजर आते हैं, सभ्यताओं, मूल्यों, मान, संस्कारों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती है, आज हम खूब सुशिक्षित हो रहे हैं लेकिन सुसंस्कृत क्यों नहीं? हर ओर शिक्षा का व्यापारीकरण नजर आता है। आज के आधुनिक समय में शहरों और महानगरों में स्कूल का नाम ब्रांड बन गया हैं, सभी अभिभावक नामी निजी स्कूलों में ही अपने बच्चो को पढ़ाना चाहते हैं, तो फिर यह प्रश्न चिन्ह तैयार होता हैं कि सर्वोत्तम स्कूली शिक्षा के बावजूद बच्चों को बाहर कोचिंग सेंटर क्यों भेजा जाता हैं? बेहतर निजी शिक्षा संस्थान में बच्चों को पढवाने के बावजूद बच्चों को प्रथम कक्षा से ही ट्यूशन लगवाना जरुरी समझा जाता है। विद्यार्थियों के ड्रेस, किताबें, कॉपियां, स्टेशनरी, बैग अर्थात सब शिक्षा संबंधी साहित्य खरीदारी के नियम भी पहले से तय होते हैं और वर्षभर अलग-अलग एक्टिविटीज-इवेंट अलग से चलते रहते हैं। आबादी के मामले में विश्व में अग्र क्रम पर तथा सबसे अधिक शिक्षासंस्थानों में तीसरे क्रमांक पर हमारा भारत देश है, फिर भी हर साल बड़ी संख्या में हमारे देश के लाखों विद्यार्थी पढ़ाई करने विदेश जाते है, साथ ही बड़ी मात्रा में देश का धन भी बाहर जाता है। गुणवत्ता की बात करे तो विश्वस्तर पर शीर्ष के शिक्षा संस्थानों में भारत का नाम नदारद है। यूनेस्को की शिक्षा रिपोर्ट 2021 अनुसार, देश में 1 लाख स्कूल सिर्फ 1 शिक्षक के भरोसे चलते हैं। देश के स्कूलों में 11.16 लाख पद रिक्त हैं, जिनमें से 69 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जबकि देश में उच्च शिक्षित बेरोजगारों की संख्या तेजी से बढ़ी हैं। शिक्षा विभाग क्षेत्र में अक्सर घोटालों की गूंज सुनाई देती हैं। कहाँ, किस पद का, किस काम का, कितना रेट तय है? यह उस क्षेत्र से संबंधी लोगों को पता होता हैं, लेकिन सब अपने फायदे के हिसाब से या डर से आँखे मूंदकर रहते हैं। अन्याय और भ्रष्टाचार करके अगर शिक्षक नौकरी पाता है, अनुचित कार्य करता है, तो वह कैसे अपने पद से न्याय कर पायेगा? और कैसे वह आदर्श पीढ़ी का शिल्पकार कहलायेगा? जिन निजी शिक्षा संस्थानों का नाम मशहूर हैं वहां शिक्षक कर्मचारियों का वेतन तो भी ठीक-ठाक हैं क्योंकि उन्हें अपना स्तर बनाए रखना हैं, परंतु अधिकतर संस्थानों में तो शिक्षक दिहाड़ी मजदुर से भी कम वेतन पर काम करता हैं। इस महंगाई के दौर में कई शिक्षकों का अत्यल्प वेतन पर कार्य करना, उनका जीना मुश्किल बनाता हैं, तो कही शिक्षकों को महीनों तक बिना वेतन कार्य करवाया जाता है, तो कई राज्यों में बरसों से नहीं अपितु दशकों से शिक्षकों की नई भर्तियां ही नहीं हुई है। अनेक शिक्षा-संस्थानों में योग्यतापूर्ण शिक्षक तक नहीं, फिर भी पढ़ाते हैं। देश के अनेक विश्वविद्यालय और सरकारी अनुदानित शिक्षा संस्थान ठेका पद्धति द्वारा अनेक वर्षो से शिक्षकों को टेम्परारी काम पर रख कर शिक्षा का कार्य चला रहे है। देश में केजी से लेकर पीएचडी तक शिक्षा के लिए आवश्यक तज्ञ शिक्षकों में बेतहाशा बेरोजगारी का आलम होने से शिक्षा क्षेत्र में नौकरी पाने के लिए संघर्ष चरम पर नजर आता है, जिसके कारण भेदभाव, भ्रष्टाचार, सिफारिश जैसी समस्या उदयमान होती है। इन सब के चलते जो जैसी नौकरी मिले किसी भी क्षेत्र में शिक्षक काम करने को तैयार हो जाते है। बड़ी संख्या में शिक्षक उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद शिक्षण विभाग में करियर न बनने के कारण मजबूरी में प्रोफेशन बदल लेते है। कई लोगों के जीवन का सबसे कीमती समय इसी तरह बर्बाद हो जाता हैं, जिसका उनके पूरे जीवन पर बुरा असर पड़ता है। शिक्षक जैसे पवित्र पद को कलंकित करने वाली अनेक खबरें आजकल देखने-सुनने को मिलती है, जो इंसानियत को भी शर्मसार कर देती है। ऐसे ये शिक्षक नहीं, समाज के भक्षक है, जो शिक्षक के मूल परिभाषा से अनभिज्ञ होकर ये शिक्षक के पद की गरिमा को धूमिल करते है। आज बढ़ती सामाजिक समस्याओं में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही, प्रदूषण, कामचोरी, झूठ, जालसाजी, संस्कारहीन व्यवहार इन सभी समस्याओं का मूल कारण लोगों द्वारा नियमों की अवहेलना और लापरवाही है, जो काफी हद तक उस व्यक्ति की शिक्षा और संस्कार पर सवाल उठाता है। कोई भी बचपन से ही अपराधी के रूप में जन्म नहीं लेता है, बच्चें कच्चे मिट्टी के घड़े से होते है, शिक्षक उन्हें जैसा बनाएंगे विद्यार्थी वैसा बन जायेंगे, माना कि बच्चों पर समाज और परिवार का प्रभाव भी होता है लेकिन मुख्य मार्गदर्शक की भूमिका में शिक्षक ही होता है। आज के इस व्यापारीकरण के युग में शिक्षक को आत्मचिंतन की बेहद आवश्यकता हैं, क्योंकि शिक्षक के कला-गुणों पर ही देश का आनेवाला कल निर्भर है।



**यूनेस्को की शिक्षा रिपोर्ट 2021 अनुसार, देश में 1 लाख स्कूल सिर्फ 1 शिक्षक के भरोसे चलते हैं। देश के स्कूलों में 11.16 लाख पद रिक्त हैं, जिनमें से 69 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जबकि देश में उच्च शिक्षित बेरोजगारों की संख्या तेजी से बढ़ी हैं। शिक्षा विभाग क्षेत्र में अक्सर घोटालों की गूंज सुनाई देती हैं।**

## एक्सप्रेस कविता

*सोचने के बाद और सोचने से पहले, अकेला है वह? उसने सोचा, वह अकेला नहीं है, उसके सोचने के पहले सोचने के बाद और सोचने के बीच, वह अकेला नहीं है, सब हैं उसके साथ। कई मित्र हैं उसके, हजारों, वाह वाह, पसंदगी, तारीफ, खुश करने शब्दों का भंडार, फूल, गुलदस्ते भेजते हैं सब, वह अकेला नहीं है पर कोई दिखता नहीं, कोई रूबरू मिलता नहीं, सब हैं, एक छोटे से डिब्बे में बंद, अदृश्य मायाजाल के तंतु, एक खिलौना, जिनसे हम नहीं खेलते वह खिलाता है सबको। कहां गए वे लोग, कहां गए सब के सब, जो गलबहियां डालते, हंसते खिलखिलाते, अब कोई नहीं हंसता, इमोजी हंसते हैं, सब यंत्र वत है हंसी भी, खिलखिलाहट भी, केवल अंगूठा दिखा कर, शाबाशी दे जाते हैं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*लंबा धागा और लंबी ज़ुबान केवल समस्याएं ही देते हैं, इसलिए धागे को लपेट कर और ज़ुबान को समेटकर रखना ही उचित है।*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 15:52 तक |
| नक्षत्रः | भरणी 09:01 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | व्याघात, 23:22 |
| सूर्योदयः | 06:04 |
| सूर्यास्तः | 18:34 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 15:27-17:00 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:54-12:44 |

## जन एक्सप्रेस

### है सांसत में जान !

*फंस रही है गाड़ी।*
*देकर के बयान।।*
*उच्च कोटि का बोलना।*
*है सांसत में जान।।*
*ज्यादा पाने खातिर।*
*कुछ भी देते बोल।।*
*आखिरकार लेकिन।*
*खुलती खुद ही पोल।।*
*आ रहा सब सामने।*
*किस पर दाव लगाया।।*
*हो रहा है मुश्किल।*
*था सबको बुलाया।।*
*जीत की है भूख।*
*है कुछ भी कर जाना।।*
*ठान लिया है हमने।*
*बजना ऐसे गाना।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पूरे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करने के लिए रोज करें योगासन



**स्वस्थ** रहने के लिए शरीर में ब्लड सर्कुलेशन होना बहुत जरूरी है। इससे न सिर्फ लंबे समय तक एक्टिव रहने में मदद मिलती है, बल्कि ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की समस्या नहीं होती है। बेहतर ब्लड सर्कुलेशन होने से हार्ट तक ब्लड सही तरीके से सप्लाई होता है और फिट रहने में मदद मिलती है। बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करने के लिए लोग दवाओं और डाइट पर निर्भर रहते हैं। जबकि कुछ योगासन के अभ्यास से इस समस्या को कम किया जा सकता है।

**ताड़ासनः** ताड़ासन करने से पूरे शरीर पर असर पड़ता है। यह आसन पूरे शरीर में ब्लड सर्कुलेट करने में मदद कर सकता है। इस आसन में शरीर का पूरा दवाब निचले हिस्से की ओर होता है, जिससे यह बैलेंस बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**ताड़ासन करने की विधिः** इस आसन को करने के लिए किसी भी समतल जगह पर सीधे खड़े हो जाएं। इस दौरान आपके हाथ अपनी कमर की सीध पर होने चाहिए, साथ ही आपके पैर आपस में जुड़े होने चाहिए। अब हाथ जोड़ने की मुद्रा में खड़े होना है और धीरे-धीरे करके अपने दोनों हाथों को ऊपर ले जाना है। इस दौरान अपनी एड़ियों पर बैलेंस बनाते हुए खड़े होने की कोशिश करे। अब आपके शरीर का भार शरीर के निचले हिस्से पर पड़ रहा होगा। इस पोस्चर में कुछ देर खुद को होल्ड रखने की कोशिश करें। अब साधारण मुद्रा में आ जाएं और रिलैक्स करें। कुछ मिनट बाद दुबारा इस आसन का अभ्यास करें।

**अधो मुख श्वानासनः** अधो मुख श्वानासन फुल बॉडी रिलैक्स करने में मदद कर सकता है। इस आसन के अभ्यास से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन भी तेज होता है। यह पाचन बेहतर रखने और ब्लड को पूरी बॉडी में फ्लो होने में मदद करता है।

**अधो मुख श्वानासन करने की विधिः** अधो मुख श्वानासन करने के लिए योगा मैट पर खड़े हो जाएं और जमीन की ओर झुकते हुए हाथों को ऊपर उठाएं। इस मुद्रा में आपके हाथ और घुटने बिल्कुल सीधे होने चाहिए। अब अपने पैरों को थोड़ा पीछे की ओर ले जाएं और त्रिकोण मुद्रा में आ जाएं। अब गहरी लंबी सांस लेते हुए अपने हाथों को जमीन पर टिकाएं। इस दौरान जितना हो सके अपने कूल्हों को ऊपर उठाने की कोशिश करें। इस दौरान आपका सिर जमीन की तरफ होना चाहिए और आपकी नजर पैरों की तरफ होनी चाहिए। अब इस स्थिति में कुछ देर तक रुकें और संतुलन बनाने की कोशिश करें। अब रिलैक्स करते हुए साधारण मुद्रा में आ जाए। कुछ देर बाद इसका फिर से अभ्यास करें।

**पश्चिमोत्तानासनः**पश्चिमोत्तानासन करने से कमर और रीढ़ की हड्डी की समस्या से राहत मिल सकती है। इस आसन को करने से पूरे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है।

**पश्चिमोत्तानासन करने की विधिः** सबसे पहले योगा मैट पर दोनों पैरों को फैलाकर सीधे बैठ जाएं। दोनों पैरो को सीधा रखने की कोशिश करें, साथ ही पैरो के बीच दूरी न रखें। इस दौरान अपना सिर, गर्दन और रीढ़ की हड्डी को सीधा रखने की कोशिश करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# सभी डॉक्टर, इंजीनियर नहीं बन सकते?



डॉ ओ०पी० मिश्र

**मैंने संघ के प्रथम सरसंघ चालक डॉक्टर केशव राम बलिराम हेडगेवार की जीवनी पढ़ी है, वे डॉक्टर बनकर तो आ गए थे लेकिन उन्होंने अपने माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध जाकर क्लिनिक नहीं खोली और साखर लगाने लगे। आज विश्व में उनका नाम है।**

**भाग्य का खेल कितना निराला है यह जानने और समझने के लिए हमें इतिहास के पन्नों को पलटना होगा और देखना होगा कि आज तक देश में जितने प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री हुए हैं उनके माता-पिता ने कभी नहीं चाहा होगा (अपवाद को छोड़कर) कि उनका पुत्र /पुत्री प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री बने ? उन्होंने भी हम सब की तरह डॉक्टर, इंजीनियर , जज प्रोफेसर, वैज्ञानिक आदि बनाने का ख्वाब देखा होगा?**

**आजकल** कोटा मॉडल का जिक्रचारों तरफ हो रहा है होना भी चाहिए क्योंकि इस वर्ष 25 के आसपास छात्रों ने सफल न हो पाने के अंदेशे में आत्महत्या की है। यह आत्म हत्याये हमें यह बताने और समझाने के लिए काफी है कि कोटा में पढ़ने वाला प्रत्येक छात्र डॉक्टर या इंजीनियर बन ही जाएगा, इस बात की गारंटी नहीं। इस बात में कोई दो राय नहीं की प्रत्येक मध्यमवर्गीय परिवार चाहता है कि उसके बच्चे डॉक्टर या इंजीनियर बन जाए। क्योंकि उनके पास सीमित विकल्प होते हैं जबकि साधन संपन्न तथा धनवान परिवार के लोगों के पास असीमित विकल्प हैं जिसके चलते उनके पास सोचने को बहुत ज्यादा नहीं होता है। उनके परिवार जानते हैं कि कुछ नहीं होगा तो उनका बच्चा क्वालिफाइड बड़ा बिजनेसमैन तो हो ही जाएगा। यहीं से वह समस्या शुरू होती है जो एक तरफ यदि सफलता दिलाती है तो दूसरी तरफ आत्महत्या करने को भी प्रेरित करती है। और इसका प्रमुख कारण है डिमांड। यानि डिमांड ज्यादा है लेकिन क्वालिटी सीटे कम है। जाहिर सी बात है कि जब प्रोडक्शन कम होगा तो डिमांड कैसे पूरी हो पाएगी? इसी डिमांड को पूरी करने के लिए बच्चों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है यह प्रतिस्पर्धा इतनी बड़ी और कठिन है कि बच्चों को 24 घंटे में से 18 से 20 घंटे पढ़ना ही पड़ता है। फिर भी वह पास हो ही जाएंगे इस बात की बिल्कुल गारंटी नहीं है। जबकि मध्यम परिवार के माता-पिता चाहते हैं कि उनका बेटा चाहे जैसे हो डॉक्टर, इंजीनियर बन जाए। इसको अगर हम दूसरे शब्दों में कहे तो यह कहना गलत ना होगा की माता-पिता अपने सपने अपने बच्चों के जरिए पूरा होना देखना चाहते हैं? जो इतना आसान नहीं होता क्योंकि परिश्रम के अलावा किस्मत भी कोई चीज होती है, जो हर किसी के नसीब में नहीं होती है। अगर कोटा में कोचिंग करने वाला प्रत्येक छात्र जेईई और नीट क्रैक ही कर लेगा तो इतने डॉक्टर और इंजीनियर तैयार हो जाएंगे जिन्हें खपाना ही मुश्किल हो जाएगा। इसलिए परीक्षा को काफी कड़ी और कठिन बनाया जाता है ताकि क्रीम को निकाला जा सके। बताते चले कि इंजीनियर और मेडिकल सहित अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए यहां तकरीबन ढाई लाख छात्र रहते हैं। इनमें सबसे ज्यादा छात्र बिहार और उत्तर प्रदेश के होते हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर वह कौन से कारण है जिनके चलते छात्र सुसाइड करने को मजबूर हो जाते हैं। इसके बारे में पता चला है कि फेल होने का डर जिसके चलते मां-बाप का पैसा बर्बाद होगा और भावनात्मक सपोर्ट का अभाव। इसके साथ ही नंबर कम आने पर बच्चों को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा किए जाने की प्रवृत्ति। इसके अलावा सुसाइड के प्रमुख कारणो में पढ़ाई का बोझ, कड़ी प्रतिस्पर्धा, बच्चों के बीच दोस्ती का ना होना, अपना दुख सुख शेयर ना करना तथा असफलता के लिए सीधे-सीधे बच्चों को जिम्मेदार ठहरना प्रमुख कारण है। वैसे लगातार हो रही आत्महत्या की घटनाओं के बाद राजस्थान सरकार ने कुछ सख्ती बरती है जिनमें प्रमुख है- कोई भी संस्थान अपने विज्ञापन में दाखिले की गारंटी का दवा नहीं करेगा, इतवार के दिन छुट्टी रहेगी कोई टेस्ट नहीं लिया जाएगा , कोई भी छात्र यदि बीच में कोचिंग छोड़ता है तो उसे उसकी फीस जो लाखों में होती है वापस करना होगा। इतना ही नहीं अब हॉस्टल और कोचिंग में एंटी सुसाइड फैन भी लगाने होंगे तथा करियर काउंसलर की भी नियुक्ति करनी होगी। यह सही है कि कोटा में कोचिंग का सालाना कारोबार तीन हजार करोड रुपये का है। इससे सरकार को भी टैक्स के रूप में हजारों करोड़ रुपये प्रतिवर्ष मिलते हैं। इसके लिए सरकार भी फूंक-फूंक कर कदम उठा रही है। लेकिन इसमें सबसे अहम भूमिका माता-पिता को ही निभाना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि क्या उनका बच्चा कोटा में कोचिंग करके कुछ खास हासिल कर पाएगा । अच्छा तो यह होगा कि वे माता-पिता जो अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहते हैं या बनाने के सपने देख रहे हैं उनका अथवा उनके परिवार का बौद्धिक स्तर क्या है? पारिवारिक पृष्ठभूमि तथा पड़ोस का वातावरण और स्कूलिंग शिक्षा किस स्तर की है। इसके बाद यानि कोटा भेजने से पहले उसकी काउंसलिंग भी करनी चाहिए ताकि माता-पिता इस नतीजे पर पहुंच सके कि उनका लाडला /लाडली घर से 500 किलोमीटर दूर क्या आराम से रह लेगा? एडजस्ट कर लेगा? आदि आदि। क्योंकि जैसा मैंने पहले कहा कि परिश्रम के साथ-साथ भाग्य का भी अपना अहम रोल होता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टर आई ए खान को मिला सम्मान



जन एक्सप्रेस/पलियाकलां खीरी। थाना सम्पूर्णा नगर क्षेत्र के मशहूर डॉ आई ए खान को जयपुर आदि संगठनों द्वारा जयपुर स्थित इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान में दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ़्रेंस का आयोजन हमदर्द के सहयोग से हुआ जिसमे हिंदुस्तान के कोने कोने से आए चिकित्सकों ने भाग लिया मुख्य अतिथि आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ सुभाष गर्ग ने कहा की एम बी बी एस, बी यू एम एस, बी ए एम एस, बी एच एम एस आदि पैथियों को मिला कर एक पैथी बननी चाहिये जिससे की मरीज़ों का ज़्यादा भला हो सके। वो इस बारे में मुख्य मन्त्री जी से चर्चा करेंगे इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. पी के प्रजापति द्वारा चिकित्सा क्षेत्र एवम् पर्यावरण संरक्षण में विशिष्ट योगदान के लिये समाजसेवी डॉ आई ए ख़ान को पगड़ी पहनाकर एवम् शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया डॉ ख़ान ने अभी तक हज़ारों मरीज़ों को नि:शुल्क परीक्षण कर दवायें दीं और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा अभी तक कई हज़ार पौधे सड़क एवम् खेतों में लगा तथा लोगों को नि:शुल्क बाट चुके हैं। डॉ ख़ान इससे पहले आइकन ऑफ़ एशिया, पर्यावरण रक्षक, शान ए लखीमपुर, कोरोना वैरियर, शान ए राजपूताना, आदि कई सम्मान पा चुके हैं इस प्रोग्राम में एस ओ डी डॉ शौक़त अंसारी, अध्यक्ष डॉ चौधरी फ़रहत अली ख़ान,ए ओ एनीस अलवी, प्रिंसिपल डॉ शफ़ीक़ नकवी, डॉ मक़बूल अहमद, डॉ आगा ज़लाल ख़ान, डॉ आफ़ताब नकवी, डॉ मलिक फ़ैयाज़, डॉ हरनाक सिंह गौरा, डॉ ओ पी बसवाल, डॉ मनमोहन खींची, डॉ राजवीर रजौरा, डॉ एस गुफ़रान, डॉ ज़ीशान, डॉ अज़्मा, डॉ शाहीन ख़ान, डॉ तसलीम,आदि सात सौ चिकित्सक मौजूद रहे।



### शरदकालीन गन्ने की बुआई का शुभारम्भ फीता काटकर हुआ

जन एक्सप्रेस/पलिया कला खीरी। लखीमपुर बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया मिल क्षेत्र में दो ग्राम सभा बोधिया कलां में कृषक अंकुर सिंह और गदनिया में आंद्रा फार्म में कृषक मलकीत सिंह के खेत मे शरदकालीन गन्ने की बुआई का शुभारम्भ फ़िता काटकर हुआ, जिन्होनें अपने खेत में ष्ट्हरुच्च -14201, ष्ट्ह -15023 और ष्ट्ह-0118 किस्म की 4 एकड़ गन्ना बुवाई की। इस उपलक्ष पर जेस्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश कुमार पांडे, सचिव गन्ना विकास समिति पलिया राजेश सिंह , एम केन राजीव तोमर, जितेंद्र सिंह राणा ,परवीन कुमार, परमिंदर तोमर,अशोक मौर्य,सचिन सिवाच,और सम्मनित खेत्रिय किसान अभिषेक अवस्थी, निशांत समर अवस्थी अन्य किसान मौजूद रहे। जीएम केन राजीव कुमार ने बताया शरद कालीन गन्ना बुवाई करने से 25त्न गन्ने की फसल से उत्पादन अधिक प्राप्त होता है, इस समय कीट और बिमारियों का संक्रमण कम रहता है,शरद कालीन गन्ने में कीट और बिमारिया कम लगते है,फसल बाढ़ से प्रभावित नही होती है तथा शरद कालीन गन्ने के साथ सह फसल लगाकर अतिरक्त लाभ मिलता है और किसान भाईयों को शरद कलीन गन्ने से पर्ची कैलेंडर में भी लाभ मिलता है। क्योंकि अगले साल पौधे की फसल ही पेड़ी होगी द्य जो किसान ज्यादा शरदकालीन गन्ना बुवाई करेंगे उनको कैलेंडर मैं पेड़ी के बराबर लाभ मिल जाएगा।और अगले वर्ष पेडी भी हो जायेगी।उन्होंने किसान भाई से अपील की है कि अधिक से अधिक ष्ट्ह-15023, ष्ट्हरुच्च-14201, ष्ट्ह-0118 गन्ने की बुवाई करें।बुवाई के समय किसान भाई खेत में ट्राईकोडर्मा का प्रयोग अवश्य करें।

### अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला मोर्चा एसोसिएशन की पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस/रिजवान खान। पलिया कलां खीरी। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोशियन की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आरती रॉय के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी कार्तिकय सिंह को महिला उत्पीड़न के रोकथाम लिए तीन बिधुओ का ज्ञापन सौंपा जिसमे अयोध्या सरजू एक्सप्रेस में महिला आरक्षी के साथ हुए गैग रेप की निंदा करते हुए दोषियो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की तथा महीला अपराध पर अंकुश लगाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग की।इस दौरान नगर उपाध्यक्ष नीलम वर्मा,सदस्य सुधा सिंह उपस्थिति रही।

### निघासन में वकीलों ने एसडीएम आफिस के सामने धरना दिया



जन एक्सप्रेस/अख्तर अली। निघासन खीरी। बार काउंसिल आफ उत्तरप्रदेश के आवाह्न पर तहसील अधिवक्ता संघ निघासन के वकीलों ने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सर्वेश कुमार गुप्ता की अगुवाई में सोमवार को तहसील कैम्पस में एसडीएम आफिस के सामने धरना दिया। तहसील के सभी वकील धरने में शामिल रहे। मुख्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार को देकर मांग की हापुड़ के डी एम और एस पी का तुरंत ट्रांसफर किया जाय लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाय। घायल वकीलों को मुआवजा दिया जाय अधिवक्ता संरक्षण बिल पास किया जाय।इसके बाद वकील नारेबाजी करते हुए मुख्य चौराहे तक गए।धरने को सभी वकीलों ने संबोधित किया संघ के मंत्री हरिनंदन लाल यादव, संयुक्त मंत्री हरिओम बाथम सहित पदाधिकारियो के साथ धरने में वकील डीके सिंह,ब्रह्म प्रकाश श्रीवास्तव,रुपेश श्रीवास्तव,विवेक,श्रीवास्तव, श्यामबाबू यादव,रमेश कुमार, लव कुमार तिवारी,सुबोध कुमार पाण्डेय,उमाकांत जयसवाल,मो इजहार,रामप्रताप मौर्यअख़्तर अली,लवकुमार तिवारी लक्ष्मी नारायण,सोनेलाल,रवि गुप्ता सर्वेशकुमार मिश्र सहित सभी वकील धरने में मौजूद रहे।

# शिक्षा के प्रति समर्पण और नवाचारों ने दिलाया ओमप्रकाश को राज्य शिक्षक पुरस्कार

जन एक्सप्रेस। अख्तर अली



निघासन खीरी। जनपद के दूरस्थ एवं आकांक्षी ब्लाक रमियाबेहड़ के शिक्षक को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।इसके लिए शिक्षक ओमप्रकाश की अटूट मेहनत, ईमानदारी, निष्ठा और निःस्वार्थ भाव से छात्र हित में किये गये कार्यों का परिणाम है।ओमप्रकाश बताते हैं कि राज्य अध्यापक पुरस्कार 2022 प्राप्त होने की वास्तव में बहुत खुशी है। विद्यालय में बहुत चुनौतियां थीं।विद्यालय जिस गांव दुलही में स्थित है,वहां लड़के और लड़कियों को एक साथ बैठाना अथवा कोई कार्य कराया जा सकना, कोई गतिविधि करना वास्तव में बहुत टेढ़ी खीर थी।वह बताते हैं कि अन्य लोगों के साथ-साथ विशेष रूप से पत्नी गीतांजलि जो स्वयं भी प्रधान अध्यापक है उनके द्वारा किया जा रहा लगन से कार्य बच्चों और समाज के प्रति जिम्मेदारियां और अध्यापक होने का पवित्र अहसास बार-बार मुझे प्रेरित करता रहा।सर्वप्रथम समुदाय को प्रेरित किया, शिक्षा के महत्व को बताना शुरू किया।गांव में पांच मान्यता प्राप्त,गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय और मदरसे संचालित हो रहे थे जिनमें से पूरी मेहनत के कारण एक मदरसा एक मान्यता प्राप्त और एक गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय बंद हो गए। अभिभावकों का भी खूब साथ और सहयोग मिला।इसी वजह से काफी हद तक ग्रामीणों को रूढ़िवादी सोच से निकालने में भी कामयाब हुए।इसके लिए मैं लगातार अभिभावकों से संपर्क ,पंपलेट बैनर होल्डिंग, विद्यालय प्रबंध समिति का सहयोग, अध्यापक अभिभावक संघ का सहयोग प्राप्त किया।उनकी मीटिंग में लगातार अभिभावकों को प्रेरणादाई वीडियो तो दिखाए ही साथ ही साथ उन्हें प्रेरित करने का पूरा प्रयास भी किया।इस वजह से लगातार विद्यालय में छात्र नामांकन बढ़ता गया।जहां विद्यालय में औसत उपस्थिति बहुत न्यून रहती थी ,वह बढ़ करके 60 से 75त्न के करीब आ गई।इसके लिए संगीतमय प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाने लगा।शनिवारीय बालसभा में जहां विज्ञान ,गणित, सामान्य ज्ञान आदि से संबंधित जानकारियां होती थी,वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, संगीत, अंताक्षरी, नृत्य के भी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए।बच्चों की उपस्थिति के लिए अटेंडेंस स्क्वायड,बाल संसद ,मीना मंच से सहयोग मिला वहीं नियमित आने वाले और अनुशासित बच्चों को स्टार ऑफ द मंथ ,स्टार ऑफ द ईयर ,सितारे जो बने ध्रुव तारे जैसे नवाचार प्रारंभ किए गए।ऐसे बच्चों और अभिभावकों के फोटो फ्लेक्स और दीवारों पर चस्पा किए गए।किसी भी प्रकार के बैनर इत्यादि में विद्यालय के बच्चों को ही स्थान दिया जाने लगा।मिशन शक्ति,सेल्फ एस्टीम जैसे कार्यक्रमों के कारण बालिकाओं और उनकी मांओं में विश्वास जगाया। पुरातन छात्र परिषद का गठन कराया गया जिसमें विद्यालय के कई प्राचीन छात्रों ने स्वयं से प्रेरित होकर विद्यालयों में सहयोग करना शुरू किया।बच्चे ब्लॉक ,जनपद और मंडल स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने लगे।न केवल खेल बल्कि एकेडमिक रूप से भी उन्होंने स्वयं को सिद्ध किया।स्वयं मेरे द्वारा आदर्श पाठ योजना, कहानी सुनाओ प्रतियोगिता ,टीएलएम निर्माण आदि में कई बार जनपद लेवल पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में राज्य स्तर का पुरस्कार भी प्राप्त किया।लगातार 3 वर्ष तक 5 सितंबर और उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। अपने नवाचारों के कारण जिलाधिकारी के अभिनव नवाचार ÷ब्रेकफास्ट विद डीएम÷ कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रेकफास्ट पर आमंत्रण प्राप्त हुआ और जिलाधिकारी के साथ ब्रेकफास्ट करने का अवसर प्राप्त हुआ।विद्यालय को 2022-23 में बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक के रूप में भी चुना गया।राज्य हिंदी संस्थान बनारस के द्वारा बाल कहानी लेखन प्रतियोगिता में भी जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। शिक्षक ओम प्रकाश अपनी इस सफलता हेतु ईश्वर , अपनी पत्नी, माता-पिता, परिवार के साथ-साथ ,अपने वरिष्ठ शिक्षकों, साथी शिक्षकों, बच्चों तथा खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखीमपुर ,डायट प्राचार्य लखीमपुर और उनकी टीम, तथा जिलाधिकारी के नेतृत्व के साथ साथ बच्चों और मित्रों को श्रेय देते हैं और कहते हैं कि पुरस्कार ने उनकी ऊर्जा को बढ़ाने का काम किया है।मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि शिक्षा और बच्चों के हित में और क्षमता से कार्य करूँ और सबकी आशाओं पर खरा उतरूँ।

## नगर पंचायत के खिलाफ खबर चलाना पत्रकार को पड़ा भारी, सपा नेता ने पत्रकार को धमकाया

* खीरी नगर पंचायत अध्यक्ष का पति है सपा नेता

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



लखीमपुर खीरी। टाउन खीरी। नगर पंचायत अध्यक्ष के पति ने नगर पंचायत के खिलाफ खबर चलाने से नाराज होकर पत्रकार को धमकाया है। वहीं खबर में बयान देने वाले कस्बे के समाजसेवियों को कहे अप शब्द। आक्रोशित पत्रकारों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत।

खीरी नगर पंचायत में घोटालों और वादा खिलाफी का बोलबाला है। जिसको लेकर पत्रकारों द्वारा समय-समय पर नगर पंचायत के भ्रष्टाचार के खिलाफ खबरें प्रकाशित की जा रही हैं। वहीं चुनाव के दौरान अपने चुनावी एजेंडा में शामिल मुद्दों की वादा खिलाफी को लेकर भी खबरें लगातार प्रकाशित हो रही है। ऐसे ही खबरों का प्रकाशन करने वाले कस्बा खीरी के वरिष्ठ पत्रकार दो नजर अली अंसारी को नगर पंचायत अध्यक्ष व उनके साथियों ने खुलेआम जान से करने व देख लेने की धमकी दी है। इतना ही नहीं खबर में बयान देने वाले कस्बे के वरिष्ठ नागरिकों व समाजसेवियों को पंचायत अध्यक्ष पति एवं सपा नेता द्वारा खुलेआम उनके खिलाफ भी अपशब्दों का प्रयोग किया गया है।



## पूर्व विधायक द्वारा शिक्षिका को किया गया सम्मानित

* ममता देवी का चयन सीतापुर जनपद से राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिये हुआ

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिये चयनित हुई विकास खंड महमूदाबाद के कम्पोजिट विद्यालय की शिक्षिका ममता देवी को पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ सम्मानित करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विकास खंड महमूदाबाद के कम्पोजिट विद्यालय गोधौरी की सहायक अध्यापिका ममता देवी का चयन सीतापुर जनपद से राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिये हुआ है। ममता देवी विद्यालय में नवाचार, आदर्श शैक्षिक गतिविधियों और बच्चों व ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर लोकप्रिय हैं और उनके द्वारा किये गये कार्यों को जिले और प्रदेश स्तर तक सराहा गया है। रविवार को पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा, डा. लोकपति, पूर्व प्रधान गणेश वर्मा आदि ने ममता देवी को उनके पटेल नगर स्थित आवास पहुँचकर सम्मानित किया। नरेन्द्र वर्मा ने कहा कि ममता देवी की यह उपलब्धि महमूदाबाद क्षेत्र सहित पूरे जनपद के लिये गौरव की बात है।

## छुट्टा पशुओं से तंग आकर किया पंचायत भवन में बंद

जन एक्सप्रेस। सीतापुर




बेसहारा पशुओं से तंग आकर महमूदाबाद की ग्राम पंचायत शिवरुखकलां में ग्रामीणों ने रविवार की शाम से पंचायत भवन में छुट्टा जानवरों को बंद कर दिया। रविवार दोपहर में बेसहारा पशुओं को लेकर ग्रामीण ग्राम पंचायत भुसना में बनी गौशाला में बंद करने जा रहे थे। ग्रामीण जब जानवर लेकर सदरपुर क्षेत्र के भुसना गांव के पास पहुंचे तभी भुसना गांव के लोगों ने जानवरों को रोक लिया और गौशाला तक नहीं ले जाने दिया। इसी बात को लेकर ग्राम पंचायत शिवरूखकलां व जदवापुर गांव के गुस्साए ग्रामीणों ने जानवरों को जदवापुर बाजार में बने पंचायत भवन में ही बंद कर दिया। ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान ने पंचायत भवन में बंद निराश्रित पशुओं की सूचना खण्ड विकास अधिकारी महमूदाबाद और ग्राम पंचायत अधिकारी को दी। ग्राम पंचायत सचिव ने गुस्साये ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया तथा उन्हें आश्वासन दिया कि आप सभी लोग जानवरों को ले जाने की व्यवस्था करो हम थोड़े-थोड़े पशुओं को अलग-अलग गौशालाओं में भेजवा देते हैं तब जाकर ग्रामीण शांत हुये। बीडीओ श्रीश गुप्त ने बताया कि पंचायत भवन खाली करवा दिया गया है, वहां बंद किए गए बेसहारा पशुओं को थोड़ी-थोड़ी संख्या में गौशालाओं को भेजा गया है।

## शारदा नहर में दिखा मगरमच्छ ग्रामीणों में दहशत का माहौल

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



महमूदाबाद के बाकरपुर मोहल्ले के शारदा नहर से निकले खारझे में रविवार की दोपहर ग्रामीणों द्वारा एक मगरमच्छ देखा गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई। वन विभाग मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को पकड़ शारदा नहर में छोड़ दिया है।महमूदाबाद कोतवाली व नगर पालिका क्षेत्र के बाकरपुर मोहल्ले के पास शारदा सहायक नहर से खारझा निकला है। रविवार की दोपहर खारझे में बाकरपुर के पास ग्रामीणो ने मगरमच्छ देखा। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे और मामले की सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़कर शारदा नहर में छोड़ दिया। रेंजर बिक्रमवीर सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर वन दरोगा संतोष को टीम के साथ मौके पर भेजा गया था। मगरमच्छ को पकड़कर शारदा नहर में छोड़ दिया गया है।

## शोहदों से भयभीत नाबालिग छात्रा प्रकरण को विधिक सेवा प्राधिकरण ने गंभीरता से लेकर किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



शोहदों से भयभीत नवी कक्षा की छात्रा का विषय विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर ने गंभीरता से लेते हुए औचक निरीक्षण किया। प्राधिकरण के सचिव अभिषेक उपाध्याय ने अपनी टीम के साथ पीड़ित परिवार से उनके घर जाकर बात की। प्राधिकरण ने पुलिस को इस विषय पर गंभीरता से कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। घटना 15 दिन पहले थाना रामकोट ग्राम मधवापुर की है जो शोहदों की लगातार छेड़छाड़ से आजिज आकर लड़की ने स्कूल जाना छोड़ दिया था। यह जानकारी देते हुए परिवार ने बताया कि इस पर हिंदू शेर सेना के हस्तक्षेप से एफ आई आर दर्ज हुई और आरोपी फुरकान जेल भेज दिया गया था। 1 सितंबर को जेल से छूटते ही आरोपी फुरकान और उसके साथी फेसबुक पर पीड़ित लड़की पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। धमका रहे हैं, जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पी0एल0वी0 वीरेंद्र मिश्रा की सूचना पर घटना का संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण ने कड़ा रुख अख्तियार किया और पीड़ित परिवार के घर जाकर पूरी घटना से रूबरू हुए आवश्यक निर्देश दिए और पीड़ित लड़की व परिवार को विश्वास दिलाया कि इस विषय पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पीड़ित लड़की और परिवार प्राधिकरण के आश्वासन से आश्वस्त दिखा और पीड़ित लड़की ने अपनी पढ़ाई जारी रखने और स्कूल जाने की बात कही। प्राधिकरण के सचिव अभिषेक उपाध्याय ने पीड़ित लड़की को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्राधिकरण आपके लिए एक मजबूत स्तंभ और भाई की तरह आपके पक्ष में खड़ा है। आपको जरा सा भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। से आप को बचाने और पढ़ाई जारी रखने के विषय पर आप के पक्ष में दृढ़ता से खड़ा है। आप पढ़ाई जारी रखें और किसी भी तरह की समस्या होने पर प्राधिकरण के पी0एल0वी0 वीरेंद्र मिश्रा या सीधे प्राधिकरण से संपर्क करें। इस शिक्षक दिवस पर इस प्रकरण को विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर की ओर से एक शिक्षार्थियों के लिए एक बड़े तोहफे की तरह देखा जा रहा है।

# 47वीं बार रक्तदान कर मिसाल कायम कर रहे समाजसेवी डॉ. संजीत सिंह सनी

* जनता दरबार ग्रुप के माध्यम से बेजुबानों के साथ साथ इंसानों के लिए मानवता व इंसानियत कर रहे पेश युवा

जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन



लखीमपुर खीरी। रक्तदान महादान, कहते है जिसने कभी जिंदगी में रक्तदान नही तो समझो कोई दान नही किया, जीवन का सबसे बड़ा दान ही रक्तदान है। आपके रक्तदान से 3 लोगो की जान बचाई जा सकती है जो आज किसी की तो कल आपकी या आपके परिवार की भी हो सकती है। इसलिए जरूरत पड़ने पर हमें बिना किसी भेदभाव और बिना किसी जात पात को देखे रक्तदान जरूर करना चाहिए। इसी के तहत अगर आज समाज को एक नया रास्ता व इम्प्रेशन देने का कार्य कर रहे है जनता दरबार के सीईओ डॉ. संजीत सिंह सनी, जो समय समय पर गरीब व असहाय के साथ साथ जरूरतमंद को अपना ब्लड डोनेट करके एक इंसनायित व मानवता की मिशाल कायम कर रहे है। वही आज डॉ. व समाजसेवी जनता दरबार के सीईओ संजीत सिंह सनी व धर्मेंद्र सिंह मनी न जेबीगंज के वरिष्ठ पत्रकार अनुराग सिंह गौड़ की माता जी को रक्तदान कर एक बेटे होने का फर्ज अदा किया। पत्रकार अनुराग सिंह गौड़ की माता जी इन दिनों बेहद बीमार चल रही है जिनका लखनऊ के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल मेदांता हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, जिनके जल्द स्वस्थ की कामना के साथ आज जनता दरबार मेदांता हॉस्पिटल पहुंचा और माता जी को रक्तदान देकर एक लंबी उम्र की भगवान से प्रार्थना मांगी।विधिवत जानकारी के अनुसार इंसानियत धर्म सबसे बड़ा धर्म है मानव को मानव प्यारा एक दूजे का बने सहारा, हमें एक दूसरे का सहारा बनना है। जनता दरबार द्वारा लोगो की हेल्प करना एक बहुत ही बड़ा मिशन है, जो सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेता है, चाहे वह रक्तदान शिविर हो, बाढ़ग्रस्त क्षेत्र हो या अन्य कार्य। सभी में निरंकारी मिशन का बहुत बड़ा योगदान रहता है। जनता दरबार ने कोरोना काल में भी बहुत बड़ा योगदान दिया। जनता दरबार के सीईओ डॉ. संजीत सिंह सनी का समाज के प्रति एक बहुत बड़ा योगदान रहा है। उनकी जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। जिले में भी ऐसे कुछ लोग हैं, जो रक्तदान के लिए जाने जाते हैं। समय-समय पर रक्तदान करके दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए कदम बढ़ाते हैं। न तो जान-पहचान देखते हैं न तो नाते और रिश्तेदारी। इनका उद्देश्य सिर्फ लोगों की जान बचाना होता है। किसी भी समय जरूरत पड़े ये महादानी हाजिर हो जाते हैं और बड़ी उत्सुकता के साथ अपना ब्लड डोनेट करते हैं। इनमें कुछ ऐसे हैं जिन्होंने अपने ऊपर आई समस्याओं से सीख लेकर रक्तदान शुरू किया तो किसी ने दूसरों से प्रेरणा ली। अपना खून देकर सिर्फ लोगों की जिंदगी बचाना ही नहीं, दूसरों को रक्तदान के लिए जागरूक करने का काम भी ये महादानी डॉ. संजीत सिंह सनी पूरी तन्मयता से कर रहे हैं। ऐसे ही कुछ लोगों ने मीडिया के सामने अपनी बातचीत में अपनी बात रखी। जनता दरबार के सीईओ डॉ. संजीत सिंह सनी अब तक करीब 47 बार रक्तदान कर चुके हैं। वे बताते हैं कि एक बार उन्होंने किसी एक को सड़क हादसे में तड़पते तड़पते जान देते देखा, उस दिन से उनका दिल पसीज व बहुत दुखी हुए उसी दिन से उन्होंने शहीदे आजम सरदार भगत सिंह से इम्प्रेसिव होते होए रक्तदान का सिलसिला शुरू किया था, और आज तक वे इससे पूर्व 46 व आज 47वीं बार रक्तदान कर चुके है। ऐसे कई लोग है जिन्हें खून की जरूरत थी, लेकिन कोई डोनर नहीं मिला जिसकी बजह से उसकी जान चली जाती है, अब उन्ही की जान बचाने के लिए ये उस दिन से लगातार ब्लड डोनेट कर रहे है। जब कोई रास्ता नहीं दिखता तो वे खुद ही सारे काम छोड़कर रक्तदान करने के लिए निकल जाते है, खून की कमी से कहीं किसी की जान न चली जाए, इसलिए वे लगातार ब्लड डोनेट करते आ रहे हैं। वहीं 47 बार ब्लड डोनेट कर चुके डॉ. संजीत सिंह सनी ने रक्तदान को महादान बताया। कहा कि रक्तदान करने वाला किसी डॉक्टर से कम नहीं होता। क्योंकि डॉक्टर इलाज करके लोगों की जान बचाता है, तो वहीं रक्तदाता अपने शरीर का खून देकर रोगी को नई जिंदगी देता है। सभी को रक्तदान करना चाहिए। इससे शरीर या स्वास्थ्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। लोगों को खाना खिलाने, कंबल बांटने और पानी पिलाने से कहीं ज्यादा पुण्य रक्तदान करने से मिलता है। इसके लिए सभी को जागरुक होने की जरूरत है। हर किसी को रक्तदान करके पुण्य कमाना चाहिए। जिले में ऐसे लोगों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है, बावजूद इसके लोगों को अभी और जागरुक होने की आवश्यकता है।जनता दरबार ग्रुप के ही धर्मेंद्र सिंह मनी भी आज अपना पहली बार ब्लड डोनेट कर अपने को सौभाग्यशाली व ब्लड डोनेट की शुरुआत कर अति खुश नजर आए। वही डॉ. संजीत सिंह सनी तो अपने जान पहचान वालों को जरूरत पड़ी तो ब्लड दिया, जबकि कई बार जिला अस्पताल से लेकर बड़े हॉस्पिटल में भर्ती जरूरतमंद रोगियों को खून देकर उनकी जान बचाई। इनका कहना है कि रक्तदान से बढ़ा पुण्य कोई नहीं। कुछ लोगों की सोंच है कि रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है, लेकिन ये सिर्फ गलतफहमी है। सभी को रक्तदान करना चाहिए।

## सड़क दुर्घटना में घायल मासूम की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सड़क दुर्घटना में घायल हुई 4 वर्षीय मासूम बच्ची की इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गई। जब उसकी मौत की सूचना उसके पारिवारीजनों को मिली तो घर में मातम छा गया। बता दें कि शहजादपुरा निवासी बृज प्रताप अपनी बहन सोनम और भांजी अयाना उम्र 4 वर्ष के साथ बाइक से बीती शनिवार की दोपहर उरई अस्पताल में दिखलाने के लिए आ रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक बोहदपुरा के पास पंहुची। तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे युवक ब्रिज प्रताप की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उसकी बहन सोनम और भांजी अयाना गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिनको डॉक्टर ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया था। रविवार की देर रात इलाज के दौरान मासूम आयना ने दम तोड़ दिया। जब इसकी सूचना परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया।

## घर से किशोर हुआ गायब, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** घर से किशोर कही गायब हो गया। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो इसकी जानकारी परिजनों को हुई और घरवालों लापता हुए किशोर की तलाश आसपास की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। फिर उन्होंने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर गायब हुए किशोर की रिपोर्ट दर्ज कर ली है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक बीते 31 अगस्त को शहर कोतवाली क्षेत्र के बघौरा निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र माता प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र आर्यन शाम को घर से कहीं गायब हो गया। जब काफी देर तक वह नहीं दिखाई दिया तो उन लोगों को चिंता हुई। इस पर उन्होंने उसकी बहुत तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की, लेकिन किशोर का कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# 'पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद' नारों के साथ अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

हापुड़ की घटना को लेकर बार काउंसिल के आवाहन पर सोमवार को कालपी बार एसोशिएशन के अध्यक्ष जय किशोर कुलश्रेष्ठ व महामंत्री राजेश यादव के नेतृत्व में अधिवक्ता बार एकता जिंदाबाद व पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां सीओ डॉ. देवेंद्र पचौरी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद थे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।
हापुड़ एवं अन्य जिलों में लगातार हो रहे अधिवक्ताओं के उत्पीड़न के विरोध में लगातार प्रदेश के समस्त अधिवक्तागढ़ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन शासन की ओर से लगातार अधिवक्ताओं की मांग को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया जा रहा है। जिसस कारण अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्यों से मुलाकात हेतु 48 घंटे के अंदर समय देने का अनुरोध करता है।
जिससे आप अधिवक्ताओं की समस्या से अवगत हो सकें। कालपी के अधिवक्ताओं ने अपने मांग पत्र में लिखा है कि डीएम व एसपी हापुड़ का अभिलंब स्थानांतरण हो एवं जिन दोषी पुलिस कर्मियों ने पीटने का कार्य किया है। उन पर मुकदमा दर्ज हो। एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर तुरंत प्रदेश में लागू किया जाए। हापुड़ में घायल अधिवक्ताओं को



तुरंत मुआवजा दिया जाए। प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरुद्ध पुलिस ने मनगढ़ंत झूठी कहानी बनकर जो मुकदमे दर्ज किए हैं, उन्हें स्पंज किया जाए। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अमर सिंह निषाद, राजेश गुप्ता, दिनेश श्रीवास्तव, गयादीन अहिरवार, कौशलेंद्र सिंह, महाराज सिंह पाल, श्रीराम बघेल, बलराम पाल, रिंकू कुशवाहा, विजय यादव, अवधेश सिंह, चंद्रभान, दीप चंद्र सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस छावनी में तब्दील रहा तहसील परिसर

**कालपी।** आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक कालपी के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे और करीब एक बजे दो ज्ञापन एक मुख्य सचिव को सम्बोधित और दूसरा ज्ञापन राज्यपाल को सम्बोधित कालपी एसडीएम के माध्यम से दिया गया। चूँकि पुलिस प्रशासन को इस बात का अंदाज़ा पहले से ही था। जिसको लेकर क्षेत्राधिकारी डा. देवेंद्र पचौरी पल पल निगरानी रखे रहे और कोतवाल शिव सिंह राठौर, क्राइम इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ, एसएसआई सत्यपाल सिंह, एसआई विशाल भदाना, एसआई राजेश सिंह, कदौरा एसआई कुलवंत सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

## किसानों ने डीएम से की चकबंदी कराने की मांग



**जन एक्सप्रेस । उरई**

कालपी तहसील के अंतर्गत आने वाले महेवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मड़ैया के किसान सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने मौजे में चकबंदी कराने की मांग जिलाधिकारी चांदनी सिंह से की। ग्राम पंचायत मड़ैया के किसान रामाधार सिंह प्रजापति, सुखबीर सिंह राजपूत, आशीष विश्वकर्मा सहित आधा दर्जन किसानों ने जिलाधिकारी चांदनी सिंह को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत मड़ैयों में चकबंदी कराने की मांग की।
किसानों ने कहा की उनके मौज में 50 साल पहले चकबंदी हुई थी। लेकिन 50प्रतिशत भू-राजस्व भूमि की चकबंदी हुई थी। शेष 50प्रतिशत भू राजस्व भूमि बिना चकबंदी के पड़ी हुई है। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम पंचायत मडैयां में संपूर्ण राजस्व भूमि की चकबंदी कराई जाए। जिससे आयदिन होने बाली लड़ाइयों से निजात मिल जाएगी।

## बेटियों के जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टि रखें: अवनीश बनौधा

**जन एक्सप्रेस । उरई**

महिला कल्याण विभाग की द्वारा जिला महिला अस्पताल में 18 कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया गया। सीडीओ भीमजी उपाध्याय ने कन्याओं के माता-पिता को बेबी किट देते हुए कहा की बेटियों के जन्म पर अब खुशी मनाने की जरुरत है। बेटियां किसी से कम नहीं है। बेटियां हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ.अमरेंद्र पौत्स्यायन ने बताया कि प्रत्येक माह के पहले और तीसरे सोमवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा कन्याओं के जन्मदिन मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज को जागरूक करना है। आज शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, खेल यहां तक की अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी बेटियों




की भूमिका को बड़ी सहजता से देखा जा सकता है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अविनेश बनोधा ने कहा की बेटियों के जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टि रखे। इस मौके पर महिला चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनीता बनौधा, बाल कल्याण समिति की सदस्य गरिमा पाठक, रागिनी, प्रवीणा, रिचा, रचना, सुरेश, अर्चना, जितेंद्र आदि लोगों ने प्रतिभाग किया।

## बीआरसी में चोरी, खिड़की काट उड़ाया सामान

**जन एक्सप्रेस । कोंच**

ब्लॉक संसाधन केंद्र कोंच में चोरी की घटना सामने आई है। कमरे में लगी खिड़की की ग्रिल काटकर चोरों ने स्टोर से तमाम सामान पार कर दिया है। पुलिस को सूचना दी गई जिस पर चौकी इंचार्ज ने मौके का निरीक्षण किया। चोरी की उक्त घटना बीआरसी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है जिसमें तकरीबन आधा दर्जन लोग चोरी की घटना को अंजाम देते देखे जा सकते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 3 सितंबर



की रात स्टोर रूम की खिड़की की ग्रिल काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है जिसमें चोर जेनरेटर का रेडिएटर, इन्वर्टर का ट्रांसफार्मर, कंप्यूटर का सीपीयू आदि सामान चोरी कर ले गए हैं। उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में भी देखी जा सकती है जिसमें कुछ लोग चहारदीवारी फांदकर अंदर आते व बाद में सामान चुरा कर बाहर जाते देखे जा सकते हैं। सोमवार को सुबह जब कर्मचारी ने स्टोर रूम देखा तब घटना की जानकारी हुई। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गुजारिश की है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

## एसएसआई को स्थानांतरण पर दी गई विदाई

**जन एक्सप्रेस । कोंच**

नदीगांव थाने के एसएसआई प्रमोद कुमार यादव का एट थाने के लिए स्थानांतरण हो जाने पर उन्हें थाना स्टाफ द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर फूल मालाएं और पुष्प, गिफ्ट भेंट कर उन्हें विदाई दी गई। एसएसआई यादव ने कहा, लोगों का भरपूर प्यार और सहयोग उन्हें इस नौ माह के कार्यकाल में मिला जिसे वह कभी विस्मृत नहीं कर पाएंगे। क्षेत्रीय नागरिकों ने भी फूल मालाएं पहनाकर कर उनके अच्छे कार्यो की सराहना करते हुए विदाई दी। इस




मौके पर थानाध्यक्ष उमाकांत ओझा, एसआई शीलवंत सिंह, एसआई गोकुल सिंह, शिव राज, दीवान उदय यादव, धमेंद्र सचान, विनोद कुमार, दीवान अजय, हरिचंद्र यादव, संदीप कुशवाहा, आदित्य तिवारी, हेमंत यादव, राम गोपाल, महिला सिपाही आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने 6 जुआरी किए गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रेढर थाना पुलिस ने मुखबारो की सूचना पर दो अलग-अलग स्थान पर छापा मारकर 6 लोग को जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से रुपए व सामान बरामद हुआ।
जानकारी के मुताबिक रेढर थाना के उप निरीक्षक शेर सिंह ने थाना क्षेत्र के ग्राम इटोरा में छापा मारा जहां से उन्होंने अनूप कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी गणेश थाना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जब उनकी तलाशी दी तो उनके पास से 7500 और एक ताश की गड्डी बरामद हुई। वहीं उप निरीक्षक राकेश कुमार ने ग्राम गडेरना में छापा मारकर राजेश कुमार उर्फ बंटी पुत्र मुन्नीलाल समेत तीन लोगों गिरफ्तार कर लिया। जब उनकी तलाशी ली। तो उनके पास से 8000 रुपये और एक ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने पकड़े गए सभी छह जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की। तो उनके पास से 8000 रुपये और एक ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने पकड़े गए सभी छह जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

## राधेश्याम हत्याकांड का हुआ सफल अनावरण

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

जिले की सर्विलांस व थाना जहांगीराबाद की संयुक्त टीम ने सोमवार को राधेश्याम हत्याकांड का सफल अनावरण कर दिया। पुलिस के मुताबिक राधेश्याम की हत्या उसके सगे भाई रामनरेश व उसके तीन दोस्तों ने की थी। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है साथ ही घटना में योगा है मोबाइल फोन सहित वाहन भी बरामद किया है। बता दें कि बीते 22 अप्रैल को ओमकार नाथ वर्मा पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम निवासी ग्राम गुंजौली ने थाना जहांगीराबाद को सूचना दी कि उनके पिता राधेश्याम व चाचा राम नरेश के मध्य पैत्रक जमीन के बंटवारे को लेकर न्यायालय में विवाद चल रहा था।
जिसमें बीती 11 अप्रैल की शाम को पिता राधेश्याम सब्जी लेने बाजार गए थे। इसी बीच मौका पाकर उनके सगे भाई और मेरे चाचा रामनरेश व उनके पुत्रों ने मेरे पिता की हत्या कर उनके शव को ग्राम चंदौली के निकट कनौजिया गांव के सामने सड़क पर फेंक दिया। जिससे कि मृतक के साथ हादसा प्रतीत हो। जिसके बाद एसपी दिनेश कुमार सिंह ने स्थानीय पुलिस टीम सहित जिले की सर्विलांस टीम को एक्टिव कर घटना के खुलासे के निर्देश दिए थे। आखिरकार एसपी की लगातार की गई मॉनिटरिंग सफल हुई और पुलिस टीमों ने सोमवार को घटना के मुख्य आरोपी रामनरेश पुत्र राम सिंह व उसके 4 साथी जमाल खान पुत्र कमाल खान निवासी गुलरिया गार्दा, चांद पुत्र कल्लू निवासी नवीगंज शहर कोतवाली, बबलू खां उर्फ मोहम्मद नबी पुत्र मोहम्मद रफी निवासी आजाद नगर शहर कोतवाली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक राधेश्याम ने अपनी बुआ की मित्तई गांव स्थित भूमि का बैनामा अपने नाम करा लिया था। जिसके चलते दोनों में रंजीत हो गई थी और इसी रंजिश के चलते रामनरेश का कचहरी से पीछा कर दो बार मारने का प्रयास किया लेकिन असफल हो गए। फिर 11 तारीख की शाम को आरोपी ने अपने दोस्तों समेत मृतक राधेश्याम को बाजार से वापस जाते समय पिपरौली मोड़ के पास अपनी कार में अपहरण कर लिया।

## 9 को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं न्यायाधीश महोबा के आदेशानुसार 1 सितम्बर से 7 सितम्बर 2023 तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने है। जिसके अनुपालन में 2 सितम्बर को जनपद न्यायालय में विधिक जागरूगता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखविन्दर सिंह सूद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नं0-02, महोबा ने की। कार्यक्रम में राकेश कुमार गौतम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामप्रवेश राय पुलिस क्षेत्राधिकारी आदि उपस्थित रहे। आयोजित शिविर में जनपद महोबा के



विभिन्न अधिकारियों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के विषय में जानकारी देते हुये बताया कि सितंबर के पहले सप्ताह में भारत में पोषण सप्ताह मनाते हैं, जो 7 सितंबर तक जारी रहता है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना और पौष्टिक आहार के महत्व के विषय मे जानकारी देना है ताकि शरीर में पोषण की पूर्ति को बढ़ावा दिया जा सके। बताया कि भारत में सेहत को लेकर जागरूकता का अभाव होने के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं से ज्यादा रोगियों का आंकडा है। बीमारियों के बढ़ने की एक वजह बिगड़ी जीवनशैली और गलत खानपान भी है। साथ ही दिनांक 9 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में भी जागरूक किया गया।

## खाकी ने 75 वाहनों के किये ई-चालान

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी त्यौहार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, चेहल्लुम के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आज सोमवार को जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चैकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन फ्लैग मार्च किया जा रहा है। पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों, कस्बों, बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चैराहों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, प्रमुख मार्गो व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग कर आवश्यक हिदायत दी गयी।

## हापुड़ में अधिवक्ताओं के साथ हुई बर्बरता के खिलाफ चरखारी में वकीलों ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । चरखारी/महोबा**

जनपद हापुड़ में महिला अधिवक्ता साथी के विरूद्ध दर्ज किए गए फर्जी मुकदमा एवं अधिवक्ताओं पर हुई बर्बरता को लेकर चरखारी के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौप मुकदमा वापस लिए जाने लाठी चार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने तथा प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग की है। बताते चलें कि हापुड़ में महिला अधिवक्ता प्रियंका त्यागी पर पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज किए जाने का आरोप है तथा महिला अधिवक्ता को न्याय दिलाने की मांग पर पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किए जाने के मामले को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश ने गंभीरत से लेते हुए आर - पार की लड़ाई शुरू कर दी है तथा न्याय न मिलने तक अपना आन्दोलन जारी रखने का ऐलना किया है। काउंसिल उत्तर प्रदेश के आवाहन पर चरखारी के अधिवक्ताओं ने भी प्रदर्शन किया तथा मोटरसाईकिल जुलूस निकालते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। हापुड़ के डीएम, एसपी के अविलम्ब स्थानांतरण। अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज व गिरफ्तारी, प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लिए जाने हापुड़ में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिए जाने, प्रदेश में एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग अधिवक्ताओं ने की है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह राजपूत के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन नायब तहसीलदार चरखारी को सौंपा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### फ़र्शे अज़ा पे अक़ीदत फूल खिलते हैं: मौ. सै. मुर्तुज़ा नासिर

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** अलम ताबूत के साथ सफ़र के तीसरे इतवार को निकला जुलूसे सफ़र, बैरूनी व मक़ामी अंजुमनों ने की नौहाख्वानी व सीनाज़नी की। पुलिस प्रशासन भी चुस्त दुरूस्त रहा। जाकिरे अहले बैत आली जनाब मौलाना सैयद मुर्तुज़ा नासिर सईद अबाकाती ने देवा रोड स्थित अज़ाखानये कल्बे अब्बास (मरहूम मुन्ने टेलर) में मजलिस को ख़िताब करते हुए कहा जो बिस्तरे रसूल का औला है वही मैदाने ग़दीर का मौला है। मोहम्मद का सिलसिला दायम भी है और पर्दये ग़ैब में क़ायम भी है। सारे अम्बिया के वारिस हुसैन (अ.स) हैं। फ़र्शे अज़ा से अक़ीदत के फूल खिलते हैं बच्चे यहीं से तरबियत पाते है। आखिर में असीराने करबला के मसायब पेश किया जिसे सुनकर सभी रोने लगे। कार्यक्रम के आयोजकों नासिर मेंहदी, कल्बे जावेद अली, अकबर मेंहदी, बाबर मेंहदी, सिकंदर, अली अब्बास (ग़दीर) ने सभी अज़ादारो व पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

### अधिवक्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी।** हापुड़ की घटना से नाराज़ वकीलों ने तहसील गेट पर धरना देकर विरोध जताया। मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा। सोमवार को बार एशोसियेशन सिरौलीगौसपुर के अध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा की अगुवाई में दर्जनों अधिवक्ताओं ने तहसील के मुख्य गेट पर धरना देकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन मांग पत्र उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर विश्वामित्र सिंह को दिया है। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन मांग पत्र में अधिवक्ताओं ने मांग किया है कि हापुड की घटना को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का तत्काल स्थानांतरण किया जाए। दोषी पुलिस कर्मी जिन्होंने बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया और महिला अधिवक्ताओं को भी पीटने का कार्य किया है उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो। प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज किये गये मुकदमा वापस लिए जाय। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर तुरन्त प्रदेश में लागू किया जाय। हापुड़ की घटना में घायल अधिवक्ताओं को तत्काल मुवाबजा दिया जाए। इस मौके पर महामंत्री अब्दुल अहद एडवोकेट शिव कुमार श्रीवास्तव, विजय कुमार अवस्थी धनलाल रावत सुधीर अवस्थी रमाकांत प्रकाश तिवारी राना बहोरी प्रसाद शुक्ला सत्यनाम वर्मा पूर्व अध्यक्ष, महन्त दीपक कुमार सिंह सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### अधिवक्ताओं ने की जमकर नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/ज्ञानेन्द्र वर्मा/रामनगर-बाराबंकी।** रामनगर तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सोमवार को हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई बर्बरतापूर्ण पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में धरना प्रदर्शन कर नगर व तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की। फिर अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार प्राची त्रिपाठी को सौंपा। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में हापुड़ के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का अविलंब स्थानांतरण किए जाने, दोषी पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज किए जाने, प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरुद्ध पुलिस द्वारा मनगढ़ंत झूठी कहानी बनाकर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमों को वापस किए जाने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर प्रदेश में लागू किए जाने तथा हापुड़ में घायल अधिवक्ताओं को अति शीघ्र मुआवजा दिए जाने की मांग रखी है। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल दीक्षित, महामंत्री अशोक कुमार उपाध्याय, एड. पूर्व महामंत्री शिव प्रकाश अवस्थी, एडवोकेट राजकिशोर, एड. पूर्व महामंत्री सुरेश चंद मिश्रा, एड. योगेंद्र अवस्थी, एड. अरुण सिंह, एड. जयप्रकाश अवस्थी, एड. गौरी शंकर तिवारी, एड. अनिल सिंह, एड. रामकुमार सोनी सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### शिक्षक दिवस पर दो शिक्षकाओं को मिलेगा सम्मान

**जन एक्सप्रेस/रामसनेहीघाट-बाराबंकी।** शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट शिक्षण के कार्य के लिए शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर के दो शिक्षकों को शिक्षक दिवस के मौके सम्मानित करने के लिए चयन किए जाने से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। बता दें कि प्राथमिक विद्यालय राम सनेहीघाट द्वितीय की शिक्षका श्रुति शुक्ला व मालिनपुर प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका रिचा वर्मा को बेहतर शिक्षण कार्य के लिए विभाग द्वारा चयनित किए जाने से सोमवार को विद्यालय में हर्ष का माहौल रहा। दोनों शिक्षिकाओ ने अपने विद्यालय में परिमाण के माध्यम से संख्या ज्ञान, कोलाज़, मुक्त चित्रकारी, ओरिगेमी, क्ले आर्ट, पेपर क्राफ्ट, स्वच्छता गतिविधि, योगाभ्यास, परिवेश की पहचान उनका प्रयोग, करके सीखो गतिविधि, खेल खेल में सीखो गतिविधि, टाइल्स का प्रयोग, ब्लॉक का प्रयोग, गणित किट का प्रयोग, आदि विभिन्न साधनों के प्रयोग के द्वारा शिक्षा दी है। इसके अतिरिक्त विद्यालय में समय समय पर स्वच्छता कार्यक्रम, संचारी रोग जागरूकता, अभिभावक संपर्क, शैक्षिक संगोष्ठी, विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरर्राष्ट्रीय दिवसों का आयोजन व उनमें छात्रों की प्रतिभागिता, का आयोजन किया जाता रहा है।

### प्रशासन की मौजूदगी में मंदिर के दोनों पक्षों में हुआ समझौता

**जन एक्सप्रेस/रामसनेहीघाट-बाराबंकी।** रामसनेहीघाट क्षेत्र के कोटवा सड़क स्थित श्री नाथ बाबा मंदिर परिसर को लेकर हुए दो पक्षों में हुए विवाद के बाद सोमवार को शासन-प्रशासन की निगरानी में दोनों में आपसी सुलह समझौता हो गया। बता दें कि अभी तक मंदिर से जुड़े प्रथम पक्ष बाबा बसंत दास चेला महंत सेवादास निवास ग्राम सिसुवारा थाना मसौली व दूसरा पक्ष योगी सुंदर नाथ चेला शुक्रनाथ निवासी सहादतगंज लालपुर राजपुर रामसनेहीघाट के मध्य मंदिर की गद्दी को लेकर विवाद चल रहा था। जिसमें सोमवार को प्रशासन की निगरानी में क्षेत्र के व्यक्तियों को बुलाकर समझौता कराया गया। समझौता पत्र में लिखा गया है कि मंदिर काफी पुराना है श्री नाथ बाबा मंदिर नाथ समुदाय का है। कुछ समय के लिए नाथ संप्रदाय का कोई व्यक्ति मंदिर पर पहुंची नहीं था। मंदिर की देखरेख बाबा बसंत करने लगे थे किंतु नाथ समुदाय के योगी सुंदर नाथ के आ जाने से वापस प्रथम पक्ष के द्वारा बिना जोर दबाव के द्वितीय पक्ष सुंदर नाथ को सौंप दिया गया। मंदिर की पूजा पाठ देख रहे द्वितीय पक्ष के द्वारा की जाएगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट राम आसरे वर्मा, क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्रीय संभ्रांत जन उपस्थित रहे।

### खाता धारकों की परेशानी, इंडियन बैंक की मनमानी

**जन एक्सप्रेस/पनवाड़ी/महोबा।** बैंक खाताधारकों को बैंक के 10 चक्कर लगाने के बाद भी काम नहीं होता है तो ये कोई नई बात नहीं है। आपको बता दें कि इंडियन बैंक पनवाड़ी में अपने ही जमा पैसे निकालने के लिए बैंक कर्मचारियों से सौ-सौ मिन्नते करनी पड़ती हैं, पिछले कई वर्षो से इंडियन बैंक पनवाड़ी की बदहाल व्यवस्था से खाताधारक परेशान रहते हैं, कई बार शिकायत भी कर चुके हैं किंतु बैंक है कि सुधरता ही नहीं है। भारत सरकार ने भले ही हर एक व्यक्ति को बैंकिंग से जोड़ने की पहल की हो किंतु इंडियन बैंक पनवाड़ी सरकार की इस पहल को नहीं मानता है। मनमानी इतनी कि केवाईसी कराने के नाम पर भी अब खूब धन उगाही की जा रही है, ऐसे में खाताधारक मरता क्या न करता को चरितार्थ करता नजर आता है। बैंक का कोई भी कार्य तभी हो पाता है जब आप उनके अनुसार उन्हें सुविधा शुल्क दे देते हैं। बैंक कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों के साथ लगभग हर दिन दुर्व्यवहार किया जाता है, ऐसे में खाताधारक करें तो करें क्या?

### बरसाती गड्ढे में डूबने से बालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/श्रीनगर/महोबा।** थाना क्षेत्र के ग्राम लुहेडी में सड़क किनारे पानी के गड्ढे में डूबने से एक चार वर्ष के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई गांव के बबलू रैकवार अपनी पत्नी के साथ सड़क किनारे स्थित खेत पर गया था साथ में वह अपने चार वर्ष के पुत्र सुशील कुमार को भी ले गए थे मां-बाप खेती के कार्य मैं जुट गए इसी बीच मासूम खेलता हुआ सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में डूब गया जिससे वह बेहोश हो गया गंभीर हालत में परिवार के लोग उसे नौगांव अस्पताल ले गए जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई परिवार के लोगों ने इसकी सूचना थाने में दी है पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पंचनामाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### थार पार्कर नस्ल के सांड से गायों की होगी नस्ल सुधार

**जन एक्सप्रेस/पनवाड़ी/महोबा।** शिरडी साई बाबा गौशाला निस्वारा में गायों की नस्ल बदलने के लिए एक थार पार्कर प्रजाति का नंदी सांड व एक बछड़ा माधव गौ विज्ञान अनुसंधान संस्थान भीलबड़ा राजस्थान से गौसेवक साईंधाम संस्थापक डॉ मोतीलाल गुप्ता के अथक प्रयास से प्राप्त हुआ है जिसमे डॉ विजय के चैधरी एवं सूर्या सिंह का विशेष सहयोग रहा पनवाड़ी विकास खण्ड के दर्जनों गांवों के लिए यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध रहेगी इससे नस्ल बदलेगी और दुग्ध उत्पादन बढेगा जिससे किसानों या गौ पालकों की आय का स्त्रोत बढेगा और दूध भी अधिक निकलेगा उपरोक्त जानकारी स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी ने प्रेस नोट के माध्यम से दी है। उन्होंने कहा कि इससे गायों की नस्ल सुधार होगा और दुग्ध उत्पादन भी बढ़ेगा जिससे लाभ होगा गौ पालकों को फिलहाल थार पार्कर नस्ल के सांड अभी अपने क्षेत्र में नही है तो जो भी दुधारू पशुओं में दूध की मात्रा कम रहती है तो इस सांड से अब देशी गायों की नस्ल सुधार होकर गायों में फिर दूध बढ़ जाएगा।

# आदर्श नगर पालिका बलरामपुर के लिए स्वच्छता की नई नीति तैयार

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के आदर्श नगर पालिका परिषद में अभी तक 25 वार्डों की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नई नीति तैयार कर ली गई है।

जानकारी दी गई है कि 5 सितंबर से नई नीति के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर पालिका द्वारा जानकारी दी गई है कि नगर में अभी तक 13 सफाई नायकों के द्वारा सफाई कराने की परंपरा अब समाप्त होने वाली है। नगर पालिका परिषद द्वारा अब सभी 25 वार्डो में एक एक सफाई नायक एवं कम से कम 8 सफाई कर्मियों की टीम लगाई जाएगी। साथ ही चारों मुख्य मार्गो व मुख्य बाजार के लिए 5 अलग-अलग सफाई की टीम लगाई जाएगी। इसके अलावा दो स्पेशल सफाई की टीम भी तैयार की गई है जो इमरजेंसी कार्यों के लिए रिजर्व में रखी जाएगी। 3 सफाई की टीमें सरकारी भवनों, बैंको, होटल से निकलने वाले प्रतिदिन कूड़ा लेने के लिए लगाए जाएंगे। साथ ही साथ 25 वार्डों में घर-घर से कूड़ा लेने के लिए 25 डोर टू डोर सफाई कर्मियों की भी नियुक्ति की गई है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद बलरामपुर की 25 सभासदों वाली नगर की आबादी करीब एक लाख से अधिक बताई जा रही है। इन 25 वार्डों की सफाई का जिम्मा अब तक 13 सफाई नायकों के हवाले थी, लेकिन अब नगर पालिका की सफाई व्यवस्था एकदम बदलने वाली है। नगर पालिका अध्यक्ष के निर्देश पर नगर पालिका की सफाई विभाग के अधिकारियों ने नगर के 25 वार्डों में 25 सफाई नायको की सफाई कर्मियों की नई टीम वार्ड में उतरने जा रही है। नई व्यवस्था के तहत एक वार्ड में एक सफाई नायक और उनकी सफाई की टीम वार्डों की साफ सफाई देखेगी। इसके अलावा मुख्य बाजार वीर


नगर के सभी वार्डों में अलग-अलग सफाई नायकों की होगी टीम

विनय चौराहे से बड़ा पुल तक दुकानों और बाजार मे स्थित घरों से निकलने वाले प्रतिदिन कूड़ा का निस्तारण करने के लिए एक सफाई टीम अलग से लगाई जाएगी।

नगर की मुख्य सड़क गोंडा, उतरौला, तुलसीपुर व बहराइच चारों मुख्य मार्ग के लिए चार अलग-अलग सफाई की टीम बनाई गई है। नगर में होटल रेस्टोरेंट, अस्पताल, सभी सरकारी कार्यालय, भवन, बैंको व अन्य संस्थानो से प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े को लेने के लिए 3 सफाई की टीम व 2 स्पेशल सफाई की टीम भी बनाई गई हैं, जो इमरजेंसी के लिए और रात्रि के समय सफाई के लिए रहेगी। साथ ही सभी 25 वार्डों में घर-घर से कूड़ा लेने के लिए 25 डोर टू डोर सफाई कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। नगर की साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए इन नई सफाई की टीमो को 5 सितंबर को जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष बड़ा परेड ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### सफाई व्यवस्था नंबर वन बनाने में नगर वासी करें सहयोग

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने नगर वासियों से अपील किया है कि नगर की साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन लगातार हर संभव प्रयास कर रहा है। सफाई से संबंधित सभी जरूरी से जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। सभी नगर वासी नगर की साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए सफाई कर्मियों द्वारा सुबह और दोपहर को सफाई करते समय घरों दुकानों व संस्थानो का कूड़ा उन्हें दे दें। सफाई होने के बाद सड़क, पटरी व नाली नालो में कूड़ा ना फेकें। उन्होंने नगर वासियों से आग्रह किया है कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें।

# अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया धरना प्रदर्शन राज्यपाल को संबोधित सौपा ज्ञापन

* हापुड़ में हुए वकीलों के साथ घटना का अधिवक्ता कर रहे थे विरोध

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में हापुड़ के अधिवक्ताओ पर हुए लाठी चार्ज और वकीलों पर दर्ज किए गए मुकदमों के विरोध में सोमवार को वकीलों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। वकीलों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर हापुड़ के अधिकारियों को हटाने की मांग की।

जानकारी के अनुसार 4 सितंबर को जिला बार संघ के अध्यक्ष रामानंद मिश्र के नेतृत्व में वकीलों ने जुलूस निकाला और जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जमकर नारेबाजी की और विभिन्न मांगों के समर्थन में जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा। जिला बार संघ के जिला महामंत्री अजय बहादुर सिंह ने कहा की हापुड़ में वकीलों पर जो अत्याचार हुआ है उसमे पुलिस और सरकार की मिलीभगत है। उन्होंने कहा की वकील जब इस अत्याचार का विरोध कर रहा है तो उसके खिलाफ फर्जी मुकदमे कायम किए जा रहे है लेकिन अब वकील अत्याचार नहीं सहेगा और आर पार की लड़ाई लड़ा जाएगा।

अधिवक्ताओं ने 6 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौपा जिसमे हापुड़ की घटना के दोषी पुलिस कर्मियों को बर्खास्त करने, डीएम-एसपी सहित अन्य अधिकारियों को हटाने तथा अधिवक्ता प्रोटेक्टशन एक्ट लागू करने की मांग की गई। आंदोलन में जिला बार संघ के अध्यक्ष रामानंद मिश्र, कमलेश्वर सिंह, संजय तिवारी, ग्यास अहमद एडवोकेट, अमित शुक्ला, विवेक सिंह, कमल नयन, सत्रोहन तिवारी अनुज श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव विमल सोनकर सुनीता कश्यप सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

# एनसीसी कैडेटों की भर्ती के लिए शारीरिक व लिखित परीक्षा का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में स्थापित 51 वीं यू पी बटालियन एन सी सी के तत्वावधान में सोमवार को 03 जिलों के 04 कॉलेज में 119 केडेटों के चयन के लिए शारीरिक व लिखित परीक्षा आयोजित की गई।



यह जानकारी देते हुए 4 सितंबर को बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एपी सिंह पटवाल ने बताया कि सोमवार को बलरामपुर जिले के डी ए वी इंटर कालेज व एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला, श्रावस्ती जिले के जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना व बहराइच जिले के एस बी वी पी सेमरहना में केडेटों के चयन हेतु फिजिकल व लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में अभ्यर्थियों ने जमकर पसीना बहाया। डी ए वी में 17 सीटों के लिए आनरी लेफ्टिनेंट गुरनैल सिंह व सीएचएम ठग बहादुर, एम वाई उस्मानी में 29 सीट के लिए सूबेदार बी एच नायक व हवलदार अमर जंग गाले, जगतजीत में 23 सीट के लिए सूबेदार खड़ग बहादुर थापा व हवलदार वी एन मंडल तथा एस बी वी पी में 50 सीट के लिए सूबेदार सुखविंदर सिंह व हवलदार मनोज राणा की अगुवाई में परीक्षा आयोजित की गई। कुल 119 सीटों के लिए हुई परीक्षा का परिणाम जल्द ही घोषित किया जायेगा।

# कटान निरोधक कार्यों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

* खरझार एवं हेगहा पहाड़ी नालों का जायजा लेते हुए कटान एवं बाढ़ को रोके जाने के लिए प्रभावी कार्यवाही का दिया निर्देश
* जिलाधिकारी ने लौकहवा डिप पर प्रस्तावित सेतु का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



सोमवार को जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा तहसील बलरामपुर सदर में ग्राम सईहीडी में कटान निरोधक कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जिओ ट्यूब एवं परक्यूपाइन कार्य का जायजा लिया। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड ने बताया कि कटान निरोधक कार्य के बाद ग्राम सुरक्षित है, नदी के कटान बिंदुओं पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा नदी के कटान बिंदुओं पर निरंतर नजर रखे जाने एव युद्धस्तर पर कटान निरोधक कार्य कराए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा खरझार नाला एवं हेंगहा नाला का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंताओं, बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता एवं पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंताओं को पहाड़ी नालों से होने वाले कटान एवं बाढ़ को रोके जाने हेतु स्थाई समाधान निकालते हुए प्रभावी कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया। पहाड़ी नालों पर बंधे का निर्माण हेतु शासन में प्रस्ताव भेजे जाने एवं उसका अनुश्रवण किया जाने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही डीएम द्वारा लौकहवा डिप का जायजा लिया गया। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि डिप पर 02 सेतु के निर्माण हेतु सेतु निगम द्वारा शासन में प्रस्ताव भेजा गया है।

बजट प्राप्त होते है शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सेतु के निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर, आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड भानु प्रताप, अधिशासी अभियंता चितौड़गढ़ बंधा अखिलेश सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हिंदूवादी संगठनों ने उदयनिधि स्टालिन का फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

स्टालिन के पुत्र उदय निधि स्टालिन की सनातन विरोधी बयान पर आक्रोश प्रकट करते हुए हिंदूवादी संगठन द्वारा रकाबगंज स्थित हनुमान मंदिर के सामने पुतला दहन किया गया इस सफर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता मनीष पांडे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक उदयन निधि स्टालिन का बयान ईसाई मिशनरियों के इशारे पर किया गया है यह एक विश्व व्यापी षड्यंत्र है, घटक दल में सम्मिलित अन्य दलों द्वारा इस पर मौन साथ देना यह साफ-साफ दर्शाता है कि घटक दल के सभी लोग हिंदू सनातन विरोधी हैं कई मेको पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा मामले को स्वस्थ संज्ञान में लिया गया है इसीलिए इस मामले पर भी तत्काल प्रभाव से सुप्रीम कोर्ट सहित संज्ञान में लेना चाहिए भाजपा नेता दिनेश जायसवाल ने कहा कि सनातन विरोधी गैंग के द्वारा लगातार सनातन हिंदू धर्मियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जो बिल्कुल भी ना काबिले बर्दाश्त है और इन लोगों द्वारा सनातन को समाप्त करने का जो दिवस स्वप्न दिखाई जा रहा है वह उनके साथ पुस्त भी नहीं कर सकती हैं रही बात सनातन को समाप्त करने की जिन मुगलों ने 800 वर्षों में सनातन को समाप्त नहीं कर पाए उनको कोई कैसे समाप्त कर सकता है भाजपा नेता अधिवक्ता राजीव कुमार शुक्ला ने कहा कि सनातन धर्म हमला करने वाले कट्टरपंथी लोग एक वर्ग विशेष को खुश करने के लिए गंदी राजनीति कर रहे हैं हम सनातन धर्मी इस बात का घोर विरोध करते रहेंगे।

# मण्डलायुक्त व डीएम ने पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं व आवागमन एवं वाहनों के पार्किंग आदि के लिए भूमियों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

मण्डलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं/पर्यटकों को बेहतर सुविधाओं यथा-सुचारू आवागमन एवं वाहनों के पार्किंग आदि के लिए उपयुक्त भूमियों का भौतिक निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय ने सर्वप्रथम उदया तिराहा चौदह कोसी एवं पंचकोसी जंक्शन स्थल के पास बड़े भू-भाग पर सरफेस पार्किंग व अन्य सुविधाओं को विकसित करने के लिए उपलब्ध भूमि का अवलोकन किया।



अगले चरण में अधिकारी द्वय ने ब्रम्हकुण्ड सहित राजघाट उद्यान से गुप्तारघाट तक बंधा मार्ग के किनारे विभिन्न भूमियों का अवलोकन किया तथा अधिकारी द्वय ने रेजीडेंट मजिस्ट्रेट अयोध्या, सहायक अभिलेख अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को स्वयं व अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के द्वारा नियमित बंधे मार्ग का भ्रमण करने तथा बंधे व उसके आसपास स्थित सरकारी भूमियों/परिसम्पत्तियों को किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण से मुक्त रखने के निर्देश दिये।इस दौरान अधिकारी द्वय ने राजघाट के बंधे व ब्रम्हकुण्ड के बीच स्थित भूमि पर भी बड़ी संख्या में वाहनों की सरफेस पार्किंग सुविधा विकसित करने सम्बंधी योजना बनाने हेतु अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर गुप्तारघाट के समीप बंधे के पास प्रस्तावित टेण्ट में आने वाले पर्यटकों के वाहनों की पार्किंग के लिए उपयुक्त भूमि का चयन करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभिलेख अधिकारी रामकुमार शुक्ला, रेजीडेंट मजिस्ट्रेट संदीप श्रीवास्तव व एडीए के अधिकारीगण सहित अन्य सम्बंधित लेखपाल व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पति की मृत्यु के बाद पत्नी से ससुराल वाले कर रहे अभद्र व्यवहार

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



थाना पूरा कलंदर के अंतर्गत पीड़िता ने तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार तहरीर में कहा गया है कि पीड़िता मान कुमारी पत्नी स्वर्गीय राज कुमार ग्राम नजीरपुर पोस्ट मोतीनगर जनपद अयोध्या की स्थाई निवासिनी है। पीड़िता के पति की मृत्यु 11 जुलाई 2023 को हो गयी थी उसके बाद से पीड़िता के ससुराल वाले पति की मृत्यु के पश्चात पीड़िता के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे जिस कारण पीड़िता अपने मायके बनकेगांव (अबनपुर सरोहा) चली आई पीड़िता ने अपनी ससुराल स्थित कमरे में ताला बन्द कर दिया था जिसमें पीड़िता के गहने, कपड़े, दुकान की चाबी रखी थी पीड़िता 10 अगस्त 2023 को अपने ससुराल गयी तो पीड़िता के कमरे का ताला टूटा हुआ था और कमरे में रखी पीड़िता के ससुर परशुराम, देवर अमित कुमार, राजेश एवं नन्द अन्तिमा कुमारी, दुर्गेश कुमारी व उनके रिश्तेदार घनश्याम, सुनीता पत्नी बिहारी लाल निवासी डढ़वा जनौरा थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या ने पीड़िता को मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लात घूसों से मारते हुए घर से निकाल दिया और कहा कि दुबारा आने से पहले मायके से एक लाख रूपया लाकर दो नहीं तो तुम्हें भी तुम्हारे पति के पास भेज देगें।पीड़िता ने महिला थानाध्यक्ष तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है वही महिला थानाध्यक्ष का कहना है कि इसकी तहरीर ले गई है पीड़ित महिला को न्याय दिलाने का भरपूर प्रयास करेंगे।

# वरिष्ठ पत्रकार पर हमले के दबंग आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

जन एक्सप्रेस | बहराइच

यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार संदीप अग्रवाल पर कुछ दबंगों द्वारा पिछले दिनों किए गए हमले के मामले में उपजा का प्रतिनिधि मंडल नानपारा तहसील अध्यक्ष मनोज टेकडीवाल व महामंत्री दीपक श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी अजीत परेश से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन देकर हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की मांग की। उपजिलाधिकारी ने इस मामले में कड़ी कार्यवाही का आश्वासन देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा राजस्व विभाग को पत्र भी भेजा है।



नानपारा के वरिष्ठ पत्रकार संदीप अग्रवाल की लगभग बीस साल पुरानी बैनामा जमीन पर कुछ लोगों द्वारा नाजायज कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों दबंगों ने उनकी पत्नी श्रीमती सीमा की घेराबंदी कर हमले का प्रयास किया गया और गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मार देने की धमकी दी और श्री अग्रवाल पर हमला कर घायल कर दिया। इस मामले की रिपोर्ट नानपारा कोतवाली में दिनांक 24 अगस्त को दर्ज कराई गई थी।

पुलिस ने यह मामला धारा 323, 504, 506, 427 में दर्ज किया है जबकि इसमें 147 धारा भी शामिल होनी चाहिए। देर शाम हुई घटना को लेकर विवेचक को तीन नामजद और दो अज्ञात का मौके पर होना पीड़ित द्वारा बताया गया। घटना के बाद से पीड़ित पत्रकार श्री अग्रवाल का परिवार दहशत में है। इस मामले में हमलावरों की गिरफ्तारी न होने से पत्रकारों में रोष व्याप्त है । प्रतिनिधि मंडल ने उपजिलाधिकारी से दर्ज रिपोर्ट में धारा 147 शामिल कराने और हमलावरों को तत्काल गिरफतार कराने की मांग की। उप जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा तथा राजस्व विभाग को पत्र लिखा है। प्रतिनिधि मंडल में अन्य पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ पत्रकार डी के श्रीवास्तव, जयदीश श्रीवास्तव, रजनीश सत्या, विनोद जायसवाल, संदीप अग्रवाल, अभिलाष श्रीवास्तव, मनोज कुमार गुप्ता, नयन जायसवाल, दिवाकर श्रीवास्तव, सोनू आदि शामिल रहे।

# 118वीं जयंती पर याद किए गए पं. कमलापति त्रिपाठी

* शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस | बहराइच

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल के नेतृत्व में छावनी बाजार स्थित उनके आवासीय कार्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संविधान सभा के सदस्य, पूर्व रेल मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी जी की 118वीं जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल ने कहा कि कमलापति त्रिपाठी एक भारतीय राजनेता थे और इसके साथ ही वे एक वरिष्ठ कांगेस नेता भी थे। कमलापति त्रिपाठी संविधान सभा के सदस्य रहे।वह उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार में रेल मंत्री भी रहे। उन्होंने असहयोग आंदोलन में भाग लिया और वे कई बार जेल भी गए। कमलापति त्रिपाठी हिन्दी और संस्कृत के विद्वान व ग्रंथकार थे। उत्तर प्रदेश में विकास के बहुत से कार्य किये। जनता में कमलापति त्रिपाठी बहुत लोकप्रिय नेता थे। वो ईमानदार, कर्मठ, संघर्षशील और दूरदर्शी सोच के व्यक्तित्व वाले थे।

जयंती समारोह के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपक पाठक को हरियाणा का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का कोर्डिनेटर बनाएं जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अब्दुल मुईद चौधरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुकुंद जी शुक्ल, किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, जिला सचिव हमजा शाहिद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमर नाथ शुक्ल, शहर उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्र, मो. सलमान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मिहींपुरवा तहसील के अधिवक्ताओं ने आंदोलन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा

जन एक्सप्रेस | मिहिपुरवा, बहराइच

जिले के मिहींपुरवा तहसील परिसर में हापुड़ कांड के दोषियों पर कार्रवाई न होने से गुस्सा बार काउंसिल की ओर से हापुड़ के जिलाधिकारी, एसपी का स्थानांतरण दोषी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने, वकीलों के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमे को वापस करने की मांग कर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि कार्रवाई नहीं हुई इसके चलते हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया है। मिहींपुरवा मोतीपुर के समस्त अधिवक्ता आदर्श बार एसोसिएशन मिहिंपुरवा के अधिवक्ताओं द्वारा उप जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। साथ ही मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा गया है।



हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करने के बाद उचित कार्रवाई न होने से वकीलों में नाराजगी है। इसको लेकर यूपी बार काउंसिल के पदाधिकारियों ने रविवार को वर्चुअल बैठक की। इसमें सोमवार को हड़ताल करने का निर्णय लिया गया था। हड़ताल को हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने भी समर्थन दिया है। मिहींपुरवा तहसील आदर्श बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा जिसका संचालक कर रहे महासचिव राम प्रसाद मौर्य ने बताया कि मंगलवार को अधिवक्ता मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला कचहरी परिसर में फूंकेंगे।

बार काउंसिल की ओर से हापुड़ के जिलाधिकारी, एसपी का स्थानांतरण, दोषी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने, वकीलों के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमे को वापस करने की मांग की थी। परंतु उसके अनुरूप कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा गया है। मिहिंपुरवा तहसील कोर्ट में भी सोमवार को काम नहीं हुआ। कोर्ट के बाहर अधिवक्ताओं ने मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।

# जंगल से निकालकर आबादी से सटे धान के खेत में पहुंचा बाघ, दहशत

* ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ हरदोई ब्रांच नहर की झाड़ियों में जाकर छिपा
* घुंघचाई क्षेत्र में डूडा कालोनी में बाघ ने फिर दी दस्तक, सूचना पर टीम पहुंची

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



**पूरनपुर।** जंगल किनारे बसे गांव में बाघ की चहल कदमी का सिलसिला नहीं थम रहा है। सोमवार की सुबह बाघ फिर जंगल से निकलकर आबादी में पहुंच गया। उसे देख ग्रामीणों में खलबली मच गई। लोग लाठी-डंडो से लैस होकर शोर-मचाने लगा। इसपर बाघ हरदोई ब्रांच नहर की झाड़ियों में जाकर छिप गया। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंच गई और जानकारी जुटाई। ग्रामीणों ने जंगल से बाहर हो रही बाघ की चहल-कदमी पर रोक लगाने की मांग की है। घुंघचाई क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर किनारे पश्चिम दिशा में पूर्वांचल के लोग रहते हैं। यह कालोनियां पीटीआर की माला रेंज के जंगल किनारे कई किमी. के दायरे में बसी हैं। पिछले कई दिनों से बाघ जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्र में पहुंच रहा है। आरोप है कि बाघ की रोकथाम के लिए जंगल किनारे तार बाड़ लगाने की लोग लंबे समय से मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। विभागीय उदासीनता के कारण लोगों में हर वक्त मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका बनी रहती है। सोमवार तड़के बाघ फिर डूडा कालोनी नंबर तीन के सामने पहुंच गया। उसकी चहल कदमी देख लोगों में खलबली मच गई। उन्होंने बाघ को जंगल में खदेड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हरदोई ब्रांच नहर की तरफ भाग निकला। लोग भी पीछे दौड़े लेकिन तब तक बाघ नहर की पश्चिमी पटरी की झाड़ियों में जाकर छिप गया था। करीब एक घंटे तक लोगों ने उसकी लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर सामाजिक वानिकी की टीम पहुंच गई और जानकारी जुटाई। वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर के प्रभारी रेंजर कपिल कुमार ने बताया कि बाघ की सूचना पर टीम भेजी गई थी। लोग नहर की झाड़ियों में बाघ के छिपे होने की बात कह रहे थे लेकिन मौके पर उसकी कोई लोकेशन नहीं मिली। टीम बाघ की निगरानी कर रही है।

# चौकी परिसर में गोमांस दबाकर आरोपियों को क्लीन चिट देने वाला चौकी इंचार्ज सस्पेंड

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

* तस्करों को संरक्षण देने वाले इंस्पेक्टर व पुलिस कर्मियों पर गाज गिरना तय
* एएसपी करेंगे पूरे मामले की जांच

**पूरनपुर।** गढ़वा खेड़ा के धनेगा गांव में गोवंश के मांस के साथ पकड़े गए पांच आरोपियों को सांठ गांठ के बाद लाखों रुपए लेकर छोड़ देने व बरामद मांस को चौकी परिसर में दबाने के मामले में एसपी ने देर रात चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर करने के बाद मंगलवार दोपहर सस्पेंड कर दिया। इंस्पेक्टर व पुलिसकर्मियों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में पशु वध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। चर्चा है कि पुलिस की सांठगाठ के चलते पशुवध की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। एक सप्ताह पूर्व मंगलवार को गढ़वा खेड़ा क्षेत्र के गांव धनेगा में पुलिस ने दबिस देकर एक घर से गोवंश का मांस बरामद कर पांच आरोपियों को मौके से पकड़ लिया था। मामले की जानकारी के बाद इंस्पेक्टर भी चौकी पर पहुंच गए थे। बरामद मांस व आरोपियों को चौकी पर लाने के बाद सांठ गांठ के बाद लाखों रुपए वसूल कर क्लीन चिट दे दी थी। बरामद मांस को चौकी परिसर में गड्ढा खोदकर दवा दिया गया था। जिम्मेदारों ने एक आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर दामन बचा लिया। इंस्पेक्टर मामले को पूरी तरह झुठलाते रहे। मामले का एक ऑडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था।जानकारी के बाद सोमवार देर रात अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के पदाधिकारी चौकी पर पहुंचे थे। पदाधिकारीयों ने चौकी परिसर में गड्ढा खोदकर गोवंश का मांस बरामद कर लिया था। मांस बरामद होने के बाद चौकी इंचार्ज पुलिसकर्मियों के साथ मौके से खिसक गया था। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार यादव ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। अपर पुलिस की जांच के बाद देर रात गढ़वा खेड़ा चौकी इंचार्ज अजीत कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया। दोपहर एसपी अतुल कुमार शर्मा ने चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया। मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार यादव को सौंपी गई है। जांच के बाद इंस्पेक्टर व पुलिस कर्मियों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कृषि रक्षा इकाई को किया गया स्थानांतरित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। विकास खंड सुईथाकला क्षेत्रीय कृषकों के सहूलियत व माँग को ध्यान में रखते हुए सोमवार को क्षेत्र के सरायमोहिद्दीनपुर स्थित कृषि रक्षा इकाई को राजकीय बीज गोदाम, रामनगर पर स्थानांतरित किया गया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी (कृषि) श्री मिथिलेश सिंह व राजकीय बीज गोदाम प्रभारी श्री ऋषिकेश गौतम ने गोदाम की चाभी सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) श्री वीरविक्रम सिंह व कृषि रक्षा इकाई प्रभारी श्री चंद्रशेखर को प्रदान किए। इस दौरान कृषि विभाग व कृषि रक्षा के सभी कर्मचारी व क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहें।

### जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ई.वी.एम. के एफ.एल.सी. कार्य के व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इंजीनियरों को निर्देशित किया कि आयोग के निर्देशानुसार एफएलसी कार्य पूर्ण कराएं। एफ.एल.सी. कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। एफ.एल.सी. कार्य के दौरान कोई भी व्यक्ति इलेक्ट्रानिक डिवाइस के साथ प्रवेश नहीं करे। सी.सी.टी.वी. हमेशा सक्रिय रहे। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट, सहायक जिला निर्वाचन बृजेश चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पिस्टल चोरी के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के डिहियां गायत्रीनगर गांव में पखवाड़ा पूर्व घर के पीछे से आंगन में उतर अज्ञात चोरों द्वारा आलमारी में रखी लायसेंसी पिस्टल चोरी कर लिए जाने के मामले में पुलिस ने सोमवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना को 15 दिनों से अधिक बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो चोरों को गिरफ्तार कर सकी,और न ही पिस्टल की बरामदगी ही कर पायी। गांव निवासी उमेश सिंह का आरोप है कि बीते 19 अगस्त की रात अज्ञात चोर उनके घर के पिछवाड़े से छत पर चढ़ आंगन में उतर गये। कमरे में रखी लोहे की आलमारी के बगल खूंटी में टंगी चाभी निकाल चोर भीतर रखा पिस्टल, दस जिंदा कारतूस और दो मैग्जीन उठा ले गए। आरोप के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की तहकीकात में जुटी हुई है।

### प्रयागराज में बीच चौराहे घंटों चले लाठी डंडे, मचा रहा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज। जिले में लाख कोशिश के बावजूद कानून का भय अपराधी प्रवृत्ति के बीच नहीं रह गया है। हॉट बाजार और चौराहे सुरक्षित नहीं है। पुलिस की टरकाऊ नीति के चलते अपराधी मनबढ़ है। यमुनानगर के करछना क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले और पथराव भी हुआ। काफी देर तक भय का माहौल रहा। घटना रविवार की है। कैथी चौराहे पर रविवार को दिन में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। पुलिस का एक सिपाही बीच बचाव करता रहा लेकिन उसका प्रयास विफल रहा। मारपीट किस वजह से हुई, काफी प्रयास के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। लाठी डंडे और पत्थरबाजी से काफी देर तक कैथी चौराहे पर हड़कंप मचा रहा। खास बात यह कि महज एक सिपाही को सरहंगों ने सेंटा तक नहीं और सिपाही ने अफसरों को सूचना देना तक जरूरी नहीं समझा। फिलहाल, करछना थाने की पुलिस कुछ बताने को तैयार नहीं।

### ननिहाल में रह रहे युवक की हत्या, मामा पर आरोप

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज। शहर के कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। निखिल उपाध्याय नामक युवक की लाश कमरे के भीतर पड़ी थी। निखिल उपाध्याय (25) बादशाही मंडी स्थित ननिहाल में अपनी नानी के साथ रहता था। उसके सिर और शरीर के कई अन्य हिस्से में चोट के निशान मिले हैं। मृतक के पिता ने संपत्ति विवाद में हत्या बताते हुए युवक के मामा को आरोपित किया है। बताया जा रहा है कि भदोही जिले के ऊंज थाना क्षेत्र स्थित नवाघन गांव का मूल निवासी निखिल अपने ननिहाल प्रयागराज शहर के बादशाही मंडी में त्रिलोकी नाथ पाण्डेय के यहां रहता था। कुछ समय पहले उसके नाना का निधन हो चुका है। बुजुर्ग नानी की देखभाल निखिल ही किया करता था। मृतक के पिता धर्मेंद्र उपाध्याय का कहना है कि संपत्ति का विवाद चल रहा था। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेजवाने के बाद घटना की बाबत छानबीन की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कई एंगिल से मामले की जांच की जा रही है।

### सपा महिला सभा का विरोध मार्च पुतला दहन, कई गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज। अयोध्या में ड्यूटी पर तैनात महिला सिपाही के साथ सरयू एक्सप्रेस में दरिंदगी की घटना के विरोध में सपा महिला सभा महानगर अध्यक्ष मंजू यादव के नेतृत्व में महिला कार्यकत्रियों ने सिविल लाइंस गिरजाघर प्रदर्शन स्थल से सुभाष चौराहे तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान नारेबाजी और योगी सरकार का पुतला दहन की कोशिश की। पुतला दहन के दौरान पुलिस कर्मियों ने पुतला छीन लिया। सिविल लाइंस पुलिस ने कई महिलाओं व तीन युवा नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की सूचना पर सपा महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि एडवोकेट, सैय्यद मोहम्मद हामिद, मोहम्मद सऊद, रफी अहमद, डॉ जमील अहमद पहुंचे। पुलिस ने थोड़ी देर बाद सभी गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को रिहा कर दिया। गिरफ्तार महिलाओं में महानगर महिला सभा की महानगर अध्यक्ष मंजू यादव, अंकिता श्रीवास्तव, उर्मिला सिंह, लक्ष्मी यादव, सावित्री सिंह, रीता मौर्या, सुषमा यादव, खुशनुमा बानो, कंचन श्रीवास्तव, वंदना, कमलेश केसरवानी, रेनू बाल्मीकी, शिवा केसरवानी, सद्दाम अंसारी, आयुश आदि शामिल रहे।



### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट अलंकार योजना की समीक्षा हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्वार, मरम्मत, पुर्ननिर्माण, निर्माण एवं अवस्थापना सुविधाओं हेतु सहयोगी अनुदान योजना के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अवगत कराया गया कि सनातन धर्म बॉके बिहारी राम इण्टर कालेज के 75 वर्ष पूर्ण, आर्य कन्या इण्टर कालेज के 95 वर्ष पूर्ण, जहानाबाद इण्टर कालेज 39 वर्ष पूर्ण व एस0आर0एम0 इण्टर कालेज बीसलपुर के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आन लाइन पोर्टल पर आवेदन किये गये थे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि शासनादेश के अनुसार 75 वर्ष पूर्ण विद्यालय भवन को ही उक्त योजना में सम्मिलित किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रस्ताव तैयार कर शिक्षा निदेशालय प्रयागराज को प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक उपस्थित रहे।

# इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में मनाया गया शिक्षक सम्मान समारोह

* शिक्षक एक कलम और एक किताब पूरे विश्व को बदल सकता है: अखलाक हसन खां

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




रविवार को सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक सम्मान समारोह शहर के इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी अयाज अहमद खां एडवोकेट ने दी प्रज्वलित करके किया कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक इकबाल हसन खा ने किया। प्रधानाचार्य श्री हसन ने बताया कि विद्यालय की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी शहर के दो सेवानिवृत अध्यापक शशि देवी बेसिक शिक्षा परिषद एवं एजाज हसन खान माध्यमिक शिक्षा परिषद को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय की एक अध्यापिका कुमारी रुबी शरीफ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोहलिया जिसमें एक कार्यक्रम पंछी बनू ने भव्य विभोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अयाज अहमद ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा स्रोत है। जिससे हम पूरे विश्व को बदल सकते हैं। जैसे डॉक्टर राधाकृष्णन एक अध्यापक से देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए यह शिक्षा की ही देन है अतः गुरुओं का सम्मान सर्वोपरि है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सखावत उल्ला खान कहा कि अगर आप निरक्षर रह गए तो आपकी शिक्षा के प्रति उदासीनता साबित होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इकबाल हसन खां ने कहा कि एक शिक्षक एक कलम और एक किताब पूरे विश्व को बदल सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अखलाक हसन खां ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर मुमताज अहमद, सखावत उल्ला खान, वसीमुद्दीन खान,एके खान,अफसर हुसैन, मधु सक्सेना, रजनी सक्सेना, अनवर जहां, कमल समसी, नसीम समसी,शारिक अली, तारिक अली आदि लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन कुमारी रुबी शरीफ ने किया।

# प्रसव पीड़ा बढ़ी तो एंबुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किशनपुरा निवासी आशा के पति ने 102 एंबुलेंस के कॉल सेंटर लखनऊ को कॉल करके गर्भवती महिला की प्रसव पीड़ा की सूचना दी जिस पर तत्काल प्रभाव से 102 एंबुलेंस किशनपुरा गांव में पहुंच कर प्रसव पीड़ा से पीड़ित राम बेटी पत्नी जागन लाल उम्र 28 को घर से स्कूप स्ट्रेचर की सहायता से एंबुलेंस में शिफ्ट किया और सरकारी अस्पताल में लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में प्रसव पीड़ा बहुत अधिक बढ़ गई जो की असहनीय थी। प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला के लिए एंबुलेंस पर तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन के.के. देवदूत साबित हो गए और फिर ईएमटी केके ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए पायलट अमित कुमार से एंबुलेंस को सड़क के किनारे रुकवा कर एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया जिसके दौरान पुत्री का जन्म हुआ । बच्चे को प्लेसेंटा से अलग कर घरवालों की गोद में दे दिया। और ईआरसीपी की सहायता से प्राथमिक उपचार करते हुए सीएससी जहानाबाद में भर्ती कर दिया जहां स्टाफ नर्स नीतू ने मां बच्चे को सुरक्षित और स्वस्थ बताया । राम बेटी के परिवार वालों ने एंबुलेंस कर्मचारियों की प्रशंसा की और कहा कि एंबुलेंस के कर्मचारियों की वजह से हमें कोई परेशानी नहीं हुई।

# पोस्टमार्टम के बाद देर रात घर पहुंचे दोनों छात्राओं के शव

* पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो सका मौत का कारण
* गमगीन माहौल में सुपुर्द खाक किए गए शव

> पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया। जांच में मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।
> जगत सिंह, प्रभारी निरीक्षक पूरनपुर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**पूरनपुर।** पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सगी बहनों के मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस ने विसरा प्रिजर्व कर लिया। देर रात दोनों बहनों के शव घर पहुंचते ही चीत्कार मच गया। सुबह गमगीन माहौल में शवों को कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया गया। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस भी मौजूद रही।

नगर के मोहल्ला रजागंज निवासी सभासद की पुत्री मुन्नी व कशिश ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। स्वजन आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी ले गए थे।जहां से जिला अस्पताल के लिए ले जाते समय दोनों ने दम तोड़ दिया था। दो बहनों की एक साथ मौत की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। स्वजनों ने शवों का पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया था। मामले की जानकारी पर देर रात आस पड़ोस की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए घुंघचाई व माधोटांडा से अतिरिक्त पुलिस फोर्स बुला लिया गया। घंटो चली वार्ता के बाद परिजन शवों का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हो गए। पोस्टमार्टम के बाद सुबह तीन बजे नगर चौकी इंचार्ज दीपचंद परिजनों के साथ शवों को लेकर घर पहुंचे। छात्रों के शव घर पहुंचते ही चीत्कार मच गया। सुबह गमगीन माहौल में दोनों शवों को ब्लॉक रोड स्थित कब्रिस्तान में पुलिस की मौजूदगी में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

# सौहार्द भरे वातावरण में भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाये त्योहार: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में जन्माष्टमी, चेहल्लुम व गणेश चतुर्थी त्यौहार को शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में पीस कमेटी की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आये विभिन्न क्षेत्रों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों से त्यौहारों के दृष्टिगत जन समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को उनका त्वारित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने सम्भ्रान्त व्यक्तियों से अपील करते हुये कहा कि त्यौहारों प्रेम एवं भाईचारे के साथ शान्तिपूर्ण वातावरण में मनाऐं। उन्होंने कहा कि बिना कोई नई परम्परा डाले हुये पूर्व की भांति त्यौहार मनाऐं और पुलिस एवं जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है यदि किसी प्रकार अफवाह या भ्रान्ति फैलाई जाती है तो तत्काल उच्चाधिकारी को अवगत करायें। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया जहॉ जहॉ विद्युत के तार ढीले है उन्हें ठीक करा लिया जाये। उन्होंने सभी से अपील करते हुये कहा कि ताजिया ज्यादा ऊॅचाई तक के न निकाले जाये। इसके साथ ही साथ निर्देश दिये गये कि धार्मिक स्थलों के आसपास साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक को कडे निर्देश देते हुये कहा कि ड्रोन कैमरो के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों में नजर रखी जाये यदि किसी भी धर्म, समाज, वर्ग के व्यक्तियों के द्वारा अव्यवस्था फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ताजिया व शोभा यात्रा के दौरान असलह प्रदर्शन न किया जाये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### नकली आयुर्वेदिक एवं यूनानी औषधियों की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही के सम्बन्धी समीक्षा बैठक सम्पन्न

ह्यजिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में जनपद में भ्रामक, भांगयुक्त मुनक्का वटी/मुनक्का गोली/मुनक्का चूर्ण मिलावटी एवं नकली आयुर्वेदिक एवं यूनानी औषधियों की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही हेतु समीक्षा बैठक कलेक्टेऊट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के अन्तर्गत वर्ष में कम से कम 04 वार जनपद में संचालित फार्मेसियों के प्रिमाइसेज का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान दवाओं के सैम्पुल लेकर एकत्र कर जांच हेतु भेजना सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही भांगयुक्त औषधि की निर्माण एवं बिक्री को प्रतिबन्धित कराने हेतु कार्यवाही की जाये, आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा चमत्कारिक उपचार के विज्ञापनों की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के साथ साथ जनपद में आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोरों की गणना और उनके रजिस्टेऊशन से सम्बन्धित उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# नरेंद्र मोदी की अगुवाई में फिर बनेगी केंद्र में सरकार: अनुप्रिया



जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

केंद्र सरकार में बतौर सहयोगी दल शामिल अपनादल (एस) की मुखिया व कैबिनेट मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में फिर से एकबार केंद्र में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। अनुप्रिया पटेल ने दावा किया कि सबका साथ सबका विकास की नीतियों पर कार्य करते हुए मोदी सरकार जनता के बीच गहरी पैठ बना चुकी है। अनुप्रिया पटेल अंदावा स्थिति एक ब्लड डोनेशन सेंटर का उद्घाटन करने आईं थीं। उनके साथ भाजपा सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल भी शामिल रहीं। नेताद्वय ने उपस्थित लोगों से केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने पर जोर दिया। इस मौके पर विधायक प्रवीण पटेल, महापौर गणेश केसरवानी, ब्लाक प्रमुख वीरेंद्र पटेल, ज्योति यादव, नागेंद्र पटेल, डॉ एसपी सिंह, डॉ संतोष सिंह, डॉ सुनील विश्वकर्मा, डॉ राम सिया, प्रबंधक निखिल श्रीवास्तव भानु पटेल डॉ जेके पटेल, सरदार पटेल, वृजेंद्र सिंह, नवीन सिंह, चंद्रिका पटेल, सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# महिला के खाते से गायब रुपए की खबर मीडिया में चलते ही बैंक कर्मचारी ने रूपया किया वापस

* बैंक के मंडलीय अधिकारियों और जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद बैंक हरकत में आयी

जन एक्सप्रेस
खबर का असर





बैंक में जमा रुपये निकालने गई महिला के खाते से रुपया गायब, मचा हड़कंप

* कर्मचारियों के कार्यप्रणाली चलते सेण्ट्रल बैंक पुनः सुर्खियों में
* पूर्व में भी किसानों के करोड़ों के घोटाले में फंसा चुका है बैंक
* आज भी जांच के नाम पर किसानों के लाखों रूपए अधर में

**जौनपुर।** विगत शुक्रवार को सरपतहा थाना क्षेत्र में स्थित सेण्ट्रल बैंक से महिला के खाते से गायब रूपए का मामला जन एक्सप्रेस द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने और मामला अखबार में छपने के बाद जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व बैंक के मंडलाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद सोमवार को खाताधारक का पैसा वापस हुआ। पैसा वापस पाकर खाताधारक ने राहत की सांस ली। वही बैंक मामले की जांच बैठा दी गौरतलब हो कि क्षेत्र के कम्मरपुर निवासिनी कमला देवी पत्नी बहादुर नामक सेण्ट्रल बैंक के खाताधारक से जुड़ा हुआ था । आरोप था कि खाताधारक कमला देवी द्वारा बैंक के खाता संख्या 2254883173संख्या में विगत तीन मार्च को बीस हजार जमा किया गया।जब आवश्यकता पड़ने पर जब खाताधारक खाते से रकम निकालने गई तो कैशियर द्वारा खाते में रकम न होने की बात कही गई थी । तो खाताधारक के पैर के तले से जमीन खिसक गई तत्कालीन शाखा प्रबंधक आनन फानन में लीपापोती करना शुरु कर पैसा नगद दिलाने की बात कही इसी तरह हीलाहवाली करते हुए छः महीने गुजरने के बाद शुक्रवार को पीड़िता द्वारा शाखा प्रबंधक को लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देकर रकम दिलाने की मांग की गयी थी । मामला मीडिया में आने के बाद जब इसे जन एक्सप्रेस द्वारा प्रमुखता से उजागर करने के बाद जिलाधिकारी बैंक के उच्च अधिकारियों के संज्ञान लेने के बाद बैंक कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई थी । यही नहीं पीड़ित के घर पहुंचकर छ माह से आज कल करने वाले अधिकारी आनन फानन में खाता धारक महिला के घर पहुंच कर बीस हजार रुपया नगद दो गवाहन के बीच दिया और लिखित पैसा प्राप्त की शाखा प्रबंधक के नाम पत्र लिखवाया।

# स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा मोदी और योगी का कार्यकाल: जितिन प्रसाद

**✻ लोक निर्माण मंत्री ने अजगैन क्रासिंग के फ्लाई ओवर का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**नवाबगंज।** ब्लाक मुख्यालय पर सोमवार को आयोजित शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी के नौ वर्ष और सीएम योगी के सात वर्षों का कार्यकाल इतिहास में स्वर्ण अक्षर में लिखा जायेगा। आज देश मे तेजी से परिवर्तन हो रहा है इसमें आप सभी का योगदान है। परिवर्तन को अंजाम तक ले जाने के लिए 2024 का चुनाव मोदी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। उन्होंने अजगैन में रेलवे क्रासिंग पर लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम द्वारा 47 करोड़ 61 लाख की लागत से बनाये जा रहे फ्लाई ओवर का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इसके साथ ही 78 करोड़ 54 लाख 62 हजार की 22 परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। क्षेत्र के जर्जर अजगैन मोहान मार्ग को 27 करोड़ की लागत से एक साल के अंदर बनवाये जाने की घोषणा की है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के परियोजना निदेशक डीएस वर्मा को स्टीमेट बनाकर 20 दिन में टेण्डर कराते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सांसद साक्षी महाराज व विधायक ब्रजेश रावत द्वारा दिये गए सभी प्रस्ताव को मंजूर कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को सांसद डॉ साक्षी महाराज, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, विधायक ब्रजेश रावत, पंकज गुप्ता, शिक्षक एमएलसी अरुण पाठक ने सम्बोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधायक अनिल सिंह, श्रीकांत कटियार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविप्रताप सिंह, शशांक सिंह सहित लोक निर्माण व सेतु निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# एंगल लदे ई रिक्शा से टकराई बाइक, पीछे बैठे युवक की हुई मौत

**✻ दही थाना क्षेत्र के लखनऊ बाईपास पर हुआ हादसा**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

दही थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ बाईपास पर लोहे के एंगल लदे ई रिक्शा से बाइक की टक्कर हो गयी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे युवक के सिर में एंगल घुस गया। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव साढूखेड़ा निवासी हिमांशु (19) पुत्र अजय शंकर यादव अपने ममेरे भाई



भुसकापुर निवासी अंकुश यादव के साथ मामी सीमा की दवा लेने शहर आया था। दवा लेने के बाद दोनों बाइक से वापस जा रहे थे। जैसे ही वह लखनऊ बाईपास पहुंचे लोहे के एंगल लदे ई रिक्शा से उनकी टक्कर हो गयी। पीछे बैठे हिमांशु के सिर में लोहे का एंगल घुस गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे आनन फानन निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक इंटरमीडिएट का छात्र था। चार भाईयों में सबसे छोटा था। बेटे की मौत से मां मंजू और अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ दही अनुराग सिंह ने बताया कि लोहे एंगल लदे ई रिक्शा से बाइक टकराने की घटना में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। चालक और ई रिक्शा कब्जे में है।

## फास्ट फॉरवर्ड ⏭

### बिल्हौर में अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस/बिल्हौर।** बिल्हौर कस्बे में समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष का जोरदार स्वागत हुआ जगह-जगह दुकानों और चौराहों पर पार्टी के पदाधिकारी ने फूल मालाओं से लाद दिया और मुंह मीठा कराया आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने अपने सभी संगठनों के पदाधिकारी का गठन कर दिया है। इसी क्रम में मकनपुर निवासी मुकीम खान को समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । रविवार को अल्पसंख्यक युवा जनसभा के जिला उपाध्यक्ष बबलू खान ने ककवन रोड चौराहे पर अपनी मोबाइल की



दुकान पर समर्थकों को इकट्ठा कर उनका जोरदार स्वागत किया और उन्होंने बताया कि आगामी चुनाव के मद्देनजर हम गांव-गांव घर-घर जाकर अपनी पार्टी की विशेषताओं को बताकर अपनी जाति के अलावा आसपास के लोगों को भी जोड़ने का काम कर रहे हैं हमारे जिला अध्यक्ष ने पिछली विधानसभा चुनाव में जी जान से मेहनत किया था जिसके चलते लखनऊ में बैठे पदाधिकारी ने उनको इस पद से नवाजा है। इस मौके पर हाफिज हसीन, दानिश खान, अब्दुल्ला खान आदि लोग शामिल रहे।

### कर्म क्रांति फाउंडेशन ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत किट



**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** सामाजिक संस्था कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन ने बाढ़ प्रभावित सिकंदरपुर सरोसी के गांव अतरी पहुंच कर ग्रामीणों की समस्या सुनी और उन्हें डीएम से मिलकर कर निराकरण के लिए गुजारिश करने का आश्वासन दिया। इसके बाद संस्था कें सदस्यों ने आपसी सहयोग से राहत किट बनवाने के बाद गांव पहुंच कर बाढ़ पीड़ित परिवारों को वितरित किया। संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा अपने सहयोगियों दिलीप सिंह व लक्ष्मी कांत चौरसिया आदि के साथ बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने के लिए अतरी गांव पहुंचे। संस्था के सहयोगियों आपसी सहयोग से चंदा एकत्र कर राहत किट बनवाई जिनमें खाद्य सामग्री के साथ ही डॉक्टर से बात कर आवश्य दवाएं भी रखवाई गयी। संस्था कें लोगों ने गांव पहुंच कर 180 परिवारों को राहत किट वितरित की। इस मौके पर रसूलाबाद चेयरमैन प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष साधना दीक्षित, समाजसेवी सुरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहें। संस्था के अध्यक्ष ने ग्रामीणों को पानी घटने के बाद गांव में मेडिकल कैंप लगवाने का भी आश्वासन दिया है।

### 24 को गीता अतिथि लॉन में होगा मेधा सम्मान का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में ब्रह्मसभा शुक्लागंज की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुये ब्रह्मसभा के अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कहा कि 24 सितंबर रविवार को सुबह 10 बजे से स्थानीय गीता




अतिथि लॉन राजधानी मार्ग में मेधा सम्मान का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिन छात्र-छात्राओं ने सत्र 2022-23 की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये है। उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर अंजनीकांत शुक्ला, आशुतोष शुक्ल, अवनीश शुक्ल, रवि शुक्ल, योगेन्द्र देव त्रिपाठी, रीतेश मिश्रा, श्रीकांत त्रिवेदी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जगह जगह सजी दुकानें

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार को राजधानी मार्ग के अलावा पोनी रोड समेत कई स्थानों पर जगह-जगह हलछठ की खरीददारी के लिये दुकानें सजी थी। जहां महिलाओं ने महुआ, छह प्रकार के अनाजों से बना चबेना, बहुरी, फल, दही, गुड़, फसली चावल, पौधों से बना हलछठ की खरीददारी की। महिलाएं मंगलवार को होने वाले पर्व के लिए एक दिन पूर्व ही पूजन सामग्री की खरीददारी की। जिसके बाद मंगलवार को व्रत रखकर पूजा अर्चना करेंगी। वहीं जन्माष्टमी को देखते हुये घरों में साफ सफाई का दौर शुरू हो गया है।

### पंखे में चादर का फंदा बना लटक कर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हसन्नापुर ग्राम पंचायत के मजरा बाबाखेड़ा निवासी अमित(25) ने कमरे में सोमवार दोपहर को पंखे में चादर का फंदा बना लटक कर आत्महत्या कर ली। घर पर मौजूद छोटी बहन पूनम ने शव को देख परिजनों व ग्राम प्रधान की मदद से पुलिस को सूचना दी। आत्महत्या के पीछे परिजन कोई कारण नही बता पाए। ग्राम प्रधान चंद्रभान ने बताया कि पत्नी रीता राखी के त्योहार पर लखनऊ के तेलीबाग स्थित मायके गई हुई थी। घर पर छोटी बहन पूनम के साथ अमित रह रहा था। माता पिता की कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। हादसे के बाद पूनम ने रीता को घटना की सूचना दी। जिसके बाद वह मायके से सीधे ससुराल पहुची। मृतक की पत्नी सात माह की गर्भवती है। स्थानीय लोग शराब का लती होने के चलते आत्महत्या कर लेने की बात कह रहे थे। एसओ अवधेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चार दर्जन चोरी की बैटरी संग चोर दबोचे

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** बिछिया ।दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया की बैटरी चोरी की बिकने के लिए जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर और सर्विलांस की मदद से सूचना मिली की बिकने जा रही है लोडर में जिसके बाद तीनों आरोपियों को पकड़ कर थाने लाकर पूछताछ की गई जिसमे तीन लोग सदर कोतवाली क्षेत्र के लोकनगर निवासी कुलदीप सिह चौहान उर्फ पिन्टू,वजीरखेडा करोवन निवासी शिवकिशोर, निबहरा करोवन निवासी अभिषेक बताया और बताया की एक साथी उनका रायबरेली जनपद के लालगंज निवासी राघवेन्द्र सिंह उर्फ गोरे मौके से पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा जिसकी पुलिस खोज कर रही है लोडर में 48बैटरी मिली ।है जिन लोगो की बैटरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई है उनसे सम्पर्क किया जा रहा है अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सपा की मासिक बैठक में बूथ को मजबूत करने पर दिया गया जोर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय में पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अपना बूथ मजबूत करने के लिए कहा। उन्होंने कहा पार्टी की निति और रीति जन जन तक पहुंचाने के साथ मौजूदा सरकार की जनविरोधी कार्य भी लोगों को बताए जाए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ज़िलाध्यक्ष राजेश यादव ने सभी विधानसभा अध्यक्षों से बूथ संगठन की स्थित का जायज़ा ले। जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में नहीं हैं उनके नाम दर्ज कराए जाए। साथ सत्ताधारी दल की जनविरोधी




गतिविधियों से जन जन को अवगत कराया जाए। पूर्व विधायक बदलू खाँ ने संबोधित करते हुए कहा की देश में महंगाई चरम सीमा पर है बेरोज़गारों को रोज़गार नहीं है। सरकारी कर्मचारी व अधिकारीयो का जनता के प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। सभी को एक जुट होकर लोक सभा चुनाव में मुँह तोड़ जवाब देना है। पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी ने कहा कि इंडिया के गठन से एनडीए भयभीत है। मौजूदा केंद्र सरकार के मुखिया द्वारा किए गये लगभग सभी काम जनता को परेशानी में डालने वाले ही रहे है। बैठक को आंचल वर्मा, मुन्ना अलवी, ओम प्रकाश रावत, मक़सूद अली, अशोक सिंह, अंशू रावत, डा.राम पाल कुशवाहा, राम किशन लोधी, राम बहादुर यादव, हेमंत पाल, राजेश कुमार साधू, हरिकेश यादव आदि ने संबोधित किया। बैठक में आलोक निगम, रमन पटेल, जगदीश यादव, शैलेंद्र सिंह, हरीश किदवई, उदय राज यादव, राहुल अग्निहोत्री, धर्मेंद्र यादव, छोटे लाल भारती, अक्तर भाई, राज कुमार लोधी, ब्रजपाल सिंह आदि पदाधिकारी गण रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नवजात बच्ची के साथ केक काट मनाया उत्सव



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला समाज कल्याण विभाग की ओर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के लिए सुकन्या जन्मोत्सव के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नवजात बच्ची के साथ केक काट अस्पताल स्टाफ ने उत्सव मनाया। कार्यक्रम में मौजूद मातृ शक्तियों को नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए पोषण की जानकारी भी चिकित्साप्रभारी डॉ0 एस एस सिंह ने दी। इस दौरान दस बालिकाओं को कपड़े व बेबी केयर किट भी बांटा गया। कार्यक्रम में डॉ0 रश्मि वर्मा, जिला समन्यवयक शिल्पी के अलावा अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेयी, अमित कुशवाहा, विपिन पांडेय, लता बाजपेयी, स्मृति जौहरी आदि मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# सभासदों के हंगामा करने पर अध्यक्ष पति और ईओ ने समझाया, कराया शांत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** सोमवार को राजधानी मार्ग स्थित नगर पालिका गंगाघाट में सुबह ग्यारह बजे बोर्ड बैठक बुलाई गई थी। साढ़े बारह बजे पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा पालिका पहुंचे। जिस पर कुछ सभासदों ने कहा कि पूरा बोर्ड अध्यक्ष और ईओ का डेढ़ घंटे से इंतजार कर रहा है। इस पर सभासदों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। जिस पर अध्यक्ष पति संदीप पांडे और ईओ ने किसी तरह समझा बुझा कर उन्हें शांत कराया। जिसके बाद सभासदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत



कराया। वहीं कुछ दिन पहले विकास न होने के लिये हंगामा काटा था लेकिन बैठक के दिन विकास का मुद्दा भूल गये केवल निजी स्वार्थ देखने को मिली। किसी भी सभासद ने जनता के हित के बारे में कोई मुद्दा नहीं उठाया। इस दौरान सभासद अतुल अग्निहोत्री, शहजादे, चंद्रपाल निषाद, नंदकिशोर मिश्रा, नीलम सिंह, रीना यादव, राजा, विशाल त्रिपाठी, शहजादे, मीना कुमारी, उर्मिला गौतम, सूरज साहू, फुरकान खान, छेदीलाल निषाद, विकास राजपूत ने भी अपने वार्डों की समस्याएं रखी।

# उत्तरी बंबा स्थित शराब ठेका के सामने उतराता मिला शव

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी अंतर्गत उत्तरी बंबा की पटरी पर अंग्रेजी शराब ठेका के सामने शव उतराता देख लोगों में देखने की होड़ लग गई देखते ही देखते सैकड़ो लोग वहां पर इकट्ठा हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पहचान करने की कोशिश की काफी देर बाद अयोध्या प्रसाद पुत्र रामसागर उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम गुरधरा थाना बिल्हौर के रूप में हुई ग्रामीणों ने बताया अधिक नशे में हो जाने के कारण उत्तरी बम्बा में गिर गए जिन्हें पीआरबी 112 व ग्रामीणों की मदद से निकला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर भेजा गया जहा डाक्टरों ने मृत्यु घोषित किया। अंग्रेजी शराब ठेके पर सीसीटीवी कैमरे अगर लगे हैं तो यह



पता चल सकता है कि इसके साथ में शराब पीने वाला और कौन व्यक्ति था आखिरकार वह अपने आप गिरा या कोई वहां पर धक्का देकर गिराया गया इस रहस्य पर्दा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही उठेगा पुलिस अपनी जांच प्रक्रिया में उसको भी शामिल कर रही है कि उसके साथ में कौन था पूछताछ जारी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता चल सकेगा कि आखिरकार मौत का कारण क्या है। कोतवाल सुरेंद्र सिंह राठी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# धर्म के आगे इश्क तोड़ रहा दम

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

नाथूपुर निवासी करीना धर्म के लिए इश्क को छोड़ने के लिए हैं तैयार ये मोहोब्बत हैं या फिर कोई षड्यंत्र हैं। जहा अब तक लड़की व उसके परिजन मोहोब्बत के नाम पर लडके अंकित को धर्म परिवर्तन करा रहे थे और प्रेमजाल में फ़स कर युवक अपना धर्म बदलने को तैयार भी हो गया था लेकिन ज़ब लडके ने अपने धर्म में वापसी कर लीं और लड़की को साथ आने के लिए कहा तो लड़की की मोहोब्बत ऐसे खत्म होने लगीं जैसे मानो ये प्यार नहीं बल्कि कोई साजिस हैं जिसके चलते लड़की ने हिन्दू रितिरीवाज से शादी करने से साफ इंकार कर दिया और कई लोगो के सामने अपने प्रेमी का कालर पकड़ कर शादी के लिए मना करने लगीं वही दूसरी तरफ लड़की पक्ष पर लडके के पिता ने आरोप भी लगाया हैं कि उन लोगो ने जबरन युवक का धर्म परिवर्तन कराने की साजिस रची हैं जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा भी पंजीकृत कर लिया हैं सोमवार को भी लड़की हिन्दू रितिरीवाज से शादी करने को तैयार नहीं हुई जिससे यह तो स्पष्ट हो रहा हैं की लड़की लडके को सिर्फ लव जिहाद का शिकार बना रही थी और कुछ नहीं हलाकि अभी तक दोनों ही प्रेमी युगल कप्तान की सुपुर्दगी में हैं और अभी तक उनके विवाह का मामला सुलझ नहीं पाया हैं।

# सनातन हिंदू धर्म ही भविष्य का धर्म है सनातन वैदिक: रामराज परिषद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सनातन वैदिक रामराज परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने सनातन धर्म के बारे में उदयनिधि स्टालिन के बयान पर तीखी प्रक्रिया देते हुए कहा है कि सनातन धर्म सृष्टि के आरंभ से है वर्तमान में भी सनातन ही सृष्टि का आधार है और सृष्टि के अंत तक भी सनातन ही रहेगा क्योंकि इस धर्म की उत्पत्ति स्वयं नारायण से है किसी व्यक्ति विशेष से नहीं । इसके उन्मूलन की कामना करने वाले का



विनाश निश्चित है अतीत में हिरण कश्यप, रावण आदि न जाने कितने असुरों ने इसको उखाड़ने का प्रयत्न किया परंतु सनातन धर्म आज भी उसी तरह प्रतिष्ठित है जितना पूर्व में था जबकि उसके उखाड़ने वालों का अस्तित्व तक मिट गया उनका नाम लेने वाला कोई नहीं बचा। इसी तरह उदय निधि स्टालिन जैसे लोगों का अस्तित्व कोई नहीं बचा सकता गंदी राजनीति के दिन पूरे हो चुके हैं सनातनी हिंदुओं के जागते ही इसका विनाश निश्चित है। सनातन धर्म की बढ़ती लोकप्रियता इसका प्रमाण है जब बिना किसी प्रलोभन के सनातनियों की संख्या बढ़ती चली जा रही है और तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्ष सनातनी हिंदू बन रहे हैं ।और जोर जबरदस्ती करके धर्म परिवर्तन करने वालों का उन्हीं की अनुयाई विरोध कर रहे हैं जैसे कि ईरान आदि देश।

कल सायं काल 5=00 बजे गोल चौराहे पर सनातन धर्मियों से आग्रह किया गया है कि गोल चौराहे पर चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होकर उदय निधि का पुतला दहन करें जिससे कि इस दुष्ट आत्मा का अंत हो और सनातन धर्म की विजय हो।

# साढ़ पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी को छोड़ा तो घाटमपुर एसीपी से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**✻ पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण के लिए नहीं भेजा**

**✻ पीड़िता को लगातार धमकी देते हुए समझौते का दबाव बना रहे**

साढ़ थाना क्षेत्र के महनीपुर गांव निवासी एक नाबालिग किशोरी ने गांव के ही एक युवक के विरुद्ध घर मे घुश कर बद नियती से दबोचने व पीड़िता के शोर मचा देने पर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग जाने की सिकायत की गयी थी घटना क्रम के अनुसार शिकायत के बाद साढ़ पुलिस ने आरोपी युवक पकड़ कर लाकअप मे करते हुए पीड़िता का मुकदमा विभिन्न धाराओं मे लिख लिया जिसके बाद पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण के लिए नही भेजा और न ही उसके बयान मजिस्ट्रेट के सामने कराए जब कि लाक अप मे बंद आरोपी युवक के परिजनों से मोटी रकम लेकर आरोपी को थाने से ही छोड़ दिया जिसके चलते आरोपी युवक सहित उसके परिजन पीड़िता को लगातार धमकी देते हुए समझौते का दबाव बना रहे है जिसके चलते बिना बाप की पीड़िता किशोरी व उसकी माँ गांव छोड़ने की स्थिति मे हैं शोमवार को पीड़िता किशोरी अपर पुलिस कमिश्नर कानपुर दक्षिण के कार्यालय पहुंच कर लिखित शिकायत करते हुए अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है।



# अपर पुलिस उपायुक्त स्पेशल ग्रेड 2 ऑफिसर बने राहुल मिठास

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के क्रम में पुलिस कमिश्नरेट कानपुर के राहुल मिठास अपर पुलिस अधीक्षक स्पेशल ग्रेड 2 ऑफिसर बनाए गए हैं। बीते दिन इस यादगार पल को पुलिस आयुक्त आरके स्वर्णकार ने स्मरणीय बना दिया, मौका था पायिपिन सेरेमनी का। पुलिस कमिश्नर आरके स्वर्णकार तथा पुलिस उपायुक्त मुख्यालय तेज स्वरूप सिंह ने कंधे पर अशोक स्तंभ के साथ एक सितारा लगाकर एडीसीपी राहुल मिठास का मुंह मीठा कराया, राहुल मिठास को समस्त अधिकारियों शुभचिंतकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# कल्याणपुर बिठूर रोड पर बने शॉर्टकट राहगीरों के लिए बन गए मौत की सीढ़ी

जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** कल्याणपुर बिठूर रोड पर शहर के नामी ग्रामीण विद्यालय संचालित है। साथ ही साथ आसमान को छूती इमरती बनी हुई है। इन इमारत को बनाने वाले बिल्डरों ने गेट के सामने ही डिवाइडर को तोड़कर रास्ते का निर्माण कर दिया है। इसके अलावा आधा दर्जन से अधिक संचालित विद्यालयों के प्रबंध तंत्र ने भी विद्यालय के गेट के सामने डिवाइडर को काटकर विद्यालय से निकलने वाले वाहनों के लिए शॉर्टकट रास्ता तैयार कर दिया है। जो अब वहां से निकलने वाले राहगीरों के लिए मौत का शॉर्टकट बन गया। आपको बताते चलें कल्याणपुर बिठूर रोड पर आए दिन एक्सीडेंट होते ही रहते हैं। इतना ही नहीं इन एक्सीडेंटों से कई मोटे भी हो चुकी है। इन सभी घटनाओं के पीछे एक ही वजह है।



और वह वजह यह है कि कल्याणपुर बिठूर रोड पर आधा दर्जन से अधिक शहर के नामी गिरनी स्कूल संचालित है साथ ही साथ आसमान को छूट अपार्टमेंट बने हुए हैं। इन विद्यालयों और अपार्टमेंट के मालिकों ने विद्यालय व अपार्टमेंट से निकलने वाले वाहनों के लिए मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर को कई जगह से तोड़कर शॉर्टकट का निर्माण कर दिया है। जिसकी वजह से विद्यालयों और अपार्टमेंट से निकलने वाले वाहनों की चपेट में आकर आए दिन राहगीर चोटहिल हो रहे हैं। लेकिन इतनी घटनाओं के बाद भी अभी तक ना तो जिला प्रशासन ने इन शॉर्टकट रास्ता को बंद कराया है और ना ही अपार्टमेंट व विद्यालयों के मालिकों ने ही शॉर्टकट बंद किए हैं। जन एक्सप्रेस समाचार पत्र लगातार जिला प्रशासन को इन शॉर्ट कट रास्तों को बंद करने के लिए जगाता भी रहा है लेकिन अभी तक जिला प्रशासन नहीं जगा है। ऐसा लगता है कि कानपुर जिला प्रशासन को किसी बड़ी घटना का इंतजार है।

# राहुलयान की न लॉन्चिंग हो पाई, न लैंडिंग: राजनाथ सिंह

## गहलोत ड्राइविंग सीट पर हैं, लेकिन क्लच-एक्सेलरेटर कोई और दबा रहा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रामदेवरा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- चंद्रयान की लॉन्चिंग और लैंडिंग तो सफलतापूर्वक हो गई, लेकिन राहुलयान की 20 साल से न तो लॉन्चिंग हो पाई है न ही लैंडिंग हो पाई है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान भ्रष्टाचार के मामले में नंबर एक पर है। राजस्थान में पेपर लीक हो रहे हैं। सीएम गहलोत जिस गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर बैठे हैं, उसका क्लच कोई और दबा रहा है। एक्सेलरेटर और कोई दबा रहा है। राजनाथ रामदेवरा में भाजपा की तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले सभा को संबोधित कर रहे थे। यह यात्रा जोधपुर संभाग में 20 दिन में 51 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी।



### वसुंधरा बोलीं, यह सरकार बहरी और गूंगी

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे देश की धाक पूरे विश्व में जमाई है। देश में गरीबी कम की है। लोगों के जीवन में खुशहाली आई है। राम मंदिर का निर्माण करने का काम मोदी सरकार ने किया है। राजस्थान में 2018 में कांग्रेस झांसा देकर सरकार में आई। उंगलियों पर गिनकर 10 दिन में कर्जा माफ करने की बात कही, लेकिन किया नहीं। आज राजस्थान में कानून और सरकार नाम की कोई चीज नहीं रही। रोज हत्या, गैंगवार, गैंगरेप, लूट की वारदात हो रही हैं। महिला अत्याचार में राजस्थान एक नंबर पर है। ये सरकार बहरी और गूंगी है।

### 2027 तक हमारी अर्थव्यवस्था टॉप 3 में होगी: राजनाथ सिंह

2014 में हमारी अर्थव्यवस्था 10वें स्थान पर थी। अब 9 साल बाद भारत अर्थव्यवस्था में 5वें स्थान पर आ गया है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था टॉप 3 में होगी। जब हम लोगों की 2014 में सरकार बनी तब 18 हजार गांवों में बिजली नहीं थी। डेढ़ साल में हमारी सरकार ने बिजली पहुंचाने का काम किया है। जनधन खाते से पैसे सीधे अकाउंट में जाते हैं, जिससे भ्रष्टाचार के रास्ते बंद हो गए हैं। दिल्ली से निकला पूरा पैसा लोगों के पास जाता है। गरीब कल्याण हमारा मंत्र, मिशन है।

### राजस्थान भ्रष्टाचार, माफिया राज में पहले नंबर पर: गजेंद्र

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग कभी भगवान राम के अस्तित्व को नकारते हैं, कभी रामसेतु के अस्तित्व को नकारते हैं, कभी राम मंदिर निर्माण में बाधा उत्पन्न करते हैं। भारत तेरे टुकड़े होंगे नारा लगाने वाले कन्हैया कुमार को इन्होंने स्टार प्रचारक बनाया है। इन्होंने अलवर के 400 साल पुराने मंदिर को टुकड़े-टुकड़े करने का पाप किया है। कांग्रेस सरकार के काल में अलगाववादी ताकतों के हौसले बुलंद हुए हैं। यही कारण है कि उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या की गई।

### लाखों युवाओं के सपने रौंदे: जोशी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा, मैं इतना कहूंगा कि लूट सके तो लूट ले ये गहलोत सरकार का राज है। साढ़े चार साल तक कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का तांडव मचाया। लाखों युवाओं के सपने रौंदने का काम किया। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि यह वतन परस्तों की जमीन है, लेकिन यहां अभी एक परिवार का कब्जा है। शाले मोहम्मद मंत्री बने, भाई प्रधान बने, प्रमुख बने, उनकी सरपरस्ती में जिस तरह लूट की बात चली वो चिंता की बात है।






# मणिपुर सीएम ने एडिटर्स गिल्ड के खिलाफ एफआईआर कराई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। असम

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार 4 सितंबर को एडिटर्स गिल्ड के मेंबर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। गिल्ड पर राज्य में हिंसा को बढ़ावा देने की कोशिश का आरोप है। इसने एक रिपोर्ट में सरकार की लीडरशिप को पक्षपाती बताया था। बीरेन सिंह ने गिल्ड के तीन सदस्यों पर केस किया है। इन तीनों के नाम सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर हैं। इस मामले में एडिटर्स गिल्ड की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन नहीं आया है। सीएम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं एडिटर्स गिल्ड के मेंबर्स को वॉर्निंग देता हूं। अगर आपको सच जानना है तो घटना वाली जगह पर जाएं। सच्चाई को जानिए। सभी समुदाय के लोगों से मिलिए, फिर जो जानकारी मिले उसे पब्लिश करें। चुनिंदा लोगों से ही मिलकर कोई नतीजा देना गलत है।

### लोगों के पास हथियार होने से राज्य की मुश्किलें बढ़ीं

असम राइफल्स के लेफ्टिनेंट जनरल पीसी नायर ने 1 सितंबर को कहा था- मणिपुर में दोनों जाति के लोगों के पास बहुत सारे हथियार हैं। इससे राज्य मे मुश्किलें बढ़ रही हैं। इस लड़ाई को रोकने की जरूरत है। लोगों को बताना चाहिए कि शांति ही अब आगे का रास्ता है। इस समय मणिपुर में ऐसे हालात हैं जो पहले कभी नहीं देखे गए। ऐसी ही लड़ाई 90 के दशक की शुरुआत में नगा और कुकी और आखिर में कुकी लोगों के बीच हुई थी।

### एडिटर्स गिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में राज्य सरकार पर सवाल उठाए थे

एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, एडिटर्स गिल्ड ने 2 सितंबर को सोशल मीडिया हैंडल X (ट्विटर) पर अपनी रिपोर्ट शेयर की थी। इसके साथ लिखा था कि- यह बात स्पष्ट है कि मणिपुर में हिंसा के समय निष्पक्ष लीडरशिप नहीं हो रही थी। सरकार को इस मामले में किसी एक जाति का पक्ष नहीं लेना चाहिए था। सरकार लोकतांत्रिक रहने में फेल हुई है।

### वन विभाग के ऑफिस में लगी आग को कुकी समुदाय का बताया

एएनआई ने बताया, एडिटर्स गिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में एक फोटो में गलती कर दी। गिल्ड ने चुराचांदपुर जिले में एक जलती हुई इमारत की तस्वीर छापी और दावा किया कि यह कुकी समुदाय का घर है। जबकि यह बिल्डिंग वन विभाग ऑफिस की थी जिसे 3 मई को एक भीड़ ने आग लगा दी थी।

### एडिटर्स गिल्ड ने गलत कैप्शन लिखने पर एफआईआर से पहले मांगी थी माफी

गलत फोटो का मामला सामने आने के बाद एडिटर्स गिल्ड ने रविवार को एक्स (ट्विटर) पर अपनी गलती को स्वीकार किया। गिल्ड ने आगे लिखा- हमें फोटो कैप्शन में हुई गलती के लिए खेद है। इसमें सुधार किया जा रहा है। नई मणिपुर रिपोर्ट अपलोड कर दी गई है।

# महाराष्ट्र सरकार ने मराठा आंदोलनकारियों से माफी मांगी

## फडणवीस बोले, जालना में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण, 1 सितंबर को पुलिस ने लाठीचार्ज किया था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने जालना जिले में मराठा आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर शुक्रवार, 1 सितंबर को लाठीचार्ज के लिए माफी मांगी है। सोमवार को मराठा आरक्षण को लेकर कैबिनेट सब-कमेटी की बैठक के बाद सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान देवेंद्र फडणवीस ने कहा- जालना में जो



कुछ भी हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। हमले में निर्दोष लोग घायल हो गये। मैं सरकार की ओर से माफी मांगता हूं। वहीं, राज्य सरकार की बैठक से पहले मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने शिंदे सरकार को दो दिनों के भीतर मराठा आरक्षण की घोषणा करने का अल्टीमेटम दे दिया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मराठा मोर्चा के संयोजक मनोज ने कहा- राज्य सरकार को दो दिनों के भीतर मराठा आरक्षण को लागू भी करना होगा। इस बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने जालना में मनोज जरांगे से मुलाकात की।

# जयपुर में केजरीवाल ने लॉन्च किया आप का गारंटी कार्ड

* भगवंत मान बोले, हम जुमले वाले नहीं, वही गारंटी देते हैं, जो पूरी कर सकते हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर

आम आदमी पार्टी ने राजस्थान में विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक और? दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान सोमवार को जयपुर में टाउन हॉल कार्यक्रम के दौरान गारंटी कार्ड लॉन्च किया। प्रताप नगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में टाउन हॉल कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शुरू होना था। केजरीवाल और भगवंत मान दोपहर करीब 3.15 बजे पहुंचे। पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा- हम जुमले वाले नहीं हैं। हम वही गारंटी देते हैं, जो पूरी कर सकते हैं। नीयत साफ हो तो सब पूरा हो जाता है। हमने पंजाब में फ्री बिजली करने का वादा किया था। हमसे पूछा कि फ्री



बिजली कैसे दोगे। हमें पता था कि जो हम पर सवाल उठा रहे हैं पैसा तो वहीं से आना है। हमने भ्रष्टाचारियों को पकड़ना शुरू किया तो नोट गिनने की मशीनें मंगानी पड़ी। पैसा तो वहीं रुका था। टाउन हॉल कार्यक्रम में प्रदेश भर से आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पहुंचे हैं। मंच पर आप की पूरी प्रदेश कार्यकारिणी के नेताओं को जगह दी गई है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत महंगाई राहत कैंप लगाकर 10 बड़ी सरकारी योजनाओं के गारंटी कार्ड बांट चुके हैं। दो महीने तक गारंटी कार्ड बांटने का अभियान चलाया था।

### भ्रष्टाचार चरम पर

आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कहा- राजस्थान में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहां के सरकारी दफ्तरों में आम आदमी के जूते घिस जाते हैं, लेकिन उनका काम नहीं होता। अरविंद केजरीवाल ही हैं, जिन्होंने जो कहा वह कर दिखाया है। करप्शन के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने ठोस काम किया। पंजाब सीएम भगवंत मान ने करप्शन के आरोप में अपने ही स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त कर दिया। आप ने इस साल की शुरुआत से ही चुनावी तैयारियों का आगाज कर दिया था। करीब छह महीने पहले ही जयपुर में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने रोड शो किया था। पार्टी ने सभी 200 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर रखी है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों पर पार्टी का खास फोकस है। आप के प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कहा- टाउन हॉल कार्यक्रम के जरिए अरविंद केजरीवाल राजस्थान की जनता से सीधे तौर पर सरोकार रखने वाली गारंटियां देंगे।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)